e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
वर्ष 11, अंक 44
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
बुधवार
14.02.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
कभी किसी से झूठ न बोलें, क्योंकि एक झूठ को छुपाने के लिए 100 और झूठ बोलने पड़ते है।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### विवाहिता को लेकर फरार हुआ सिपाही

**मेरठ :** जनपद के जानी थाने में तैनात सिपाही अलीगढ़ से एक विवाहिता को लेकर फरार हो गया। मंगलवार को महिला के पति ने एसएसपी मेरठ के कार्यालय आकर आरोपित सिपाही के खिलाफ कार्रवाई करने और अपनी पत्नी वापस दिलाने की गुहार लगाई। अलीगढ़ जनपद के सासनीगेट थाना स्थित हनुमानपुरी निवासी वाले सौरभ सिंह पुत्र ओमप्रकाश की शादी करीब तीन साल पहले ज्योत्सना निवासी पवसरा नई बस्ती थाना कासगंज अलीगढ़ के साथ हुई थी। सौरभ सिंह ने बताया कि उसकी पत्नी ज्योत्सना का संपर्क फेसबुक पर एक साल पहले पास के गांव के रहने वाले दीपक यादव से हुआ। दीपक शादीशुदा है और उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही है। इस समय वह मेरठ जनपद के जानी थाने में तैनात है। दीपक की उसकी पत्नी से फोन पर भी बात होने लगी। सौरभ ने पत्नी को समझाने का प्रयास किया तो घर में क्लेश रहने लगा। तीन महीने पहले सिपाही दीपक यादव उसकी पत्नी को लेकर फरार हो गया। जब सौरभ ने सिपाही के बारे में जानकारी की तो उसकी तैनाती जानी थाने में होने का पता चला। मंगलवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचे सौरभ ने आरोपित सिपाही के खिलाफ कार्रवाई करके पत्नी को वापस दिलाने की मांग की। एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने उसे मामले की जांच कराकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

### 29 लाख के सोने के साथ सीमा पर पकड़ी गई महिला

**कोलकाता :** उत्तर 24 परगना के भारत बांग्लादेश सीमा की बॉर्डर आउट पोस्ट पेट्रापोल पर एक महिला को करीब 29 लाख रुपये के सोने के साथ गिरफ्तार किया गया है। उसकी पहचान नाजनीन नाहर के तौर पर हुई है जो मूल रूप से बांग्लादेश के ढाका जिले की रहने वाली है। बीएसएफ की ओर से मंगलवार सुबह जारी बयान में बताया गया है कि सोमवार देर शाम वह आईसीपी पेट्रापोल के जरिए भारतीय सीमा में घुसी थी। सोना तस्करी की पुख्ता सूचना मिलने की वजह से बीएसएफ की महिला बटालियन ने उसकी तलाशी ली तो उसने कपड़े के अंदर सोने के चार बिस्किट छुपा रखे थे। इसका भजन 446.560 ग्राम और कीमत 29 लाख 36 हजार 995 रुपये है। मेटल डिटेक्टर से तलाशी के दौरान बीप की आवाज आई थी, जिसके बाद महिला जवानों ने उसकी तलाशी ली थी। बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत के जनसंपर्क अधिकारी आईजी एके आर्य ने कहा कि तस्करों के हर तरह के मंसूबे को नाकाम करने के लिए जवान सजग हैं। लगातार खुफिया इनपुट पर काम होता है और इस तरह की तस्करी नाकाम हो रही है। उन्होंने कहा कि सीमा पर हर तरह के अपराध को रोक लगाने के लिए बीएसएफ प्रशस्त है।

### मां ने पीट-पीटकर तीन वर्षीय बेटे की हत्या की, गिरफ्तार

**मोरीगांव (असम) :** मोरीगांव के मोइनागुरी गांव में एक महिला ने अपने तीन साल के बेटे रूपक ज्योति बोरदोलोई की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित मां को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित मानसिक रूप से बीमार बताई जा रही है। पुलिस ने मंगलवार को बताया है कि आरोपित महिला ऋामणि कोंवर ने सोमवार को अपने बच्चे रूपक ज्योति बोरदोलोई की पीट-पीट कर हत्या कर दी और उसके शव को बोरे में डालकर बिस्तर में छिपा दिया था। आज जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर आरोपित महिला को गिरफ्तार कर लिया है। परिजनों ने दावा किया है कि हत्या की आरोपित महिला ऋामणि कोंवर मानसिक रूप से बीमार है। उसका मनोरोग संबंधी इलाज चल रहा है।

### रंजन गोगोई असम वैभव पुरस्कार से सम्मानित

**गुवाहाटी :** भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और राज्यसभा सदस्य रंजन गोगोई को मंगलवार को राज्य के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'असम वैभव' से सम्मानित किया गया। समारोह में 21 अन्य लोगों को भी 'असम सौरव' और 'असम गौरव' से सम्मानित किया गया। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी मौजूद रहे। गुवाहाटी के श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र में आयोजित समारोह में राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने न्याय और न्यायशास्त्र के क्षेत्र में योगदान के लिए पूर्व मुख्य न्यायाधीश और राज्यसभा सदस्य रंजन गोगोई को असम के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'असम वैभव' से सम्मानित किया।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्युनतम | 12° |

### किसान आंदोलन : किसानों व पुलिस के बीच झड़प, 5 पुलिस घायल, कई किसानों को भी आई चोट

# जंग का मैदान बना शंभू बार्डर



* किसानों पर ड्रोन के सहारे बरसाए गए आंसू गैस के गोले

**एजेंसी**
**नई दिल्ली :** एमएसपी की कानूनी गारंटी समेत अन्य कई मांगों को लेकर दिल्ली कूच के लिए मंगलवार को शंभू बार्डर पर पहुंचे किसानों को हरियाणा पुलिस की तरफ से चेतावनी दी गई कि धारा 144 लागू है, इसलिए एक साथ इकट्ठा न हो। किसान नहीं माने। जैसे ही उन्होंने बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश की तो पुलिस ने कई किसानों को गिरफ्तार कर लिया। फिर भी किसान नहीं माने, तो ड्रोन के जरिये आंसू गैस के गोले दागे गए। किसानों ने पुलिस पर पथराव किया। किसानों ने ट्रैक्टर-ट्रालियों से टक्कर मार कर कुछ बैरिकेड भी इस दौरान तोड़ दिए। नदी के किनारे ऊंचे करने के लिए लगाई रेलिंग को भी किसानों ने तोड़कर पानी में फेंक दिया। पुलिस की ओर से पूरे दिन में कई बार किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए।

इससे पहले मंगलवार सुबह पंजाब के विभिन्न हिस्सों से ट्रैक्टर-ट्रालियों के काफिले के साथ किसान बड़ी गिनती में शंभू बार्डर के लिए रवाना हुए। इस दौरान हाईवे व प्रमुख सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहने से आम जनता को काफी परेशानी का सामना भी करना पड़ा। दाता सिंह वाला बॉर्डर पर भी लगातार आसु गैस गोले छोड़ने, धुआं उठने, लाठियां चलने तथा पत्थरीबाजी की घटना हुई। इस पत्थरबाजी व लाठीचार्ज में पांच पुलिस कर्मचारी घायल हो गए। कुछ किसानों को भी चोट आई है। घायल पुलिस कर्मचारियों को नागरिक अस्पताल नरवाना में दाखिल करवाया गया है, जबकि किसानों को दूसरे किसान किसी अन्य अस्पताल में ले गए।

### सरकार बातचीत के लिए तैयार केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा



केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने दावा करते हुए कहा कि कुछ लोग नहीं चाहते हैं कि समाधान निकले. कुछ लोग जानबूझकर माहौल खराब कर रहे हैं. मेरी किसानों से अपील है कि ऐसे लोगों से बचें. बातचीत के जरिए हर मुद्दे का समाधान निकाला जा सकता हैं. एमएसपी के मुद्दे पर सरकार का रुख स्पष्ट करते हुए केंद्रीय मंत्री मुंडा ने कहा कि किसानों और उनके संगठनों को भी समझना चाहिए कि सरकार की भी एक पद्धति और मापदंड होते हैं. कई मामले राज्यों से जुड़े होते हैं, उनके साथ भी विचार-विमर्श करना होता है. इसके बाद फिर संगठनों से चर्चा करनी होती है. किसानों को इस पर भी गौर करने की जरूरत है. उन्होंने दोहराया कि सरकार हमेशा उन मुद्दों पर बातचीत के लिए तैयार है, जिन पर सहमति नहीं बन पाई है.

### कांग्रेस की सरकार बनने पर किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाएगा : राहुल गांधी



राहुल गांधी ने किसान प्रदर्शन के बीच कांग्रेस की पहली गारंटी जारी करते हुए कहा है कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर स्वामीनाथन कमीशन के अनुसार न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाएगा. कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए छत्तीसगढ़ पहुंचे राहुल गांधी ने कहा, देश में किसानों को जो मिलना चाहिए, वो उन्हें नहीं मिल रहा है. इसलिए किसान दिल्ली की तरफ जा रहे हैं, लेकिन उन्हें रोका जा रहा है, उनके ऊपर आंसू गैस के गोले दागे जे रहे हैं. किसान सिर्फ ये कह रहे हैं कि हमारी मेहनत का फल हमें मिलना चाहिए.

### संयुक्त किसान मोर्चा ने पीएम मोदी को लिखी चिट्ठी

किसान आंदोलन के बीच संयुक्त किसान मोर्चा ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी. इसमें मोर्चा ने कहा कि सरकार ने हमारी मांगे पूरी नहीं की. ऐसे में इसे जल्द से जल्द से पूरा किया जाए.संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा,आपको हमारी मांग को लेकर बुलाए गए ग्रामीण भारत बंद को लेकर लेटर लिख रहे हैं. हमें उम्मीद है कि आप हमारी 21 सूत्रीय मांग पूरी करेंगे और इसका आपने 9 दिसंबर 2021 को वादा किया था.मोर्चा ने लेटर में लिखा कि हमारी मांग एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी के अलावा, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों व कृषि मजदूरों के लिए पेंशन, कृषि ऋण माफ करने, पुलिस में दर्ज मामलों को वापस लेने, लखीमपुरी खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय, भूमि अधिग्रहण कानून 2013 बहाल करने और पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों के लिए मुआवजे की है.

### दुमका : सीएम ने अबुआ आवास योजना के 25385 लाभुकों को सौंपा स्वीकृति पत्र

# 20 लाख लोगों को देंगे पक्का मकान : चम्पाई सोरेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**रांची :** वर्ष 2027 तक झारखंड में हर किसी का अपना मकान का होगा। कोई भी व्यक्ति झुग्गी-झोपड़ी, टूटे - फूटे और जर्जर घर में रहने को मजबूर नहीं होगा। सभी को तीन कमरे का पक्का मकान मिलेगा। राज्य सरकार ने अपने बलबूते 20 लाख गरीब, जरूरतमंद और आवासविहीन लोगों के अपने आशियाना होने के सपने को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन आज दुमका जिले के जामा प्रखंड स्थित कमार दुधानी में आयोजित ÷अबुआ आवास योजना÷ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने दुमका के 9827, जामताड़ा के 5711 और देवघर जिला के 9847 लाभुकों को अबुआ आवास का स्वीकृति पत्र प्रदान किया और उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से पहले किस्त की राशि के रूप में 76 करोड 15 लाख 50 हजार रुपए हस्तांतरित किए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट तौर पर कहा कि अबुआ आवास योजना का गलत तरीके से लाभ लेने वालों और बिचौलियों के साथ इसमें संलिप्त अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस योजना के तहत गरीब, जरूरतमंद और आवास विहीन लोगों को पक्का मकान दिया जाना है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश है कि वे पूरी पारदर्शिता के साथ प्राथमिकता सूची के तहत लाभुकों को मकान स्वीकृत करने की कार्रवाई करें।

**आपके हर सुख-दुःख में सरकार आपके साथः** आपने इस सरकार को चुना है। यह आपकी सरकार है। ऐसे में आपकी उम्मीदों, आकांक्षाओं अरमानो और विश्वास को हम टूटेंगे नहीं देंगे।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि इस राज्य में किसी से कोई भेदभाव नहीं होगा। हर किसी को पूरे मान-सम्मान के साथ उनका हक और अधिकार मिलेगा। इसमें किसी भी प्रकार का कोई लापरवाही अथवा कोताही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थितिः** इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद विजय हांसदा, विधायक नलिन सोरेन, डॉ स्टीफन मरांडी, सीता सोरेन,प्रदीप कुमार यादव, बसंत सोरेन,इरफान अंसारी, दिनेश विलियम मरांडी, जिला परिषद अध्यक्ष जॉयस बेसरा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर सहित राज्य सरकार के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सोनिया गांधी राज्यसभा के लिए आज करेंगी नामांकन



**एजेंसी**
**नयी दिल्ली:** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पहली बार राज्यसभा जाएंगी. उनका राजस्थान से राज्यसभा जाना तय है. सोनिया गांधी बुधवार 14 फरवरी को नामांकन करने जाएंगी. इस दौरान राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे भी उनके साथ जाएंगे. दरअसल, देश के 15 राज्यों में 56 राज्यसभा सीटों पर चुनाव होना है. इसके लिए 29 जनवरी को घोषणा की गई थी. इन 56 सीटों के लिए 27 फरवरी को चुनाव कराया जाएगा. इनमें से राजस्थान की तीन सीटों पर सदस्यों का चुनाव होना है. राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो गई है. बता दें कि राजस्थान से पूर्व मुख्यमंत्री मनमोहन सिंह राज्यसभा सदस्य चुने गए थे. हालांकि इस बार उन्होंने आगे सदस्य बनने से इनकार कर दिया है, जिससे अब मनमोहन सिंह का कार्यकाल पूरा होने के बाद ये सीट खाली होने जा रही है. कांग्रेस की इस सुरक्षित सीट पर चुनाव के लिए नए उम्मीदवार की घोषणा करनी थी. इसके लिए सोनिया गांधी का नाम प्रस्तावित किया गया है. जिन 56 सीटों के लिए चुनाव होना है, उनमें से 10 सीटें कांग्रेस के लिए सुरक्षित हैं. यानी इन सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवार का चुना जाना पक्का है. इन्हीं में राजस्थान की एक सीट भी आती है. इसी सीट से सोनिया गांधी पहली बार राज्यसभा जाएंगी.

# बोकारो में मुठभेड़, पुलिस ने चलाया सर्च अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**बोकारो :** जिले के बेरमो अनुमंडल के अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के चुट्टे पंचायत के गिंधौनीय जंगल के चैयताड़ और दंडरा के बीच मंगलवार को नक्सलियों और पुलिस सीआरपीएफ और जगुआर के बीच जमकर मुठभेड़ हुई। हालांकि, मुठभेड़ के बाद नक्सली घने जंगल का फायदा उठा कर भाग खड़े हुए लेकिन नक्सलियों और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ के बाद पुलिस पूरे इलाके में गहन सर्च अभियान चला रही है। यह मुठभेड़ एरिया कमांडर कुंवर मांझी और जोनल कमांडर बिरसेन उर्फ काना उर्फ चंचल दा के दस्ते और पुलिस बलों के बीच हुई। जंगल के रास्ते में 12 से 14 हथियारबंद नक्सली थे। इस संबंध में बोकारो एसपी प्रियदर्शी आलोक ने बताया कि जोनल कमांडर बिरसेन के दस्ते के जंगल में होने की सूचना मिली थी। इस सर्च अभियान में सीआरपीएफ, जिला पुलिस एवं झारखंड जगुआर की टीम शामिल थी। इसी दौरान सुबह आमना-सामना हुआ और दोनों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद पूरी फोर्स का सर्च अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि कितने राउंड गोली चली है, क्या बरामद हुआ है अभी तक पता नहीं चल पाया है। क्योंकि, पूरी टीम सर्च अभियान में लगी हुई है।उन्होंने कहा कि बोकारो जिले से नक्सलियों के पांव पूरी तरह से उखड़ चुके हैं। जिले में नक्सलियों की पकड़ कमजोर हो गई है। हताशा में नक्सली अब इस तरह की घटना को अंजाम दे रहे हैं। नक्सली अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए पुलिस के साथ मुठभेड़ कर रहे हैं।

# अबू धाबी पहुंचे पीएम मोदी, भारत यूएई के बीच हुए अहम समझौते



**एजेंसी**
**अबू धाबी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के दौरे पर संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबूधाबी पहुंचे. यहां वे पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे. प्रधानमंत्री बनने के बाद से अब तक यूएई का उनका ये सातवां दौरा है. पीएम मोदी सबसे पहले 2015 में यूएई के दौरे पर गए थे. ये 34 साल में पहली बार था, जब कोई भारतीय प्रधानमंत्री यूएई के दौरे पर गया था. मंदिर के उद्घाटन से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएई में भारतीय समुदाय को संबोधित भी किया. इस दौरान मोदी-मोदी, मोदी है तो मुमकिन है और भारत माता की जय के नारों से आसमान गूंज उठा. पीएम मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से कई मुद्दों पर चर्चा की. दोनों नेताओं के बीच कनेक्टिविटी से लेकर फिनटेक और डिजिटल सहित विभिन्न क्षेत्रों में अहम समझौते हुए. साथ ही यूपीआई रुपे कार्ड सेवा शुरू की गई.राष्ट्रपति नाहयान ने अबू धाबी में सेवा की शुरुआत करते हुए अपने नाम से उभरा हुआ एक कार्ड स्वाइप किया.मोदी ने राष्ट्रपति नाहयान से कहा,हम मेरे यूपीआई रुपे कार्ड और आपके जयवान कार्ड की पेशकश के साथ एक नए फिनटेक युग की शुरुआत कर रहे हैं. उन्होंने इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अबू धाबी में आईआईटी दिल्ली-अबू धाबी कैंपस के पहले बैच के स्टूडेंट्स से मुलाकात की. मोदी ने यहां कहा कि यह कैंपस न सिर्फ दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के नए अध्याय की शुरुआता है बल्कि इससे दोनों देशों के युवाओं को एक प्लेटफॉर्म पर लाने का मौका भी मिला है.

# बारिश से अस्त-व्यस्त हुआ जनजीवन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**रांची**. झारखंड में मौसम का मिजाज एक बार फिर यू टर्न ले चुका है. राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में मंगलवार को बारिश हुई. पश्चिमी विक्षोभ के कारण बारिश हो रही है. रांची सहित कई जिलों में लगातार बारिश हो रही है. 15 फरवरी तक बारिश होने का पूर्वानुमान जताया गया है. 16 फरवरी से मौसम साफ होने का पूर्वानुमान है. मौसम विभाग ने रांची, पलामू समेत कई जिलों में ओलावृष्टि का पूर्वानुमान जताते हुए अलर्ट जारी किया है. रांची में ठंडी हवा चलने से सुबह व शाम के समय ठंड महसूस हो रही है. राज्य के कुछ जिलों में बारिश होने के कारण फिर से ठंड बढ़ोत्तरी हो सकती है. मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आ रहे बदलाव के मद्देनजर येलो अलर्ट जारी कर दिया गया है. मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य के कई जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है.विभाग की ओर से अलर्ट जारी करते हुए बताया गया है कि राज्य के कुछ जिलों में ओलावृष्टि की संभावना है. इनमे पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार जिला शामिल है. इन जिलों में ओलावृष्टि की प्रबल संभावना जताई गयी है. इन जिलों के लिए विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. जबकि गुमला, लोहरदगा, रांची, कोडरमा, हजारीबाग में ओलावृष्टि की संभावना व्यक्त की गयी है. इस दौरान ओलावृष्टि के साथ-साथ इन जिलों में वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है.

# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने बंगाल सरकार से रिपोर्ट मांगी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली की स्थिति पर पश्चिम बंगाल सरकार से रिपोर्ट मांगी है। यहां फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां और उसके सहयोगियों पर अनुसूचित जाति की महिलाओं ने उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया था। संदेशखाली में बढ़ती अशांति को देखते हुए शनिवार से निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है और इंटरनेट के इस्तेमाल पर अनिश्चितकाल के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की एक टीम ने उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट उपमंडल का दौरा किया, जिसके अधिकार क्षेत्र में संदेशखाली आता है। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में महिलाओं द्वारा फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां और उसके सहयोगियों द्वारा उत्पीड़न और छेड़छाड़ की हरकत करने के बाद एनसीएससी ने इसका संज्ञान लिया है। आयोग का एक दल गुरुवार को वहां का दौरा करेगा।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद
अब हृदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है
78083 68888
www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## सरस्वती पूजा आज, सभी शैक्षणिक संस्थानों में बिराजेगी मां

**विश्रामपुर (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विद्या की देवी मां सरस्वती पूजा बुधवार को होगा.क्षेत्र के सभी शैक्षणिक संस्थानों में प्रतिमा स्थापित कर मां सरस्वती की विशेष पूजा अर्चना किया जायेगा.जिसकी सारी तैयारी भी पूरी कर ली गई है.कारीगरों द्वारा पूजा पंडाल को अंतिम रूप दिया जा रहा है.रेहला संत पॉल कांवेंट स्कूल में डिजिटल पूजा पंडाल बन रहा है.जो क्षेत्र के लोगों को आकर्षित करेगा.स्कूल के



निदेशक एस एम एस्ले ने बताया कि पंडाल और प्रतिमा निर्माण हेतु बाहर से कारीगर बुलाया गया है.इधर विश्रामपुर रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय,रेहला ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल,ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल के बेलचम्पा और रेहला शाखा,बी मोड़ आरएनडीपीएस स्कूल,विश्रामपुर मॉडर्न संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल,रेड रोज पब्लिक स्कूल तथा आरापुर विवेकानंद पब्लिक स्कूल में भी तैयारी अंतिम चरण में है.इस अवसर पर कई शैक्षणिक संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है।

## विद्या मंदिर जपला में नवीन प्रधानाचार्य के रूप में कुशजी पाण्डेय ने पदभार ग्रहण किया



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विद्या भारती, झारखंड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,जपला में नवीन प्रधानाचार्य के रुप में कुशजी पाण्डेय ने योगदान देते हुए पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नए प्रधानाचार्य का स्वागत विद्यालय प्रबंध कारणी समिति के सचिव राकेश कुमार तिवारी, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने संयुक्त रुप से पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र प्रदान कर किया।प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने कहा कि इस विद्यालय में आगमन के पूर्व जैना मोड़, बोकारो में कार्यरत थे। मैं इस विद्यालय के शैक्षिक उन्नयन एवं विद्यालय विकास हेतु प्रयत्नशील रहूंगा।उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले यह मेरा पूरा प्रयास रहेगा। योगदान के बाद शिक्षक व स्कूल के कर्मियों से परिचय प्राप्त किया।वहीं प्रभारी प्रधानाचार्य ने कहा कि प्रधानाचार्य जी कुशल प्रशासक एवं अनुशासन प्रेमी हैं।इस मौके पर राजेश्वर सिंह यादव, जयनारायण सिंह,मृत्युंजय प्रसाद, रंजीत मिश्र,दीपक पाण्डेय,मीडिया प्रभारी अभिषेक पाठक सहित सभी आचार्य, दीदी जी उपस्थित थे।

## बहुमत सिद्ध करने पर एनडीए गठबंधन को जदयू जिला अध्यक्ष ने दि बधाई

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बहुमत सिद्ध कर खेल करने वालों को खेल बिगाड़ दिया उक्त बातें जदयू के जिला अध्यक्ष नेजामुद्दीन कुरैशी ने कहा।उन्होंने एनडीए सरकार को बहुमत सिद्ध करने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित एनडीए के सभी विधायकों को बधाई दिया।



# पांकी के भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता के बयान का किया विरोध

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जिले के पांकी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने बीते सोमवार को सड़क दुर्घटना के आरोपित को जिंदा जला देने या पीट-पीट कर हत्या कर देने की बात कही थी। उनके इस बयान पर कांग्रेस नेता रुद्र शुक्ला समेत अन्य लोगों ने मंगलवार को विरोध जताया और विधायक पर कार्रवाई की मांग की है।रुद्र शुक्ला ने कहा कि विधायक का मानसिक संतुलन खराब हो गया है। संविधान की कसम खाने वाले विधायक यदि कोर्ट और संविधान को भूल जाएं तो इससे बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण और क्या हो सकता है? आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने इस मामले में कहा कि मृतक के परिजनों के प्रति उनकी गहरी संवेदना है और हम सभी लोगों को कानून -संविधान और प्रशासन पर विश्वास करना चाहिए।



उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। जहां तक बात पांकी विधायक का है तो उनका दिमाग खराब हो गया है। वे लोगों को भड़काना चाहते हैं और राजनीति रोटी सेंकना चाहते हैं। लाश पर राजनीति अच्छी बात नहीं है। सभी लोग धैर्य से काम लें। कानून काम करेगा। दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। हमलोग वरीय अधिकारी से मिलकर बात रखेंगे। इस बाबत जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि विवादित बयान देने से संबंधित मामला उनके संज्ञान में नहीं आया है। किसी ने इस संबंध में कोई लिखित आवेदन नहीं दिया है। इस संबंध में किसी तरह का आवेदन या फिर जानकारी दी जाती है तो कार्रवाई की जायेगी। उल्लेखनीय है कि जिले के पांकी थाना क्षेत्र के तेतराई नहर के पास सोमवार की दोपहर जाइलो कार चालक बलमुआ के मो. नौशाद ने बाइक सवार दो सगे भाइयों को रौंद दिया था। हादसे में भुइयां कुरहा के विनोद सिंह की मौके पर मौत हो गयी थी जबकि रामा सिंह को रांची रिम्स रेफर किया गया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने पीड़ित परिजनों के साथ पांकी में कर्पूरी चौके के पास कई घंटे तक सड़क पर जाम लगा रखा था। इस दौरान पांकी विधायक शशिभूषण ने विवादित बयान दिया था। इससे पहले भी वे मुस्लिमों को लेकर विवादित बयान दे चुके हैं।

## सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ करा कर राकेश ने निभाया वादा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** विगत दिनों डाल्टनगंज 76 विधानसभा अंतर्गत जोंड में एक पंचायत स्तरीय जनसंवाद का कार्यक्रम वहाँ के स्थानीय ग्रामीणों द्वारा किया गाया था । जिसमें राकेश तिवारी को ग्रामीणों ने मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था। संवाद के दौरान पूर्वडीहा के ग्रामीणों ने वर्षो से इस सड़क के ख़स्ताहाली की कहानी राकेश को सुनायी। कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सह पलामू प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव भी मौजूद थे।राकेश तिवारी ने उनसे मंत्रणा की और इस सड़क के निर्माण को अपने निजी कोस से कराने का भरोसा दिया जिसपर ग्रामीणों ने भी उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। कल रविवार को पलामू प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव की उपस्थिति में राकेश तिवारी और उनकी टीम इस सड़क का दौरा करने पहुँची और इसका कार्य प्रारम्भ करवाया।कई ट्रैक्टरों के माध्यम से यहाँ मिट्टी की भरायी और लेबलिंग का काम शुरू हुआ जिसका उपस्थित ग्रामीणों ने हर्ष ध्वनि के साथ स्वागत



किया। कई वरिष्ठ ग्रामीणों ने बताया की कई बार आग्रह करने के बाद भी स्थानीय विधायक ने उनकी नहीं सुनी और एक बार कहने के बाद ही राकेश जी के सौजन्य से यहाँ कार्य प्रारंभ हो गया।उन्होंने कहा की राकेश जी को इस कार्य में हम सब बढ़ चढ़ कर सहयोग करेंगे और इस सड़क को एक मॉडल सड़क बनायेंगे। बताते चलें कि आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र चौबे के मार्गदर्शन में पिछले महीनों में जिस तरीक़े से राकेश तिवारी ने क्षेत्र के जनसमस्याओं का समाधान निजी स्तर पर करना प्रारंभ किया है, एक बड़ा तबका इस बात की वकालत करने लगा है की इस बार डाल्टनगंज को ऐसे ही युवा और जुझारू विधायक की आवश्यकता है।

# संत मरियम स्कूल के रौशन कुमार ने किया झारखंड का नाम रौशन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** छत्तीसगढ़ के दुर्ग में दिनांक 4 से 7 फरवरी को स्कूल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 67वा नेशनल खेल का आयोजन किया गया था। जिसमें मेदिनीनगर स्थित संत मरियम स्कूल के रौशन कुमार ने अंडर 17 में टीम फैरी सोती खेलते हुए दिल्ली और गुजरात के गतका खिलाड़ियों को हराते हुए कांस्य पदक जीता। जीत के पश्चात अपने मातृभूमि लौटने पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ,प्रबंधक कमिटी एवं सभी शिक्षकों ने विद्यालय प्रार्थना सभा में रौशन कुमार को सम्मानित किया। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा की पलामू जैसे अति पिछड़े




जिलों से निकलकर भारत के मानस पटेल पर छा जाना वाकई काबिल ए तारीफ है । अब वह दिन दूर नहीं जब पलामू जैसे जिलों से भी राष्ट्रीय स्तर के भिन्न-भिन्न खेलों में खिलाड़ी उभर कर सामने आएंगे और पलामू की प्रतिभा को विश्व के मानस पटेल पर लहराएंगे । संत मरियम स्कूल अपने स्कूल में अध्यनरत छात्रों को विभिन्न विधाओं में पारंगत करने हेतू प्रतिबद्ध है । आने वाले समय में स्कूल के शिक्षक के मार्गदर्शन और विद्यार्थियों के कड़ी मेहनत से स्कूल विभिन्न क्षेत्र में एक नई मुकाम हासिल करेगा। उक्त मौके पर खेल प्रशिक्षक सुमित वर्मन, समन्वयक अमरेंद्र श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक मौजूद रहे।

# दस्तारबंदी के अवसर पर शहनशाहे- बतहा कांफ्रेंस का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धुरकी :** प्रखंड मुख्यालय स्थित मदरसा दारूल उलूम गौसिया नूरिया के परिसर में मदरसे में अपनी पढ़ाई पूरी कर चुके 15 कारी व 9 हाफिजों के दस्तारबंदी के अवसर पर शहनशाहे- बतहा कांफ्रेंस का आयोजन सोमवार को रात्रि में किया गया ! दस्तारबंदी हो चुके सभी कारी और हाफिज को हजरत नईम ए -मिल्लत व नसीर-ए -मिल्लत के द्वारा सर्टिफिकेट दिया गया, इस अवसर पर यूपी के कानपुर से शायर नूर अली नूर, पलामू से जमाल अख्तर,फैजान रजा बिहार औरंगाबाद से नौशाद अम्बर, मुफ्ती रौशन रजा मिस्बाही अजहरी, उड़ीसा कटक से सहाबुद्दीन सकाफी,छत्तीसगढ़ से मौलाना अनवर,बिहार गया से मौलाना कासीफूल होदा के द्वारा एक से बढ़कर एक नातिया कलाम पेश किया गया वही शायर नूर अली नूर ने सरकार के जैसा कोई नही. आका के जैसा कोई नहीं नात पेश कर जलसा में जुटी भीड़ को झूमने पर मजबूर कर दिया, वही उक्त आलिमो के द्वारा यह बताया गया की शिक्षा के बिना हम अधूरे है उन्होंने कहा की हमारे नबी ने अपनी उम्मत और दुनिया को यह सिख दी है कि इस्लाम



धर्म प्यार मोहब्बत और आपसी भाईचारा का संदेश देने वाला है ,वही उन्होंने कहा की आज दिन-ए-राह पर चलने की सीख देने वाले इस मदरसे से एक साथ 23 लोगों को सर्टिफिकेट दिया गया है वही जेएमएम के युवा नेता ताहिर अंसारी ने कहा की आज के दौर में दिनी तालीम जितना लड़को को जरूरत है उतना ही जरूरी हमारी बेटियों के लिए भी है, वही जमाल अख्तर ने मंच का संचालन करने के दौरान लोगों को दिल जीत लिया और प्यारे शब्द में शायर पढ़ा की, इबादत साथ जायेंगी न तखवा साथ जायेगा, लेहत में सिर्फ आका का वसीला साथ जायेगा,खुदा ये चाहता है उनका शानी हो न शाया हो जिधर जाये नबी बादल का टुकड़ा साथ जायेगा।

# वरिष्ठ भाजपा नेता सह पूर्व सचिव ललन सिंह के आकस्मिक निधन पर जताया शोक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** एके सिंह कॉलेज जपला के प्रमुख दानदाता सह पूर्व सचिव ललन सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक जताया गया।प्रोफ़ेसर सौरभ सिंह ने बताया की एके सिंह कॉलेज जपला का स्थापना वर्ष1984 में हुई थी। कॉलेज 97-98 के बाद आर्थिक तंगी के कारण बन्द हो गया था । 2006-2007 में ललन सिंह के प्रयास से बंद कॉलेज को पुनर्जीवित कर आज इस मुकाम पर पहुचाया जहाँ प्रतिवर्ष हजारो छात्र,छात्रायें उतीर्ण हो रहे है। कॉलेज के संचालन में उन्होने तन मन धन लगाकर कॉलेज को विश्विद्यालय के सबसे शीर्ष स्थान पर बनाए रखा था। उनका मानना था की पलामू जिला से 75 किलोमीटर दूर जपला में मुख्य रूप से लड़कियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कोई काठिनाइयो का सामना न करना पड़े इसलिए उन्होने कॉलेज बनाने में अहम भूमिका निभाए थे। उनका सपना था की हर घर की लड़के,लड़किया अपने घर से नजदीक कॉलेज मे उच्च शिक्षा प्राप्त कर अच्छे पद पर नौकरी प्राप्त कर अपने अनुमंडल का पूरे राज्य में नाम रोशन करे। उन्होने समय समय पर कॉलेज में शिक्षक और कर्मचारियों का बहाली कर झारखण्ड सहित बिहार के लोगों को भी रोजगार मुहाया कराए थे। उनका सोच बहुत ही उच्च था वे



भविष्य को देखते हुऐ प्लान बनाते थे। उन्होने बताया की ललन बाबू के अन्त्येष्टि संस्कार में हजारों गरीब गुरबे, सभी वर्गो के लोग , सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता भाग लिया। सबों ने नम एवं अ?श्रुभरी आंखों से श्रद्धांजलि दी। जपला के भूमि के लिए यह एक ऐतिहासिक परिदृश्य था। सौभाग्य से उन्हें अठारह उन्नीस वर्ष की आयु से ही समाज को सेवा करने का मौका मिला।उनकाजीवन वर्तमान एवं भविष्य के सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओ के लिए अनुकरणीय, आचरणीय, पठनीय एवं पालनीय है। नशामुक्त, अपराधमुक्त और कुचलन मुक्त जीवन जीया। सभी सम्पदायो एवं साधन शक्ति रहने के बाबजूद भी वे सभ्य एवं सामान्य नागरिक के तरह जीवन जीये । उनके पास लोग बेहिचक एवं विश्वास के साथ अपने समस्याओं को लेकर जाते थे और वे सम्मानपूर्वक समाधान करते थे। वे युवाकाल से संघर्षशील एवं प्रगतिशील स्वभाव के थे। मेहनत एवं सद्बुद्धि से जीवन के हर क्षेत्र में प्रगति किया और समाज के लिए कार्य किया चाहे वह गृहस्थ का क्षेत्र हो, समाज का क्षेत्र हो, व्यवसाय का क्षेत्र,सेवा कार्य का क्षेत्र हो या शिक्षा का क्षेत्र हो। सभी क्षेत्रों में वे आगे रहे।क्षण भर में समस्याओं का समाधान ढूंढ निकालते। उनके द्वारा ए.के . सिंह डिग्री कॉलेज का पुनःस्थापित होना हुसैनाबाद एवं हरिहरगंज क्षेत्र के वासियों के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। वे समर्पित एवं स्वार्थ रहित होकर कार्य करत थे। सर्वे भवन्तु सुखिन उनके जीवन का आदर्श रहा। उनकी सहनशीलता एवं त्याग शीलता असीमित एवं अपरिमित थी। अतः उनका जीवन उच्च कोटि एवं सार्थक रहा उनके प्रति यही सच्ची श्रद्धांजलि है। प्रो रविन्द्र सिंह ने बताया की उनको असमय चला जाना हमलोगो की व्यक्तिगत छति है हमलोग उनके पद चिन्हों पर चल कर आगे बढ़ेंगे और जीवन में आत्मशात करेंगे, उनके अधूरे सपनों को पूरा करेंगे। यही हमलोगो की सच्ची श्रद्धांजली होगी। शोक व्यक्त करने वाले मे प्रो इंद्रा सिन्हा प्रो आनंद कुमार, प्रो मुकेश सिंह, प्रो मालती सिंह, प्रो सत्येन्द्र कुमार चंदेल, प्रो सतीश प्रसाद, प्रो रानी सिंह प्रो रवि, प्रो अंकित,दबेंद्र गुप्ता, रमेश सिंह, ,संजीत, अनिमेष, प्रणीत, सदाम, मुन्ना का नाम प्रमुख है।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ राहुल गांधी आज विश्रामपुर विस क्षेत्र में करेंगे प्रवेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू) :** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ बुधवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी विश्रामपुर विस क्षेत्र में प्रवेश करेंगे.रेहला थाना चौक के पास श्री गांधी का कांग्रेसी भव्य स्वागत करेंगे.बी मोड़ पर राहुल गांधी जनसभा को संबोधित करेंगे.फिर पड़वा मोड़ के रास्ते नावा बाजार चले जायेंगे.इधर राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा में सुरक्षा का भी व्यापक प्रबंध जिला प्रशासन द्वारा किया गया है. गांधी के आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन चौकस है.इसके लिए कई दंडाधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं.पलामू कांग्रेस कमेटी द्वारा भी भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता हेतु व्यापक तैयारी की गई है.

**रेहला से पड़वा मोड़ के बीच कई तोरण द्वार**

राहुल गांधी के स्वागत हेतु रेहला से पड़वा मोड़ तक कई तोरण द्वार बनाया गया है.सड़क किनारे सैकड़ों की संख्या में होर्डिंग कटाउट लगाया गया है.विश्रामपुर विस क्षेत्र के संभावित सभी प्रत्यासी



अपना अपना होर्डिंग कटाउट लगा चुके हैं.बी मोड़ चौक तो होर्डिंग कट आउट से पटा हुआ है.

**झारखंड की राजनीत में मिल का पत्थर साबित होगा भारत जोड़ो न्याय यात्रा : संतोष चौबे**

कांग्रेस के वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे ने कहा कि राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा झारखंड की राजनीत में मिल का पत्थर साबित होगा.जिसका असर 2024 के लोक सभा चुनाव में दिखेगा. चौबे मंगलवार को कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे.उन्होंने बताया कि बुधवार को तीन बजे भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ राहुल गांधी पलामू के रेहला में प्रवेश करेंगे. बी मोड़ मे जनसभा को संबोधित करेंगे.उसके बाद पड़वा मोड़ के रास्ते नावा बाजार जायेंगे और वहां भी एक जनसभा को संबोधित करेंगे.नावा मे रात्रि विश्राम भी करेंगे. चौबे ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा की ऐतिहासिक सफलता हेतु विश्रामपुर प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र कुमार शुक्ला उर्फ गुड्डू शुक्ला, विश्रामपुर नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय, उंटारी प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह, पांडू प्रखंड अध्यक्ष सच्चितानंद शुक्ला, नावा बाजार प्रखंड अध्यक्ष मीर खुर्शीद आलम सहित पूरी कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक के दिशा निर्देश में कार्य कर रही है.मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष आलोक चौबे, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र चौबे, सचिन, संजीत चौबे, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष इरशाद अहमद, जिला सचिव नियाजउद्दीन अंसारी, इलियास संसारी, कमाख्या राम, गोपाल चौधरी, शिवनाथ राम ,चुटारी राम, भारत यादव, विनोद दीक्षित, रविंद्र दीक्षित, अखिलेश राम,विपिन सिंह सहित कई कांग्रेसी नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सड़क की स्थित जर्जर, प्रशासन व जनप्रतिनिधि मौन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरा पलामू :** पिपरा प्रखंड का मुख्य मार्ग दुबटिया जपला पथ की स्थिति दिन प्रतिदिन जर्जर होते जा रहा है वर्षो से सड़क निर्माण के लिए आमजनता जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन से गुहार लगाती रही है. लेकिन आज तक जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन के कानों पर जु तक नहीं रेंगा. पिपरा प्रखंड क्षेत्र के आम जनता असहाय महसूस करती है. ना हीं जनप्रतिनिधि ना शासन प्रशासन किसी को भी आम जनता की परेशानियों से कोई मतलब नहीं है. हल्की बारिश हो जाने के बाद भी सड़क की स्थिति चलने क्या रेंगने लायक भी नहीं रह जाती है लेकिन अब यह समझ नहीं आता कि यहां के लोग अपनी समस्या बताएं किसे इनकी समस्याओं का निदान करेगा कौन. वार्ड से लेकर विधायक तक प्रखंड विकास पदाधिकारी से लेकर



पलामू उपायुक्त तक सभी लोगों को इस सड़क की स्थिति का वर्षो से भली-भांति पता है. लेकिन किसी के द्वारा कोई भी पहल नहीं किया जा रहा है. जो भी लोग आते हैं आश्वासन देकर ही चले जाते हैं. प्रखंड क्षेत्र की मुख्य समस्या सड़क एवं अस्पताल की है. जिसका फिलहाल समाधान होते हुए दिखाई नहीं पड़ रहा है. प्रखंड बने हुए दो दशक होने जा रहे हैं. लेकिन बुनियादी सुविधाओं से अभी भी यहां के लोग वंचित है. स्थानीय लोगों ने माननीय विधायक कमलेश कुमार सिंह पलामू उपायुक्त स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रखंड प्रशासन से हाथ जोड़कर गुहार लगाया है कि इस गंभीर समस्या का निदान जल्द से जल्द निकाला जाए. हम लोग आंदोलन कर कर के भी थक गए हैं बेबस एवं असहाय महसूस कर रहे हैं।

### अबुआ आवास योजना : बीडीओ ने नही लिया महिलाओं का आवेदन, कहा

# मेरे बस का नही है कुछ : बीडीओ

**कुशदण्ड पंचायत में अनियमितता का मुखिया ने किया खुलासा**

**एससी,एसटी - 43 मिलना था, मिला 28, मोरिनिरिटी-09मिलना था, मिला 35, ओबीसी-30 मिलना था, मिला 21, सामान्य -04 मिलना था, मिला 02**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** कुशदण्ड पंचायत के दर्जन भर महिलाओं ने सोमवार को नगर उंटारी के प्रभारी बीडीओ संजय कुमार को आवेदन देकर पंचायत में अबुआ आवास के वरीयता सूची में भारी अनियमितता को लेकर शिकायत किया है। जिसमें पंचायत के कोल्हुआ और अधौरी ग्राम के गरीब, विधवा,विकलांग प्राथमिकता सूची में ग्रामीणों का नाम सूची में शामिल नही किया गया है।गुर्जर पंचायत को मिले अब वह आवास के लक्ष्य में 86 आवास में मंत्र तीन व्यक्ति अधूरी के विकलांग विधवा हम गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर करने वाले किसी भी व्यक्ति का नाम प्राथमिकता सूची में नहीं है महिलाओं ने बीडीओ को दिए आवेदन में उपर्युक्त शिकायतों को लेकर अनुरोध किया गया है कि उपरोक्त शिकायत पर ध्यान देते हुए पंचायत के सभी योग्य लाभुकों को केटेगरी के अनुपात में अबुआ आवास की प्राथमिकता सूची में शामिल किया जाए। इस संबंध में पंचायत की मुखिया रेखा कुमारी ने बताया कि प्रभारी बीडीओ संजय कुमार पहले तो महिलाओं से मिलने को तैयार नही थे।मेरे काफी



मिन्नतों के बाद तैयार भी हुए तो उन्होंने महिलाओं की एक नही सुनी।उन्होंने सिर्फ महिलाओं को अपनी सुनाया।शिकायत के संबंध में उन्होंने अपने दोनों हाथ ऊपर कर दिए।कहा कि मेरे बस की कोई बात ही नही।उन्होंने कहा कि लोगो के साथ उनका व्यवहार ठीक नही रहा है।जैसे वे झुंझलाहट में रहते है। पदाधिकारी तो इनके जैसे नही होते है।इनसे पहले भी बीडीओ थे। पर इनके जैसा नही थे।आवेदन देने वाली महिलाओं में कांता देवी, देवंती देवी, मानकुवर, मीना देवी, लालो देवी, शारदा देवी, बसंती देवी, रीना देवी, उषा देवी, ममता देवी, शिखा कुमारी, पिंकी देवी, अनीता देवी, अमरावती देवी, सोनी देवी, शीला देवी, सुषमा देवी, मोहरमती देवी, सोनी देवी, रीता देवी, कविता देवी, आरती देवी, पूजा देवी, अमृता देवी, उमेश राम (विकलांग) के नाम शामिल है।नगर उंटारी प्रखंड के कुशदण्ड पंचायत में 86 अबुआ आवास का आवंटन किया गया है।सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन में एससी तथा एसटी को 50 प्रतिशत,मोइनिरिटी को 10प्रतिशत,ओबीसी को 35प्रतिशत तथा सामान्य को 5प्रतिशत अबुआ आवास का आवंटन करने का निर्देश प्राप्त है।जब कि इसके एकदम उल्टा जब कि एससी, एसटी को 50प्रतिशत के हिसाब से 43 अबुआ आवास का आवंटन होना चाहिए।लेकिन एससी, एसटी को मात्र 28 अबुआ आवास का आवंटन ही किया गया है।जब कि मोइनिरिटी में 10प्रतिशत के हिसाब से 9 आवास मिलना चाहिए।लेकिन मोइनिरिटी को लक्ष्य से चार गुना 35 आवास आवंटित किया गया है।ओबीसी को 30 अबुआ आवास का आवंटन होना चाहिए, जब कि ओबीसी को मात्र 21 अबुआ आवास का आवंटन किया गया है। सामान्य केटेगरी में 3 अबुआ आवास मिलना चाहिए लेकिन मात्र 2अबुआ आवास ही अवांटित किया गया है। जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

## संक्षिप्त खबरें

### ईडी ने पिंटू के करीबी रमेश के ठिकानों पर छापेमारी की

**रांची।** शहर में मंगलवार को ईडी की टीम ने छापेमारी कर हंडकप मचा दी है। झारखंड में एक अंतराल पर छापेमारी का सिलसिला पिछले एक साल से जारी है। दरअसल ईडी रिमांड पर लेती है, पूछताछ के दौरान लीड मिलता है और उसे आधार पर फिर से छापामारी शुरू हो जाती है। ईडी की टीम रांची में कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। इसमें पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और उनके रहे प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू से जुड़े उनके करीबियों के ठिकाने शामिल है। हालांकि इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हो रही है। जानकारी के अनुसार ईडी की टीम अशोकनगर और कोकर में जमीन कारोबारी रमेश गोप के ठिकानों पर छापेमारी की सूचना है। ईडी की टीम इनके ठिकानों पर छापेमारी कर कागजात खंगाल रही है।

### झारखंड मैथिली मंच ने उषा किरण खान को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** झारखंड मैथिली मंच के कार्यालय परिसर में स्व. शारदा नन्द झा की स्मृति में स्थापित लाइब्रेरी को समृद्ध करने के निमित्त एक बैठक संग साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन हुआ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गोसाउनिक गीत और बाबा विद्यापति की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित के साथ की गई। बैठक में मैथिली एवं हिन्दी की प्रख्यात साहित्यकार स्व. डा. उषा किरण खान के आकस्मिक निधन पर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई।बैठक में लाइब्रेरी को मैथिली पुस्तकों से समृद्ध करने हेतु विस्तृत चर्चा भी की गई। इसी क्रम में साहित्यकार सुरेंद्र नाथ मिश्र लिखित दो मैथिली पुस्तक का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम में अमरनाथ झा, बैद्यनाथ झा (महासचिव), डा.नरेन्द्र झा, प्रमोद कुमार झा, सुरेंद्र नाथ मिश्र, जयंत कुमार झा, ब्रज कुमार झा, कृष्ण कुमार झा (कोषाध्यक्ष), अभय कुमार झा, सुकुमार नाथ झा, डा.आकांक्षा चौधरी आदि ने अपने बहुमूल्य विचार व्यक्त किए।

# चौंकाने वाले हैं सड़क हादसों के आंकड़े 2022 से ज्यादा 2023 में हुई मौतें

**परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र**

**रांची ।** 15 जनवरी से 14 फरवरी 2024 तक मनाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2024 के अंतिम दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य रूप से सचिव (परिवहन विभाग), एडीजीपी, डीआईजी (रोड सेफ्टी),संयुक्त सचिव (परिवहन विभाग), संयुक्त परिवहन आयुक्त (परिवहन विभाग), संयुक्त परिवहन आयुक्त (सड़क सुरक्षा), अवर सचिव (सड़क सुरक्षा), सभी जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी मोटरयान निरीक्षक, सभी डीएसपी, डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ़ पुलिस, बस एसोसिएशन ऑनर्स के अध्यक्ष, परिवहन विभाग एवं सड़क सुरक्षा के सभी कर्मी मौजूद थे।

**2022 से अधिक मौतें 2023 में :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में यदि झारखंड में हुए सड़क दुर्घटनाओं का रिकॉर्ड देखें तो 2022 में जो सड़क दुर्घटनाएं हुई थी और इसमें जो मौत हुई थी और जो घायल हुए थे वह आंकड़े 2023 में बढ़ गई है। 2022 में 5174 सड़क दुर्घटना हुई, 3745 लोग घायल हुए और 3898 लोगों की जाने गई। वहीं 2023 5307 दुर्घटनाएं हुई,3576घायल और 4169 लोगों की जाने गई। 2017 5198 दुर्घटनाएं, 3718 घायल और जाने गई 3256 लोगों की। जो आंकड़े हैं 2023 की वह डरावनी है। इसमें सुधार की जरूरत है। जबकि सड़क सुरक्षा और जागरूकता पर करोड़ों राशि खर्च हो रही है।

**प्रदीप कुमार ने कहा :** प्रदीप कुमार, संयुक्त परिवहन आयुक्त (सड़क सुरक्षा) सेमिनार में आये सभी लोगों को संबोधित हुए बताया कि सुप्रीम कोर्ट कमिटी ऑन रोड



सेफ्टी की स्थापना के उपरांत सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु लगातार बढ़ चढ़कर कार्य किया जा रहा है।

**कृपानंद झा ने कहा :** कृपानंद झा, सचिव, परिवहन विभाग सचिव परिवहन द्वारा सड़क सुरक्षा के सभी नोडल विभाग को की चर्चा की गई हर एक विभाग यदि अपनी भूमिका निभाएंगे तो हम परिवर्तन ला सकते हैं ।

**एडीजीपी संजय ए लठकर ने कहा:** एडीजीपी संजय ए लठकर ने कहा कि विगत वर्ष में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाले मृत्यु और घायलों को सभी के सहयोग से कम किया गया है।इनके द्वारा यह बताया गया कि किसी सड़क उपयोगकर्ता को वाहन खरीदने, ड्राइविंग लाइसेंस मिलने वाहन चलाने समय किसी कारणवश एक्सीडेंट होने पर उपचार तक की जिम्मेदारी हम सभी में समान रूप से बटी हुई है। वहीं प्रवीण कुमार प्रकाश, संयुक्त परिवहन आयुक्त, परिवहन विभाग ने कहा कि मोटर यान अधिनियम की धाराओं को सही रूप से इंप्लीमेंट किया जाए और जनता के बीच सड़क सुरक्षा की सही जानकारी और जागरूकता फैलाई जाए तो सड़क दुर्घटनाओं में कई प्रतिशत से तक कमी लाई जा सकती है। धनंजय सिंह डीआईजी (सड़क सुरक्षा) ने बताया कि सड़क दुर्घटना में अपने किसी परिवारगण, मित्र, सहकर्मी या किसी करीबी को खोने का अनुभव किया है, तो आज हम सभी को हमें मिली इस जिम्मेवारी को बेहतर रूप से कार्य कर सड़क दुर्घटना को कम करने का प्रण लेना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य प्रवक्ता के रूप में हरप्रीत सिंह (रोड्स ट्रैफिक सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टम लीड ऑडिटर), सुभाष चंद्र एवं डॉ प्रेरणा अरोड़ा सिंह, डीआरएसएम मो जमाल, अभय सहित कई पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

## बड़गाई अंचल के हल्का कर्मचारी भानू की चार दिनों की रिमांड अवधि बढ़ी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से संबंधित 8.5 एकड़ बड़गाई अंचल की जमीन दखल के मामले में बड़गाई अंचल के राजस्व निरीक्षक (हल्का कर्मचारी) भानु प्रताप प्रसाद की रिमांड अवधि खत्म होने पर मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान ईडी की ओर से भानु को पूछताछ के लिए फिर से पांच दिनों की रिमांड की मांग की गई।

सका भानू के अधिवक्ता ने विरोध किया। ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार की बहस सुनने के बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने भानू से चार दिनों तक पूछताछ करने की अनुमति दे दी है। ईडी की टीम भानु को साथ लेकर ईडी कार्यालय रवाना हो गयी। पेशी से पहले भानु का मेडिकल कराया गया। ईडी की अब तक की जांच में यह पता चला है कि भानू प्रताप ने बरियातू में 8.5 एकड़ जमीन सहित अवैध रूप से संपत्ति हासिल करने में हेमंत सोरेन की सहायता की है। पूछताछ में कई और अहम खुलासे हो सकते हैं। भानु प्रताप पहले से ही बरियातू की सेना की जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद हैं। ईडी ने भानु को पांच फरवरी को इस मामले में गिरफ्तार किया था।ईडी हेमंत सोरेन और भानु प्रताप को आमने-सामने बैठा कर पूछताछ कर रही है। क्योंकि, भानु प्रताप के आवास से ही बरामद दस्तावेज और उसके मोबाइल से मिली जानकारी के आधार पर ईडी ने इस मामले में ईसीआईआर 6 /2023 दर्ज किया है और मामले की जांच कर रही है। इस मामले में भानु प्रताप प्रसाद, हेमंत सोरेन एवं अज्ञात अन्य को आरोपित बनाया गया है।

## छात्रों के भविष्य का राजनीतिकरण बंद करें भाजपा व आजसू : एनएसयूआई

**इन्हें छात्रों के भविष्य से कोई लेना-देना नहीं है बल्कि अपने राजनीति रोटी सेंकने से मतलब है**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष अमीर हाशमी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की सीजीएल परीक्षा का पेपर लीक होना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है । लेकिन जिस तरह से भाजपा के द्वारा जानबूझकर छात्रों के भविष्य के साथ राजनीतिकरण किया जा रहा है यह भाजपा नहीं चाहती कि मामले का जल्द से जल्द उद्वेदन हो और परीक्षा को पुना लिया जाए , इन्हें छात्रों के भविष्य से कोई लेना-देना नहीं है बल्कि अपने राजनीति रोटी सेंकने से मतलब है। जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले पर जब राज्य सरकार के द्वारा एसआईटी कमेटी गठित की गई एवं एसएसपी रांची के द्वारा स्पेशल टास्क फोर्स बनाई गई है जो विभिन्न जिला एवं प्रदेशों में इस मामले को लेकर छापेमारी कर रही है। मौके पर झारखंड एनएसयूआई के प्रदेश संयोजक मुसर्रफ हुसैन, रांची जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमन अहमद, सिद्धार्थ राज, धनबाद जिला अध्यक्ष चौधरी गोपाल कृष्णा, देवेंद्र पासवान, आकाश, सोहैल आदि छात्र नेता उपस्थित थे ।

# मिस्टर एक्स ने झारखंड को ए टू जेड तक लूट लिया : भाजपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा ने बडगाई के विवादास्पद 8.46 एकड़ जमीन पर भव्य बैंक्वेट हॉल बनाने की खबरों के बीच में हेमंत सोरेन पर तंज कसा। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने मंगलवार को कहा कि आर्किटेक्ट विनोद सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बीच व्हाट्सएप चैट की जो खबरें आ रही हैं, उसमें बताया जा रहा है कि बडगाई की विवादास्पद 8.46 एकड़ जमीन पर भव्य एवं आलीशान बैंक्वेट हॉल बनाने की तैयारी थी। प्रतुल ने कहा कि मीडिया की खबरों के अनुसार चैट में आर्किटेक्ट विनोद ने पूर्व मुख्यमंत्री के लिए



हॉल का जो नक्शा बनाया है उसमें उनको मिस्टर एक्स कहकर संबोधन किया है। प्रतुल ने कहा कि इसी मिस्टर एक्स ने झारखंड का ए टू जेड यानी सब कुछ लूट लिया। चार वर्षों के कार्यकाल में इस सरकार के ऊपर 70,000 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार, लूट, खसोट का आरोप लगा। आदिवासी मूलवासी को सत्ता में अधिकार देने के नाम पर आई सरकार ने इन्हीं समूहों को सर्वाधिक लूटा। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत खुद अभी रिमांड पर हैं। प्रतुल ने कहा कि सूचनाएं आ रही हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और आर्किटेक्ट विनोद के बीच हुए चैट में कई बड़े अधिकारियों के ट्रांसफर पोस्टिंग की भी डीलिंग हुई थी। प्रतुल ने कहा कि बड़े अफसरों में अभी तो सिर्फ पूर्व खान सचिव और रांची के पूर्व डीसी जेल में है।अभी कई और बड़े लोग जेल जाने की कतार में हैं।झारखंड में तो यह स्पष्ट है कि कि अभी सिर्फ पिछले चार वर्ष के हुई लूट का ट्रेलर चल रहा है, पिक्चर अभी बाकी है।

## रिम्स के स्थायी निदेशक डॉ राजकुमार ने पदभार ग्रहण किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के स्थायी निदेशक डॉ राजकुमार ने पदभार ग्रहण कर लिया। रिम्स आगमन पर सबसे पहले उन्होंने सुपरस्पेशलिटी ब्लॉक में सीटीवीएस और कार्डियोलॉजी विभाग का निरीक्षण किया। इसके पश्चात प्रशासनिक भवन में उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की। उन्होंने रिम्स की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए सभी से सुझाव मांगा। साथ ही उन्होंने कहा कि उन्हें दोस्त और एक सीनियर समझ कर काम करते हुए उनका समर्थन करें और वह किसी को निराश नहीं करेंगे। उन्होंने सभी से नियमों और विनियमों का पालन करने का अनुरोध किया और साथ ही कहा




की अनुशासनहीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। डॉ राजकुमार ने कहा कि रिम्स की आधारभूत संरचना में सुधार के अलावा फैकल्टी की कमी को दूर करते हुए अन्य समस्याओं का निपटारा करना उनकी प्राथमिकता होगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि रिम्स की व्यस्था को सुधारने के लिए मीडिया और जनता का सहयोग महत्वपूर्ण होगा।

## झारखंड की बंजर भूमि पर होगी कांटा रहित कैक्टस की खेती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव अवध नारायण प्रसाद ने कहा कि झारखंड की बंजर भूमि को हरा-भरा करने के लिए सरकार कांटा रहित कैक्टस की खेती की ओर कदम बढ़ा रही है। राज्य सरकार झारखंड की कुल 68 प्रतिशत बंजर भूमि को जीवंत बनाने के साथ उसे उपयोगी और कमाई का जरिया भी बनाने की पहल कर रही है। वह मंगलवार को ग्रामीण विकास विभाग के तहत झारखंड स्टेट वाटरशेड मिशन के तत्वावधान में प्रमोशन ऑफ स्पाइनलेस कैक्टस प्लांटेशन एंड कल्टिवेशन पर आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने कार्यशाला में वाटरशेड क्षेत्रों से आये किसानों से कहा कि वे सिर्फ जमीन दें और देखभाल की जिम्मेदारी उठायें, विभाग उसके बाद कैक्टस की खेती की सारी जरूरतें पूरी करेगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल विभाग राज्य की 157 हेक्टेयर भूमि पर कैक्टस की प्रायोगिक खेती की शुरुआत करने जा रहा है।खूंटी जिले में इसका प्रयोग शुरू हो गया है। केंद्र प्रायोजित इस योजना का मुख्य उद्देश्य बंजर भूमि का सतत विकास करना है। साथ ही वाटरशेड विकास, पारिस्थितिक संतुलन में सुधार, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और लोगों की आजीविका को बढ़ाना है। कार्यशाला में बताया गया कि कांटा रहित कैक्टस की खेती से बंजर भूमि को जहां नया जीवन मिलेगा, वहीं कैक्टस से कई तरह के उत्पाद बनेंगे, जो किसानों की आय में इजाफा करेंगे। बताया गया कि कैक्टस से जैव उर्वरक, पशु चारा, खाद्य पदार्थ, जैव ईंधन, कृत्रिम चमड़ा आदि का निर्माण होगा। साथ ही कैक्टस के कारण भूमि का जल संचय विकसित होगा। पर्यावरण को लाभ पहुंचेगा। कार्यशाला में बाहर से आये विशेषज्ञ बीके झा और नेहा तिवारी ने कैक्टस के पौधे तैयार करने से लेकर उसकी सिंचाई, देखभाल और उत्पादन की मार्केटिंग तक पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैक्टस 25 साल तक फलता-फूलता रहता है। इसकी खेती में पानी की काफी कम जरूरत पड़ती है। कार्यशाला में संयुक्त सचिव प्रमोद कुमार, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के डॉ. जगन्नाथ उरांव, होर्ट के वैज्ञानिक बीके झा, एनएडी-आइसीएआरडीए की डॉ नेहा तिवारी समेत कई लोग मौजूद थे।

## वेटलिफ्टिंग में सेंट जेवियर्स के छात्रों ने लहराया परचम

**प्रभात मंत्र सवाददाता**

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज राँची के छात्रों ने झारखण्ड स्टेट पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता 2024 में भाग लेकर मैडल जीता है। मैडल जीतने वालों में मास्टर केटेगरी से कॉमर्स विभाग के प्राध्यापक डॉ. अनिर्बान गुप्ता, छात्रों में पुरुष एकल सब जूनियर केटेगरी से ललित नारायण सिंह लागुरी, सूरज तिग्गा व मानस जायसवाल और लादुरा चाकी, जूनियर केटेगरी से डेनिस नीर लकड़ा और दीपक कुमार चंद्रवंशी तो वहीँ महिला



एकल से अपुरबा सौम्य कच्छप शामिल हैं7 डॉ. अनिर्बान गुप्ता ने कुल 255 किलोग्राम उठाकर फुल पॉवर लिफ्टिंग में सिल्वर व बेंचप्रेस में स्वर्ण पदक हासिल किया है7 पुरुष के विभिन्न श्रेणी में लादुरा चाकी ने स्वर्ण पदक, डेनिस नीर लकड़ा सिल्वर मैडल व ललित नारायण सिंह ने कांस्य पदक हासिल किया है तो महिला एकल से अपुरबा सौम्य ने कुल 265 किलो वजन उठाकर रजत पदक हासिल किया है7 कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर नबोर लकड़ा व उप प्राचार्य डॉ. फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर ने पदक विजेताओं को शुभेच्छा प्रदान कर उन्हें आगे भी ऐसे ही सफलीभूत होने प्रेरणा प्रदान की।

# जेएसएससी पेपर लीक मामले में अवर सचिव और उसके दो बेटे भेजे गए जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जेएसएससी पेपर लीक मामले में मंगलवार को गिरफ्तार झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मोहम्मद शमीम और उसके दोनों बेटों शहजादा और शाहनवाज को रांची सिविल कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने तीनों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। तीनों को नगड़ी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था। जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस की जांच में पता चला है कि इस पेपर लीक कांड में रांची से लेकर पटना तक के सरकारी अफसरों, कोचिंग संचालकों और धंधेबाजों का बड़ा नेटवर्क सक्रिय था। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि गिरफ्तार किए गये झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मो. शमीम और उनके दो बेटों ने छह अभ्यर्थियों को परीक्षा के पहले 27-30 लाख रुपये में पर्चे उपलब्ध कराए थे। जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले में बिहार विधानसभा के कर्मी मोहम्मद रिजवान की भी संलिप्तता सामने आयी है। रिजवान गिरफ्तार अवर सचिव का दामाद है। उसकी गिरफ्तारी के लिए एसआइटी की टीम ने पटना के अनीसाबाद स्थित उसके घर में छापेमारी की लेकिन वह फरार मिला। पुलिस ने बताया कि पहले तो मो. शमीम ने पेपर लीक कांड में अपनी संलिप्तता से इंकार किया लेकिन जैसे-जैसे सबूत पेश किये गये, वह राज उगलता चला गया। मो. शमीम ने बताया कि जेएसएससी पेपर लीक मामले में छह अभ्यर्थियों से डीलिंग हुई थी। सौदा 27 से 30 लाख में तय हुआ था। दो अभ्यर्थियों की परीक्षा 28 को हुई थी। परीक्षा से दो दिन पहले ही दोनों को पटना भेज दिया गया था। पटना में मो. शमीम के दामाद रिजवान ने उनके रहने की व्यवस्था की थी।

## आज भी खुला रहेगा ग्रामीण विकास विभाग का कार्यालय

**रांची :** सरस्वती पूजा को लेकर घोषित 14 फरवरी को सार्वजनिक अवकाश के दिन भी प्रोजेक्ट भवन स्थित ग्रामीण विकास विभाग का कार्यालय खोलने का आदेश दिया गया है। इस संबंध में मंगलवार को विभाग के उप सचिव के हस्ताक्षर से आदेश जारी कर दिया गया है। आदेश में विभाग ने कहा है कि अबुआ आवास योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं को गति देने के कार्य के चलते बुधवार को कार्यालय खुला रहेगा। ऐसे में विभाग के सभी आप्त सचिव, पदाधिकारी व कर्मचारी रोजाना की तरह कार्यालय में उपस्थित रहेंगे।

# सरस्वती पूजा आज, डेली मार्केट थाना में शांति समिति की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सरस्वती पूजा को लेकर डेली मार्केट थाना परिसर में शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक की गई । इस बैठक की अध्यक्षता डेली मार्केट थाना के सब इंस्पेक्टर आदित्य ठाकुर ने की। उन्होंने शांति समिति सदस्यों से को बताया कि पूर्व की तरह सरस्वती पूजा में सुरक्षा के पुख्ते इंतजाम किए जाएंगे । लेकिन जो निर्धारित मार्ग है प्रतिमा विसर्जन का उसी निर्धारित मार्ग से प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा । इस दौरान डीजे जैसे तेज ध्वनि में



गाने नहीं बजाया जायेगा। यदि ऐसा कोई करेगा तो उसे पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी । वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी डेली मार्केट थाना क्षेत्र में शांतिपूर्वक तरीके से पूर्व निर्धारित मार्ग के तहत ही प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। सरस्वती पूजा के दौरान किसी तरह का कोई समस्या उत्पन्न नहीं होगी। यदि किसी तरह का कोई समस्या आती है तो इसकी सूचना तुरंत थाना को दी जाएगी। इस बैठक में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता, रूपेश जायसवाल ,प्रमोद कुमार ,यूनुस खान , राज दिनकर , विकास कुमार, अंकित ,आयुष, सुमन कुमार ,सुमित कुमार सहित थाना के भी पुलिस कर्मी गण उपस्थित थे।

# विभिन्न श्रेणी के कलाकारों के साथ कार्यशाला का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड वोटर अवेयरनेस कांटेस्ट को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय सभागार में विभिन्न कोटि के कलाकारों के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य रांची के विभिन्न कोटि के कलाकारों जैसे चित्रकार, संगीतकार, गीतकार, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर, फिल्म निर्देशक, अभिनेता-अभिनेत्री आदि को झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट के बारे में विस्तृत जानकारी देना तथा प्रतियोगिता के नियमों से उनको अवगत कराना।कार्यशाला में पहुंचे कलाकारों को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने उनसे कहा कि यह एक अच्छा मौका है जब वे लोकतंत्र के महापर्व के प्रचार प्रसार में भागीदार बनकर न केवल अपनी कला का सर्वश्रेष्ठ उपयोग कर सकते हैं, बल्कि उनके सामने पुरस्कार जीतने का भी अवसर है। बताया गया कि नेशनल वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट की तर्ज पर झारखंड में भी यह वोटर अवेयरनेस कॉन्टैक्ट आयोजित किया जा रहा है जिसकी प्रविष्टियां भेजने के लिए



झारखंड के सभी आयु वर्ग के लोगों से अपील की जा रही है। बताया गया कि शॉर्ट फिल्म्स, म्यूजिक वीडियो, रील मेकिंग तथा पोस्टर मेकिंग जैसी चार कोटि की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए विस्तृत जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट से भी प्राप्त की जा सकती है। उक्त प्रतियोगिता के लिए 10 लाख रुपए तक के अंतर्गत कुल राशि के पुरस्कारों का भी प्रावधान रखा गया है। इस प्रतियोगिता की आखिरी तिथि 31 मार्च 2024 रखी गई है। सोशल मीडिया इंगेजमेंट को भी आधार बनाया जाएगा। सोशल मीडिया के लिए कुल 35 प्रतिशत का अधिभार तय किया गया है। इस दौरान विभिन्न कलाकारों के अलावा अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध, अवर सचिव देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार, विशाल कुमार, विवेक कुमार, सौरभ झा आदि मौजूद थे।

## एनएसयूआई ने रांची विवि के कुलपति का घेराव किया एव ज्ञापन सौंपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस छात्र संगठन झारखंड एन.एस.यू.आई नेत्री आरुषी वंदना सिंह के नेतृत्व में डोरंडा कॉलेज के विभिन्न मामलों को लेकर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति का घेराव किया एवं ज्ञापन सौंपा। विविद हो कि रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत डोरंडा कॉलेज में अनोको मुद्दे ह जो छात्र हिट में पूरे नही हो पा रहे। विभिन्न मामलों को लेकर आज विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय का घेराव किया। मुद्दे इस प्रकार है। कॉलेज में अविलंब कैंटीन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। कॉलेज के नए बिल्डिंग में सीसीटीवी cctv कैमरा उपलब्ध कराया जाए। कॉलेज के लाइब्रेरी में बुक्स एव कॉमन रूम की वयवस्था की जाए। एमएसी विभाग में टीचर की नियुक्ति की जाए। BBA, BCA, IT, MBA एवं MCA के विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट की सुविधा की जाए। सेशन 2020- 23 प्रतिशत सेमेस्टर 4 की रिजल्ट घोषित की जाए।कॉलेज में खेल सामग्री की सुविधा एव खेल के लिए प्रॉपर जगह आवंटित की जाए। कॉलेज में योगा टीचर की नियुक्ति की जाए। कॉलेज में वाई फाई की सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध कराई जाए। कंप्यूटर लैब में सुचारू रूप से कंप्यूटर सिस्टम की वयवस्था की जाए। सभी मांगो को सुनने के बाद कुलपति जी ने आस्वाशन दिया कि सभी मांगो पर जल्द विचार कर छात्र हिट में निर्णय लिया जाएगा।

**एक सप्ताह का दिया अल्टीमेटम :** रांची जिला महासचिव एव डोरंडा कॉलेज प्रभारी अब्दुल राबनावाज ने कहा कि अगर एक सप्ताह के अंदर सभी मांगे पूरी नही हुई तो एन.एस.यू.आई चरणबद्ध आंदोलन करेगी।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
झारखण्ड
रांची, बुधवार, 14 फरवरी 2024 | पेज


# हत्या के आरोपी सास- ससुर को 10 वर्ष सश्रम करावास, दोनों आरोपी 9 साल तक रहे फरार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** दहेज के लिए एक विवाहिता की हत्या किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने आरोपी फुलवा देवी व ससुर मथुरा पासवान मदन गुंडी चंदवारा, जिला- कोडरमा निवासी को 304 बी आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। वही न्यायालय ने 498 ए के तहत दोषी पाते हुए 3 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई । दोनों सजाएं साथ-साथ चलेगी । मामला वर्ष 2014 का है । इसे लेकर चंदवारा थाना कांड संख्या 124 / 2014 दर्ज किया गया था। बताते चले की फरार दोनों अभियुक्तों को 14 मार्च 2023 को पुलिस पड़कर लाई। चार्ज फ्रेम होने के 6 माह के अंदर त्वरित सुनबाई करते हुए न्यायालय ने मामले का निष्पादन किया। ज्ञात होगी दहेज हत्या के आरोप में मृतका के पति रंजीत पासवान को वर्ष 2017 में ही न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी 9 गवाहों का परीक्षण कराया गया । लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने ने कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता दीपक गुप्ता एवं अधिवक्ता अनवर हुसैन ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयो का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

इसे लेकर मृतक सरिता देवी, उम्र 21 वर्ष के पिता - शंकर पासवान, सरिया निवासी ने चंदवारा थाना में मामला दर्ज कराते हुए, पति रंजीत पासवान, सास फुलवा देवी एवं ससुर मथुरा पासवान पर एक लाख रुपये दहेज के लिए उसकी पुत्री की हत्या कर दिए जाने का मामला दर्ज कराया था।

# बेड़ो मुखिया संघ की बैठक, योजनाओं पर चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड सभागार में मंगलवार को मुखिया संघ बेड़ो की विशेष बैठक अध्यक्ष रमेश उरांव की अध्यक्षता में की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई, साथ ही अबूवा आवास योजना में हो रही गड़बड़ी को लेकर विशेष चर्चा की गई।

पूर्व में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अबुवा आवास योजना का आवेदन ग्रामीणों द्वारा किया गया था, जिसमें प्रखंड कर्मियों की टीम ने भौतिक सत्यापन कर योग्य, अयोग्य सूची बनाई जिसको ग्रामसभा के माध्यम से स्वीकृति प्रदान कर प्रखंड भेजा गया था। परंतु अभी प्रखंड द्वारा जो लाभुक सूची




जियो टैग के लिए भेजी गई है उसमें ग्रामसभा द्वारा प्राथमिकता के आधार पर जो सूची बनाई गई थी उसमें बहुत अंतर है। मुखिया संघ ने बीडीओ और आवास समन्यव्यक से जियो टैग पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

बैठक में सचिव सुशांति भगत,कोषाध्यक्ष नीरज कुजूर, मीडिया प्रभारी जतरू उरांव, मुखिया पंचू उरांव, गंगी कुमारी, प्रबला केरकेट्टा, लक्ष्मी कोया, कुंवारी खलखो, सुनीता सोरेंग, सरिता एक्का, अनिता बड़ा सहित सभी पंचायत के मुखिया उपस्थित थे।

## कृष्णा मुंडा के नेतृत्व में प्रखंड विकास पदाधिकारी अनगड़ा से की मुलाकात




**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अबुवा आवास योजना का सूची प्रखंड समन्यवक ग्राम सभा के विरुद्ध तैयार कर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों को जनसंख्या के आधार पर आवंटित किया गया है। परंतु जो सूची तैयार किया गया है उस सूची में अयोग्य लाभुकों का भी चयन किया गया है जिसका पहले से ही पक्का मकान है।और योग्य लाभुकों का सूची में नाम ही नहीं है जो जरूरतमंद आवासहीन है।बहुत से ऐसे गांव और टोले है जो सरकार के जनकल्याणकारी महत्वकांक्षी योजना के लाभ से वंचित हैं।प्रखंड कर्मियो के द्वारा ग्राम पंचायत में जाकर आवास का भौतिक सत्यापन नहीं किया ।इस विषय को लेकर सभी पंचायतों के मुखिया संघ के अध्यक्ष कृष्णा मुंडा के नेतृत्व में प्रखंड विकास पदाधिकारी अनगड़ा से मिला।उन्होने कहा कि सूची जिला के द्वारा तैयार किया गया।जबकि जिला के पदाधिकारियों का कहना है कि सूची प्रखंड से ही तैयार करके भेजा गया है।जबकि सभी पंचायतों के मुखिया ग्राम प्रधान ग्राम सभा में वरीयता के आधार पर प्रस्ताव पारित कर ग्राम सभा से अनुमोदित भी किया गया है उसके बावजूद प्रखंड विकास पदाधिकारी अनगड़ा ग्राम सभा को दर किनार करते हुए योग्य जरूरतमंद लाभुकों अबुवा आवास योजना में वंचित कर रहे हैं।सिरका रोशन लाल मुंडा अनगड़ा सीमा देवी राजाडेरा ,सीमा देवी सूरसू,सुमित्रा देवी टाटी रामानंद बेदिया हरातु ,राजेन्द्र बेदिया नवागढ़ भुवनेश्वर बेदिया हेसातु राजेश पहान जोन्हा कृष्णा मुंडा गेतलसूद शांति मुंडा लुंपुग शांति देवी ,बीसा मंजोति देवी सिरका पंचायत समिति प्रतिनिधि साहेबराम महतो मुखिया प्रतिनिधि गौरीशंकर मुंडा आदि ।

## पशुधन योजना के तहत 52 लाभुकों का चयन किया गया

**ईटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत बकरा विकास योजना का 20, ब्रोयलर कुक्कूट पालन योजना का 10, लेयर कुक्कूट पालन योजना का 4, सुकर विकास योजना का 16, गाय योजना का 2 आवेदन पर विचार विमर्श कर जिला समिति से अनुमोदन हेतु प्रखंड समिति द्वारा अनुशंसा की गई!मौके पर जिप सदस्य रीना देवी प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम प्रसाद साहू भ्रमणशील पशु चिकित्सा डॉक्टर शिवानंद कांशी सहित अन्य उपस्थित थे ।

## हैप्पीनेस ड्राइव का किया गया आयोजन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 2020 में शुरू हुए श्याम स्टील ने लगातार तीसरे साल एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया है। यह कार्यक्रम पश्चिम बंगाल, दक्षिण बंगाल से लेकर उत्तर बंगाल तक किया गया। इस पहल ने पिछले कुछ वर्षों में 5000 से अधिक झुग्गीवासियों, अनाथों, विकलांग बच्चों और बुजुर्गों को खुशी दी है। इस पहल के माध्यम से 3000 से अधिक झुग्गियों, अनाथ बच्चों और वृद्ध लोगों को सर्दियों के कपड़े, पढ़ने और ड्राइंग सामग्री वितरित की गई है। इसके अलावा, ड्राइंग प्रतियोगिता, नृत्य और गायन गतिविधियाँ भी आयोजित की जाती हैं। श्याम स्टील ने इस सीएसआर अभियान के माध्यम से सभी के लिए एक दिन के भोजन की भी व्यवस्था की है। रानीगंज इलाके में बर्दवान समारोह का आयोजन किया गया.

## काइनेटिक ग्रीन ने ई-लूना लॉन्च किया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के अग्रणी निर्माता काइनेटिक ग्रीन ने उन्नत तकनीक और सुविधाओं के साथ एक स्टाइलिश, बहु-उपयोगिता इलेक्ट्रिक दोपहिया ई-लूना का अनावरण किया है। प्रतिष्ठित लूना के इस बिल्कुल नए इलेक्ट्रिक संस्करण का अनावरण भारत सरकार के माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी के हाथों किया गया। यह लॉन्च टिकाऊ परिवहन के लिए सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है और भौगोलिक समावेशिता को बढ़ावा देता है, जिसका लक्ष्य इलेक्ट्रिक गतिशीलता को सभी के लिए एक व्यावहारिक और किफायती विकल्प बनाना है। भारत के माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने काइनेटिक ग्रीन के ई-लूना के लॉन्च के बारे में उत्साह व्यक्त किया ।

## उप विकास आयुक्त ने किया प्रखंड के दौरा

**सतगावां (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोडरमा उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने मंगलवार को प्रखंड का दौरा किया ।इस क्रम में प्रखण्ड कार्यालय में सभी पंचायतों के मुखिया,पंचायत सेवक के साथ बैठक कर मनरेगा योजनाओं की समीक्षा की गई इस क्रम में कुछ पंचायतों से मनरेगा में कूप निर्माण की योजना का कम प्रगति पर पूछा गया कि इन पंचायतों में कूप निर्माण का कार्य क्यों नही कराया जा रहा है जिसमे मुखिया लोगो के द्वारा बताया गया कि कुछ गावों में पानी का स्तर चालीस फ़ीट से अधिक होने के कारण कूप निर्माण नही कराया जा सकता साथ ही साथ प्रखण्ड के अबुआ आवास एवं नलकूप निर्माण की समीक्षा की गई और बताया गया कि योग्य लाभुकों का चयन कर ही अबुआ आवास क्रमवार सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया एवं कुछ भी गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर आप सभी जिम्मेवार होंगे।

## कोडरमा थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोडरमा थाना में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक प्रभार थाना प्रभारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में की गई। इस मौके पर सभी समुदायों के की गणमान्य लोग शामिल हुए। इस दौरान थाना प्रभारी ने थाना क्षेत्र के सभी लोगों से अपील किया की सरस्वती पूजा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखें। वहीं उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी गई है। शांति भंग करने वालों पर कानून कार्रवाई की जाएगी। मूर्ति विसर्जन के दौरान व पूजा पंडालों में अश्लील गानों पर प्रतिबंध रहेगा। इस मौके पर राजेश सिंह, मुखिया प्रतिनिधि लक्ष्मण प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य सुभाष यादव, गोपाल साव, गौतम कुमार, भीम कुमार, महेंद्र यादव, रवि कुमार, मो साजिद, अशोक यादव व अन्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला आयुष समिति की बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला आयुष समिति, खूंटी लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला आयुष समिति, खूंटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में एनएएम अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर विविध पहलु पर विमर्श किया गया। मौके उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

बताया गया कि एनएएम के



तहत जिला अंतर्गत मस्कुलोस्केलेटल विकारों की ऑस्टियोआर्थराइटिस और अन्य रोकथाम, वायो मित्र-आयुष जेरिएट्रीक चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा, स्कूली बच्चों के लिए आयुष के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना, आयुष ग्राम सहित अन्य कई योजनाओं का संचालन किया जाना है।

बैठक में उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह, सिविल सर्जन, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जिला शिक्षा पदाधिकारी, औषधी निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## टाटीसिल्वे थाना मे पूर्व थाना प्रभारी के विदाई के साथ नये थाना प्रभारी का स्वागत



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटीसिल्वे के निवर्तमान थाना प्रभारी महेंद्र करमाली की विदाई व वर्तमान थाना प्रभारी मनोज कुमार का स्वागत समारोह का आयोजन टाटीसिल्वे थाना परिसर मे किया गया। इस अवसर पर लोगों ने पूर्व थाना प्रभारी के कार्यो की सराहना की। पूर्व थाना प्रभारी ने भी लोगों के प्रति आभार जताया की आपका सहयोग व समर्थन से ही सभी कार्य संभव हो पाया है। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह राजेश मिश्रा, सुशीला एक्का, मुन्ना सिंह,विनोद अग्रवाल,विनोद सिंह,उप प्रमुख विना कुमारी,जयपाल हजाम,पूर्व मुखिया सोहन मुंडा, ग्राम प्रधान किस्टो उराव, मुखिया कृष्णा पाहन,अनिल लिंडा,सुनीता देवी,प स स रमेश कुमार ,अरविंद लोहरा,माधुरी देवी,यदुवीर सिंह,मनेस महतो,मुकेश महतो,रंथु नायक,रुसु महतो, धर्मेंद्र कुमार,पूर्व जिला परिषद सदस्य फुल कुमारी देवी ब्रजेश सिंह,काशी महतो,रोशन गुप्ता,राजेश यादव,जितेंद्र कुमार,सनील जाय ,ललकु इत्यादि गन मान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने रंजीत मुंडा,मनीष कुमार,रवि कुमार,राजकुमार यादव, सी पी पांडे, जितेंद्र कुमार, पंकज कुमार इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## गीता- पाठ प्रतियोगिता में सरला बिरला के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** श्रीमद्भगवद्गीता हमें सकारात्मकता की ओर अग्रसर करती है और हमारे जीवन के हर पड़ाव पर उचित निर्णय लेने में हमें सक्षम बनाती है। चिन्मय मिशन प्रतिवर्ष गीता-पाठ प्रतियोगिता आयोजित करता है। सत्र 2023-24 में भी सरला बिरला के छात्रों ने चिन्मय- मिशन द्वारा आयोजित गीता-पाठ प्रतियोगिता में भाग लिया और अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन देते हुए स्कूल लेवल, सिटी लेवल एवं इंटरसिटी लेवल पर पुरस्कार प्राप्त किया है। चिन्मय मिशन ने अत्यधिक छात्रों की सहभागिता के लिये ट्राफी देकर प्रधानाचार्या को सम्मानित किया है।



इंटरसिटी लेवल में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से अक्षिता पंडित कक्षा द्वितीय 'सी' ने स्कूल को गौरवान्वित किया है। छात्रों ने सिटी लेवल और स्कूल लेवल पर अनुकरणीय प्रदर्शन से स्कूल को गौरवान्वित किया। सिटी लेवल पर 28 छात्रों और स्कूल लेवल पर 162 छात्रों ने विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार जीते।

विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता के उपदेशों का पालन करने से व्यक्ति कर्मयोगी बनता है। यह छात्रों को सकारात्मकता की ओर अग्रसारित करती है, अतः छात्र कर्म को ही अपना लक्ष्य बनाएँ।

प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उनकी सराहना की और कहा कि श्रीमद्भगवद गीता के उपदेशों का पालन करने से छात्रों का जीवन अधिक सार्थक होगा और उनमें ईमानदारी और धार्मिकता के मूल्यों का संचार होगा।

## टैम्पो स्टैंड स्थल का चयन होना एकजुट संघर्ष की जीत : सीटू

**झुमरीतिलैया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीटू से सम्बद्ध झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन के अंतर्गत ऑटो चालक संघ की बैठक पुराना नगरपालिका के पास झुमरीतिलैया में मो रफीक की अध्यक्षता में हुई. बैठक में मांगों को लेकर हुए प्रदर्शन की समीक्षा की गई. जिसमें नगर पर्षद के द्वारा पुराना नगरपालिका के पास अस्थायी टैम्पो स्टैंड बनाने का स्वागत किया गया. साथ ही केन्द्र सरकार की मजदूर किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा और केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के द्वारा 16 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के आह्वान पर हिट एण्ड रण कानून खिलाफ देशभर में चक्का जाम का आह्वान किया है. जिसका समर्थन करते हुए हड़ताल के समर्थन में झुमरीतिलैया में सीटू की रैली में टेम्पो चालक संघ के बैनर तले शामिल होने का निर्णय लिया गया. बैठक को संबोधित करते हुए सीटू नेता प्रेम प्रकाश ने कहा कि टेम्पो चालकों के अन्य महत्वपूर्ण मांगों को लेकर संघर्ष तेज किया जाएगा. देश में बेरोजगारी चरम पर है, जिसके कारण पढ़ें लिखे युवा ऑटो और टोटो चलाने के लिए मजबूर है. अपने अधिकार के लिए इनके पास संघर्ष के सिवाय कोई रास्ता नहीं है. उन्होंने मोदी सरकार की महंगाई और बेरोजगारी बढ़ाने वाली नीतियों और मजदूरों को गुलाम बनाने वाली चार लेबर कोड के खिलाफ 16 फरवरी की हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया.

बैठक में मो रफीक खान, राजकुमार, चन्दन सिहं, विजय शर्मा, कपिल पासवान, महेश वर्मा, अशोक पासवान, अमरदीप गिरी, दशरथ शर्मा, अजय दास, मंटु, दिलीप पासवान, बोधी साव, सुनील कुमार, प्रदीप साव, गणेश महतो, विजय साव, आशिष कुमार, मो सुल्तान, मनोज साव, राजन कुमार, बंटी, मनोज शर्मा, भोला कुमार पंडित आदि मौजूद थे.

# विधानसभा स्तरीय कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारीयों की बैठक हुई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड के बिसु भगत महाविद्यालय में मंगलवार को अगामी लोक सभा के चुनाव की तैयारी को लेकर कांग्रेस पार्टी के मांडर विधानसभा स्तरीय सभी कमेटी की संयुक्त बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रो0 करमा उराँव ने किया। बैठक में बेतौर मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बंधू तिर्की ने कहा कि अगामी लोक सभा चुनाव की तैयारी को लेकर सभी पदाधिकारीयों को अपने-अपने




कमिटि के पदाधिकारीयों व सदस्यों के साथ में क्षेत्र में लग जाना है।

वहीं कांग्रेस पार्टी के नीति- सिद्धांतों को घर घर तक पहुंचाना है। झारखंड सरकार के किये गये कल्याणकारी कार्यो को लोगों को जानकारी देना है।

श्री तिर्की ने आगे कहा की केंद्र की भाजपा सरकार नहीं चाहती की राज्य सरकार अपनी कार्यकाल पुरा कर सके। कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ को आपसी सहयोग से काम कराने की जरूरत है। मौके पर प्रदेश कमिटि के मजकूर आलम सिद्दीकी, पार्टी के एसटी, एससी, ओबीसी, महिला, अल्पसंख्यक मंच मोर्चा, सेवा दल व एनएसयुआई के पदाधिकारीयों ने संबोधित किया। वहीं बैठक में लापुंग, ईटकी, बेड़ो, मांडर, चान्हो के कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, अग्रणी मोर्चा अध्यक्ष, प्रखंड प्रभरी व वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विधायक ने धर्मशाला जीर्णोद्धार कार्य का किया उदघाटन, कहा

# धर्मशाला स्थापना के पीछे की जो सोच रही होगी इसे आज सार्थक करने की आवश्यकता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** दो साल बाद खूंटी का धरोहर एवं 1926 में स्थापित महात्मा गांधी स्मारक धर्मशाला सौ साल पूरा करेगा। जिस उम्मीद व सोच के साथ हमारे पुरखों ने आजादी से पहले इसकी स्थापना की थी। वह आज कितना सार्थक सिद्ध हो रहा है उस पर सोचना चाहिए। आज इस धर्मशाला का जितना विकास होना चाहिए था,शायद नही हो पाया। इसके कारण चाहे जो भी रहे हो,पुरे शहरवासियों को विचार करना चाहिए। अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान की अध्यक्षता में गठित नई कमेटी इस धर्मशाला को पुराने स्वरूप में विकसित करने का काम कर रही है। एक जनप्रतिनिधि होने के नाते उनसे जितना भी हो सके इसके विकास के लिए सहयोग करेंगे। वे तत्काल अपने विधायक कोष से धर्मशाला में एक शौचालय बनवाने की घोषणा करता हूं। उक्त बातें स्थानीय विधायक व पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने कही। वे मंगलवार को बतौर मुख्य अतिथि धर्मशाला जीर्णोद्धार कार्य के उदघाटन के बाद शहरवासियों को संबोधित कर



रहे थे। विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा की खूंटी वीरों व आंदोलकारियों की धरती है। इसको लेकर खूंटी की एक अलग पहचान है। यहां अन्याय को बर्दास्त नहीं किया जाता है। यहां अनेको महापुरुषों ने जन्म लिया। आजादी की लड़ाई में बढ़चढ़ कर भाग लिया। इसी लिए खूंटी को आंदलनकारियों की भूमि कहा जाता है। मुंडा ने कहा की महात्मा गांधी स्मारक धर्मशाला का विकास कुछ इस तरह हो जिससे की पूरे शहरवासी इसका उपयोग कर सके। धर्मशाला स्थापना के पीछे की जो सोच रही होगी इसे आज सार्थक करने की आवश्यकता है। इस कार्य में उनसे जितना हो सकेगा सहयोग के लिए तैयार है।अनुमंडल पदाधिकारी सह धर्मशाला प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष अनिकेत सचान ने कहा की यह धर्मशाला शहर के हृदय स्थल में स्थित है। यह हृदय की तरह काम करें इस सोच के साथ हम आगे बढ़ रहे है। उन्होने कहा की जब इस धर्मशाला की स्थापना हुई थी तब और अब में परिस्थितियां काफी बदल गयी है। मूल उद्देश्य यात्री ठहराव है लेकिन इससे अलग इसे एक ऐसा केंद्र के रूप में विकसित हो,जिसमे शहर के बुजुर्ग अपने बचे हुए बहुमूल्य समय का कुछ समय यहां गुजार सके। उन्होने कहा की इसी परिकल्पना को सार्थक बनाने के लिए शहर के लोग भी अपना सुझाव दे सकते है। ताकि हम उसके अनुसार इस ऐतिहासिक धरोहर को विकसित कर सके। कार्यक्रम में खूंटी के वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र प्रसाद ने धर्मशाला के गौरवपूर्ण इतिहास से उपस्थित लोगो अवगत कराया। साथ ही कैंपस में महात्मा गांधी की एक प्रतिमा स्थापित कराने की मांग रखी। इससे पूर्व विधायक के पहुंचने पर आईडियल स्कूल के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर स्वागत किया। संचालन राजकुमार गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन राजेश्वर बैठा ने किया। मौके पर धर्मशाला प्रबंध कमेटी के बालमुकुंद कश्यप,रंजीत प्रसाद,किशोर गौंझू,लव चौधरी,सुभाष मिश्रा,राजेश्वर गुप्ता,प्रशांत भगत,रविंद्र सिंह,जयंत लाल समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। स्थानीय विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने धर्मशाला जीर्णोद्धार उदघाटन समारोह में बायपास मुद्धें पर खुल कर बोले। कहा की आज हर क्षेत्र में सड़क बन गयी है। कुछ जगहों पर एक दो किमी सड़क ही छुटा है। सड़क बनने से शहर की ट्रैफिक भी काफी बढ़ गया है। उन्होने कहा की खूंटी में बाईपास बने इसके पक्ष में मै भी हूं। जब मै मंत्री था तब बायपास के लिए 54 करोड़ रुपये का प्रावधान किया था। काम अपने अंतिम चरण पर था। इसी क्रम में केंद्र सरकार का चिट्ठी आया जिसमे रांची से जैंतगढ़ तक बनने वाले सड़क में बाइपास का प्रावधान किया गया था। तब राज्य सरकार ने कहा कि केंद्र सरकार को ही काम करने देना चाहिए। इसी के बाद राज्य सरकार द्वारा बनने वाला खूंटी बायपास योजना रोक दी गयी।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## साकची बाजार शिव मंदिर में जोर-शोर से चल रही है श्याम महोत्सव की तैयारियां

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री साकची शिव मंदिर एवं श्री श्याम परिवार का 35वां श्री श्री श्याम महोत्सव आगामी 20 फरवरी को धूमधाम से मनाया जायेगा, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस संबंध में श्याम परिवार के उमेश शाह एवं बबलू अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार 20 फरवरी को बाबा के दरबार में भजनों की अमृत वर्षा करने के लिए प्रसिद्ध भजन गायक समस्तीपुर से रेशमी शर्मा, कोलकाता से शुभम-रूपम की जोड़ी शहर आ रहे हैं। साथ ही स्थानीय भजन गायक महावीर अग्रवाल भी बाबा के दरबार में हाजरी लगायेंगें। रात 9 बजे से देर रात प्रभु ईच्छा तक भजनों की अमृत वर्षा होगी। महोत्सव का मुख्य आकर्षण क्रमशः, भव्य दरबार, आलौकिक श्रृंगार, इत्र वर्षा, छप्पन भोग, अखण्ड ज्योत, विशाल संकीर्तन होगा। उन्होंने बताया कि मंगलवार 20 फरवरी को दोपहर 2 बजे साकची शिव मंदिर से श्याम नाम की ध्वजा लिए निशान (शोभा) यात्रा निकाली जायेगी, जो विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस मंदिर आकर संपन्न होगी। जिसमें 1100 भक्त निशान के साथ शामिल रहेंगें।

## आर्थिक परिस्थितियों से परेशान युवक ने पेड़ से लटककर की आत्महत्या

**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजनगर थाना क्षेत्र के मगरकेला



और मुड़िया पाड़ा के बीच हेंसड़ा में करंज पेड़ पर युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना दोपहर करीब 3 बजे की बताई जा रही है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही सैकड़ो की संख्या में राजनगर बाजार के दुकानदार व पुलिस प्रशासन पहुँचकर शव को पेड़ से उतारा।वहीं राजनगर थाना प्रभारी पूजा कुमारी भी घटनास्थल पहुँची, और जाँच में जुट गई। बुधवार को पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला भेज दिया जायेगा। मृतक की पहचान राजनगर के कृष्णापुर के समाजसेवी सत्यम सतपति के रूप में हुई है। वहीं परिजनों के अनुसार सत्यम अपने आर्थिक परिस्थितियों से परेशान था। बताया जा रहा है सत्यम पिछले साल भी एक बार इसी जगह आत्महत्या करने का प्रयास किया था।

## मवेशी से टकराकर बाइक दुर्घटनाग्रस्त, एक युवक घायल

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा के रांगाटांड़ मोड़ के समीप मंगलवार की शाम थाना क्षेत्र के चौंरा गांव निवासी 23 वर्षीय युवक जन्मेंजय महतो बाइक से गिरकर घायल हो गया। वह अपने दोस्त विकास महतो के साथ अपनी बाइक पर सवार होकर काटिन बाजार तरफ जा रहा था कि रांगाटांड़ मोड़ के समीप सड़क पार कर रहे एक बैल को टक्कर मार दिया। इससे बाइक अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर गिर जाने से चालक जन्मेंजय महतो के चेहरे पर चोट लगी और वह लहूलुहान हो गया। उसके साथी विकास को हल्की चोट लगी है। घायल युवक को उसके साथी माचा सीएचसी लेकर पहुंचने पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. क्रिस्टाफॉर बेसरा ने उसका प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सक ने उसे फिलहाल आराम करने की सलाह दी है।

## कुकडु में आयोजित रामचरित्र मानस पाठ में उमड़े भक्त



**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकडु प्रखंड के ब्लॉक् मैदान में आयोजित श्री श्री राम चरित्र मानस पाठ कथा में सोमवार की शाम दर्शको की भीड़ उमड़ी। क्षेत्र के सुप्रशिद्ध युवा कथा वाचक सुधीर दास द्वारा अपने टीम के साथ राम कथा का पाठ व व्यख्या किया गया जिसमें हजारों की संख्या में पुरुष महिला, वृद्ध और बच्चे राम रस में झूमते नजर आए। वही इस राम कथा आयोजन में लगातार क्षेत्र के राजनीतिक दल के नेताओं का आना जाना भी लगा रहा।

## युवक ने पीया कीटनाशक, एमजीएम में भर्ती

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा थाना क्षेत्र अंतर्गत जाल्ला गांव निवासी करीब 25 वर्षीय युवक संदीप महतो ने मंगलवार की दोपहर को अपने घर में खेती के लिए रखा कीटनाशक पी लिया। इसके बाद जब उसकी स्थिति बिगड़ने लगी तो परिजनों ने पहले देसी पद्धति से जहर को निकलवाने का प्रयास किया लेकिन कोई फायदा नहीं होने पर पटमदा के माचा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. क्रिस्टोफर बेसरा ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया। माचा अस्पताल पहुंचे उसके पिता कीटनाशक का सेवन करने का कोई कारण नहीं बता पाया।

## साधु संतों के बीच कंबल वितरण के साथ ही दगड़ीगोड़ा में तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान संपन्न

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा के कमलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दगड़ीगोड़ा गांव स्थित हरि साधना आश्रम में तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान मंगलवार को साधु संतों के बीच कंबल वितरण के साथ ही संपन्न हो गई। मंगलवार को जमशेदपुर के समाजसेवी विकास सिंह की ओर से प्राप्त 130 कंबल साधु संत एवं असहाय बुजुर्गों के बीच वितरण किया गया। वही अंतिम दिन कार्यक्रम में शामिल पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां ने भी शॉल ओढ़ाकर साधु संतों को सम्मानित किया। आश्रम संचालक शंभु दास बाबाजी ने बताया कि आज तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ जिसमे पत्थरों से निर्मित मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई, भागवत पाठ व तत्पश्चात बाउल संगीत कार्यक्रम का आयोजन और अंतिम दिन लीला कीर्तन, भागवत पाठ, रामायण पाठ आदि धार्मिक अनुष्ठान की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से शंभु दास बाबाजी, गुणधर घोषाल, हाराधन घोषाल, बुलु माताजी, उर्मिला माताजी, अजित बाबाजी, गोबर्धन महतो, बाबुराम महतो आदि उपस्थित थे।

## इंडिया क्रेडिट शिविर में एक लाख से अधिक मवेशियों का हुआ इलाज



**जमशेदपुर/रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की अग्रणी एनबीएफसी में से एक एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड ने अपना छठा पशु विकास दिवस आयोजित किया। यह देश में सबसे बड़ा एक दिवसीय पशु देखभाल शिविर के रूप में जाना जाता है। इस दौरान एक लाख से अधिक मवेशियों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए14 राज्यों में 460 से अधिक स्थानों पर एक साथ शिविर आयोजित किए गए। भारत में, 8 करोड़ से अधिक परिवार सीधे तौर पर डेयरी क्षेत्र से जुड़े हुए हैं और इनमें महिलाएं 70ः कार्यबल का प्रतिनिधित्व करती हैं। इन महिलाओं की भूमिका के सम्मान के लिए छठा पशु विकास दिवस श्डेयरी फार्मिंग में महिलाएंश् के रूप में मनाया गया। मवेशियों की देखभाल के अलावा, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने 4 फरवरी से 10 फरवरी 2024 तक देश भर में लोगों के लिए 300 से अधिक स्वास्थ्य देखभाल शिविरों का भी आयोजन किया, जिससे 30,000 से अधिक लोगों को लाभ हुआ। पशु विकास दिवस पर टिप्पणी करते हुए, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर स्वामीनाथन सुब्रमण्यम ने कहा, ÷एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट में हम ग्रामीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और मजबूत सामाजिक पहलों को बढ़ावा देने के लिए अपने मिशन पर मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं।

# जेईई मेन में जेएसएसपी के शुभम, आदर्श व सचिन ने हासिल किया 99 प्लस परसेन्टाइल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** मंगलवार को जे.ई.ई.(मेन)-जनवरी 2024 का रिजल्ट घोषित किया गया। इसमें जुस्को स्कूल साउथ पार्क के वर्तमान बैच के 8 छात्रों को 84 परसेन्टाइल मिला है। जबकि पिछले वर्ष का पास आउट छात्र सचिन कुमार गुप्ता (99.644 परसेन्टाइल) प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। जुस्को स्कूल साउथ पार्क की प्रिंसिपल मिली सिन्हा ने बताया कि सचिन कुमार गुप्ता गत वर्ष भी बेहतर परसेन्टाइल लाया था और इस वर्ष (99.644 परसेन्टाइल) प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान बैच के शुभम पॉल 99.2 परसेन्टाइल, आदर्श राय 99.1 परसेन्टाइल, वागीशा कुमारी 97.36 परसेन्टाइल, आशुतोष कुमार पांडेय 92.2 परसेन्टाइल, दिव्यांशु ठाकुर 87.3 परसेन्टाइल, कुमार अक्षत 86.86 परसेन्टाइल, सत्यार्थ सिन्हा 86 परसेन्टाइल , पुनीत कुमार 84 परसेन्टाइल हासिल किया है। उन्होंने ने सभी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।







## जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन आयोजित

# किशोरियों की स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरुरत : उपायुक्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** काशी साहू महाविद्यालय सरायकेला के बहुउद्देशीय सभागार में मंगलवार को जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला सहित सिविल सर्जन डॉ अजय कुमार सिन्हा, डॉ नकुल प्रसाद चौधरी एवं जनप्रतिनिधि द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपायुक्त ने कहा विवाहित महिला, गर्भवती महिला, किशोरी एवं शिशु की स्वास्थ्य समस्याओं को विभाग से जोड़ने की सहिया मुख्य कड़ी हैं। उन्होंने कहा संभावित डायरिया या अन्य कोई बीमारी फैलती हो तो ग्रामीणों को महामारी से सुरक्षित रहने हेतु जागरुक करते हुए विभाग को इसकी सूचना देनी है। उन्होंने कहा जवानी की दहलीज पर खड़ी किशोरियों की स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें। किशोरी स्वस्थ होंगी तो आने वाले दिनों में महिलाएं स्वस्थ रहेगी और स्वस्थ शिशुओं को जन्म देगी, जिससे समाज एवं आने वाली पीढ़ी भी स्वस्थ होगी। सिविल सर्जन डॉक्टर अजय कुमार ने कहा सहिया स्वस्थ समाज की रीढ़ है। जिले में 1889 सहिया हैं जो जिले के विभिन्न सुदूर ग्रामीणों में कार्यरत हैं। इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य के लिए जिले के प्रत्येक प्रखंड की 10 सहियाओं को प्रमाण पत्र के साथ उपहार देकर सम्मानित किया गया। जिला कार्यक्रम समन्वय अर्चना तिग्गा ने सहिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

## एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने 15 सदस्यीय टीम आज होंगे गुजरात रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** 19 वां नेशनल अन्तर जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भाग लेने सरायकेला खरसावां जिला एथलेटिक्स टीम के 15 सदस्यीय 14 फरवरी रात टाटा नगर रेलवे स्टेशन से रवाना होंगे। यह प्रतियोगिता गुजरात के अहमदाबाद विश्वास विद्यालय स्टेडियम में 16 फरवरी से 19 फरवरी 2024 तक आयोजित हो रहा है। इन एथलीटों को अमलगम स्टील कंपनी कांड्रा के प्रिएश कुमार, गौरांग साहु, सामाजसेवी -सुधीर महतो , सुनील महतो, के हाथों से ट्रेक सूट देकर सम्मानित सह शुभकामनाएं देते हुए विदा किया गया। जिला एथलेटिक्स टीम के बालक वर्ग में -आदित्य सिंह, अक्षत महतो, सागर मुर्मू, विश्वासजित महतो, शुचांद महतो, अंकित कुमार, मिलन सोय, कोच -करमु मंडल, मैंनेजर -बेबी महतो ,सोहिल सोरेन, तापस पाण्डेय, बालिका वर्ग में - काजल कुमारी, मोनिका महतो, लक्ष्मी सिंह मुण्डा, अभिलाषा गोप, मनोशी महतो, मोनिका सोरेन हैं। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव सिकन्दर महतो ने इसकी जानकारी दी। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, उपाध्यक्ष गणेश चंद्र महतो, नित्यानंद महतो, कोषाध्यक्ष विष्णु नारायण सिंह, लक्षमण महतो, शंकर महतो ने टीम को सफलता की शुभकामनाएं देकर रवाना कराये।

## जमशेदपुर लोस चुनाव लड़ेगी आजसू पार्टी : कन्हैया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति की बैठक आज कदमा स्थित मंगल सिंह अखाड़ा क्लब में हुई, बैठक की अध्यक्षता करते हुए पार्टी जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा की आजसू पार्टी संगठन मजबूती के साथ साथ केंद्रीय नेतृत्व के दिशा निर्देश पर सदस्यता अभियान और छात्र इकाई द्वारा कार्यक्रम की तैयारी को लेकर समीक्षा की गई। साथ ही जमशेदपुर लोकसभा चुनाव मजबूती के साथ आजसू पार्टी पुरे दम खम से लड़ेगी। साथ ही प्रभारी सह प्रभारी के आलावे चुनाव को देखते हुए प्रखंड प्रभारी की नियुक्ति की गई है। उक्त बैठक में भाजपा नेता भोला तिवारी समर्थको संग आजसू में हुए शामिल जिसमे मुख्य रूप से हरी दत्त तिवारी,जयपाल



यादव, ब्रजेश यादव, जय हरी प्रमाणिक, सुमित कुमार चौधरी, मनीष कुमार ठाकुर, रौशन सिंह नीतेश कुमार्ज बिट्टू कुमार केदारनाथ , विजय साहू समेत दर्जनों में पार्टी की सदस्यता लिए।

**जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा पत्र लीक मामले की जांच सीबीआई से हो : सहीस**

बैठक में बतौर अतिथि केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा, युवाओं के जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पत्र लीक हो गया जिसके कारण वर्तमान सरकार लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है आजसू पार्टी इसे गंभीरता से लिया है और इस पूरे घटनाक्रम की सीबीआई जांच की मांग करती है और इसके लिए केंद्रीय नेतृत्व ने छात्र संघ को इसके लिए सड़क से सदन तक आंदोलन करना होगा।

## पातकुम से लाबा 17 किमी पथ का विधायक सविता महतो ने किया भूमिपूजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के पातकुम से लाबा भाया डुमटांड़ सड़क का विधायक सविता महतो ने भूमिपूजन कर शिलापट्ट का अनावरण कर सड़क का आधारशिला रखी। वर्षो से बहु-प्रतीक्षित उक्त सड़क का मांग किया जा रहा था। 8 पंचायत के ग्रामीणों का प्रखंड मुख्यालय, सामुदायिक चिकित्सा केंद्र व अनुमंडल कार्यालय यातायात के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। पातकुम से लाबा 17 किलोमीटर सड़क का निर्माण 34 करोड़ की लागत से बनाया जाएगा। विधायक सविता महतो ने कहा कि अपने पति पूर्व उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय



सुधीर महतो के द्वारा ईचागढ़ पातकुम पुल का शिलान्यास किया गया था और आज इस सड़क का पुनर्निर्माण कार्य का भूमिपूजन मेरे द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा आनलाइन शिलान्यास किया गया था, जिसका भूमि पूजन कर आधारशिला रखा गया। विधायक ने कहा कि ईचागढ़ क्षेत्र में दर्जनों सड़कों का शिलान्यास किया जाएगा। मौके पर राजा प्रशांत कुमार आदित्यदेव ,जिप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, एसडीएम गिरजा शंकर महतो, एसडीपीओ सुनील कुमार राजवार ,प्रमुख गुरूपद मार्डी, जिप सदस्य जोतीलाल मांझी, राखोहरी सिंह मुण्डा, बीडीओ किकु महतो, केन्द्रीय सदस्य काबलू महतो सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## रात के अधेरें का फायदा उठा हाथियों ने मचाया उत्पात, तोड़ा घर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ व कुकडु प्रखंड क्षेत्र में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं मंगलवार की अहले सुबह करीब दो से तीन बजे के बीच दो तीन की संख्या में हाथियों का झुंड कांकीटाड़ में जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने तीन घरों को क्षतिग्रस्त कर घर में रखे अनाज को खा गए। वहीं घर में रखे समानों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथियों ने पुष्पा देवी, सोनाराम गोप, विश्वनाथ गोप व दिवाकर गोप का मकान को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं घटना कि सूचना मिलते ही उप प्रमुख दीपक कुमार साव,ग्राम प्रधान सुधीर सिंह मुण्डा,वन रक्षी कैलाश महतो गांव पहुंचे व क्षति का जायजा लिया। वन रक्षी ने ग्रामीणों के बीच पटाखे का भी वितरण किया। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के डर से आग और मशाल जलाकर हाथियों को गांव से भगाया। उन्होंने कहा कि हमारे इस गांव में जर्जर और कच्चे मकान में लोग रहते हैं। उन्होंने क्षतिग्रस्त मकानों का सही मुआवजा व आबुआ आवास देने का मांग किया। वहीं उप प्रमुख दीपक कुमार साव ने आबुआ आवास व टार्च देने का आश्वासन दिया।

### कीनन स्टेडियम में मीडिया कप क्रिकेट 24 का रंगारंग हुआ आगाज, जुटे शहर व अंचल के मीडियाकर्मी

# पत्रकारिता के साथ खेलकूद का समन्वय अनुठा : एसएसपी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के सालाना खेल उत्सव मीडिया कप क्रिकेट 2024 का रंगारंग शुभारंभ मंगलवार को कीनन स्टेडियम में हुआ। इस दौरान बैंड की प्रस्तुति के साथ आकर्षक नृत्य कार्यक्रम ने लोगों का मन मोह लिया। आयोजन के मुख्य अतिथि एसएसपी किशोर कौशल ने कहा पत्रकारिता के साथ खेलकूद का समन्वय अनुठा है, मैं पहली बार इतनी बड़ी संख्या में पत्रकारों को खेल उत्सव में भाग लेते देख रहा हूं। यह मेरे लिए न सिर्फ अविस्मरणीय है बल्कि समाज के लिए भी अनुकरणीय है। उन्होंने सभी पत्रकारों को आयोजन की शुभकामनाएं देते हुए टूर्नामेंट में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का आहवान किया। इस अवसर पर ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, टीएसयूआईएसएल एमडी ऋतुराज सिन्हा, टाटा स्टील कारपोरेट कम्युनिकेशन चीफ सर्वेश कुमार, भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर सौरभ तिवारी, टाटा स्टील कारपोरेट कम्युनिकेशन हेड रुना राजीव कुमार, जेएनएसी विशेष पदाधिकारी रवि प्रकाश, श्रीलेदर्स के निदेशक शेखर डे, उपनिदेशक सुशंतो डे,आस्था ग्रुप निदेशक सुंदर सिंह, खादी बोर्ड के सदस्य मनोज कुमार सिंह, समाजसेवी शिव शंकर सिंह और उदघाटन सत्र के समापन में विधायक सरयू राय भी उपस्थित थे। बारिश की बूंदाबांदी के बीच कीनन स्टेडियम में शहर के अलावा ग्रामीण अंचल के भी पत्रकार बड़ी तादाद में जुटे थे। ड्यूज बॉल की आठ टीमों के साथ टेनिस बॉल क्रिकेट की छह टीमों के प्रतिभागी अपने कप्तान के साथ यहां उदघाटन सत्र में जुटे थे। कार्यक्रम का संचालन अंतरा बोस ने किया। पहले दिन का प्रदर्शनी मैच बारिश की वजह से रद्द कर दिया गया। आयोजन में अध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह पुतुल, महासचिव अंजनी पांडे, प्रबंध समिति प्रमुख जयेश ठाकोर, विनय पूर्ति, मनोज सिंह, संरक्षक जयप्रकाश राय एवं जमशेदपुर प्रेस क्लब के अन्य सदस्य जुटे रहें।




### आज से आर्मरी में टेनिस बॉल और 21 से ड्यूज बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट होगा शुरु

14 फरवरी से टेनिस बॉल टूर्नामेंट का आयोजन होगा। इसके बाद 21 फरवरी से ड्यूज बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होगा। टेनिस बॉल क्रिकेट के मैच और मेरी ग्राउंड में खेले जाएंगे जबकि ड्यूज बॉल क्रिकेट के मैच कीनन स्टेडियम में तथा टेल्को स्टेडियम में खेले जाएंगे। ड्यूज बॉल में कुल आठ टीमें भाग ले रही है जबकि टेनिस में छह टीमें शामिल हैं। इस टूर्नामेंट में पिछली बार की तरह जमशेदपुर शहर के अलावा अंचल के मीडियाकर्मी भी भाग ले रहे है। इस आयोजन में कुल साढ़े तीन सौ से ज्यादा पत्रकार व मीडियाकर्मी भाग ले रहे है।

# जेईई मेन-2024 में नारायणा के छात्रों का बेहतर प्रदर्शन, 8 छात्रों ने हासिल किया 100 परसेन्टाइल

### जमशेदपुर सेन्टर से 85 परसेन्टाइल से अधिक स्कोर करने वाले छात्रों की संख्या 88




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** साकची स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान 'नारायणा आई.आई.टी./नीट एकेडमी, जमशेदपुर' के छात्र-छात्राओं ने जे.ई.ई.(मेन)-जनवरी 2024 में अपार सफलता अर्जित की। नारायणा जमशेदपुर सेन्टर के निदेशक श्याम भूषण ने कहा कि जे.ई.ई.(मेन)-जनवरी 2024 के रिजल्ट जिसमें नारायणा का ऑल ओवर इंडिया से 100 परसेन्टाइल लाने वाले छात्रों की संख्या 8 है जिसमें एम. साई तेजा, शेख सुरज, आर्यन प्रकाश, एम. अनुप, रोहन साई, एच. विदित, टी. दिनेश रेड्डी तथा अमोध अग्रवाल है। श्री भुषण ने बताया कि नारायणा जमशेदपुर सेन्टर से 85 परसेन्टाइल से अधिक स्कोर करने वाले छात्रों की संख्या 88 है, जिसकी गणना अभी भी जारी है जिसमें और अधिक छात्रों के 85 परसेन्टाइल से अधिक स्कोर होने की संभावना है। नारायणा जमशेदपुर सेन्टर से फिजिक्स में 100 परसेन्टाईल पाने वाला छात्र किलय कर्ण सिंह नारायणा जमशेदपुर सेन्टर का पाँच वर्षीय क्लासरूम प्रोगाम का छात्र है।

## नारायणा जमशेदपुर से जे.ई.ई. (मेन) जनवरी 2024 में 90 परसेन्टाइल से अधिक स्कोर करने वाले छात्रों की सूची

किसलय करण सिंह (100 परसेन्टाइल-फिजिक्स), सचिन कुमार गुप्ता (99.6442432), आदर्श राय (99.1015198), प्रियांशु शर्मा (99.0801655), अक्षत सिन्हा (98.7661279), अर्श गदी (98.1814111), मिस्टी शर्मा (98.0770192), शुभम कुमार (97.7618411), क्षितिज नयन (97.6753229), नभया कोठारी (97.4401638), शाह इरम हासमी (97.2003848), प्रेरणा बोथरा (97.0230458), आदित्या कुमार (97.0184960), अखिल कुमार (96.5906251), संजय कुमार शर्मा (96.5154078), अभिषेक कुमार (96.2016610), अयान कुण्डु (96.1554068), अंशु कुमारी (96.1226439), मो. फैजान आरिफ (96.0021059), सौरव कुमार झा (95.8073524), अनिजित महाता (95.7995198), अनिका सिंह (95.7226258), अक्षत कुमार (95.739), दिलराज सिंह (95.3957983), अनुराग कर (95.0749604), रितिकेश कुंवर (94.9474200), शैना गेरा (94.8205563),अभिषेक राज (94.7665631), निशु कुमारी (94.7346648), नंदिनी सिंह (94.7157977), शुभांगी दुबे (94.6260506), देबायन लोध (94.5058678), तापस कुण्डु (94.2480314), करण कुमार प्रसाद (93.9676743),इपशिता मंडल (93.4232944), निशांत कुमार (93.0225874), रिषी कुमार चैरसिया (92.4308514) रक्षंदा रजि (92.0932761), नभम (91.9623069), अनुभव साव (91.6746484), अभिनव आनंद (91.5553981), पी. सम्पत गणेश (91.5042763), हर्ष कुमार (90.3321954)। श्री भूषण ने छात्रो के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना देते हुए आगे बताया कि ये छात्र-छात्राए आगामी जे.ई.ई. (मेन एवं एडवान्स)-2024 की परीक्षा में भी शहर के टॉपर होंगे।

संपादकीया

## विकास की उम्मीद हराम

**हिमाचल** में विकास को तरसती आंखें आज भी अनिश्चय के संदर्भों में उलझी हैं। जब फोरलेन प्रोजेक्ट ने मंडी का सफर तय किया, लोगों ने जमीन पर बारूद उगा दिया और अब कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार के सामने विस्फोट के तौर तरीके बिछा कर सवाल किए जा रहे हैं। लोग तरक्की की फसल काटना चाहते हैं, लेकिन जमीन पर पांव धरने की इजाजत नहीं देते। उन्हें घर की गली तक वाहन चलाने योग्य सडक़ चाहिए, लेकिन अपनी दो इंच जमीन देना गंवारा नहीं। उन्हें चौबीस घंटे पानी और बिजली की आपूर्ति चाहिए, लेकिन न घर के सामने कोई पोल और न ही जमीन से पानी के पाइप गुजरने की मंजूरी देते। लैंड सीलिंग एक्ट ने कई समाज बना दिए। एक वे जो लघु जमींदार थे, उनसे छीनकर जमीन ने एक नए समाज की पैमाइश कर ली। दूसरे वे जिनकी जमीन पर बागीचे खड़े थे, वे अपनी संपत्ति के पूरी तरह मालिक बने रहे। मुजारों में बंटी जमीनों की बोली लगी और मुफ्त के दालान में कृषि योग्य जमीन का मोल तय हो गया। अब जन सुनवाई के मोर्चे पर दलीलें विकास पर इस कद्र भारी हैं कि हिमाचल सिर्फ गुजारे लायक तर्क और मंच के लायक घोषणाएं चुन सकता है। विकास की अपेक्षा में समाज यूं तो राजनीति की चटनी पीस-पीस कर हर बार सत्ता के आशियाने और विपक्ष के खजाने बदल देता है, लेकिन हर सरकार की लागत बढ़ाकर समाज के भीतर सिर्फ फायदे चुनने की तासीर ही पैदा हो रही है। इसी के साथ सामाजिक मंशा में एक स्वघोषित और सियासत से पोषित अतिक्रमण भी है। ऐसा कोई गांव नहीं जहां की सार्वजनिक जमीन पर डाका न पड़ा हो। ऐसा कोई शहर नहीं जहां की संपत्तियों पर कब्जाधारी न हों। जो समाज कूहलें, खड्डें व नाले चुरा सकता हो, उससे सार्वजनिक विकास की उम्मीद करना भी हराम है। ऐसा तब भी हुआ था जब धूमल सरकार ने एविएशन से जुड़ा एसईजेड ऊना में विकसित करके एक बड़े हवाई अड्डे की परिकल्पना की थी। यह इसलिए क्योंकि वहां की सार्वजनिक जमीनों पर अतिक्रमणकारी पनप चुके थे। कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तार के भीतर कितनी सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण, कितनी कूहलों और रास्तों की बर्बादी और कितनी लैंड सीलिंग एक्ट से मिली जमीन बिकी है, इसका हिसाब लगाया जाए तो गगल कस्बे में कितने ही एकड़ सार्वजनिक भूमि निकल आएगी। एक सर्वेक्षण यह कर लें कि प्रस्तावित एयरपोर्ट की जमीन में कितने बंजर खेत, कितने नए भवन, कितने आवारा पशु और इस इलाके के बाजारों में कितना स्थानीय अनाज बिकता है। हैरानी यह कि हिमाचल में अब कोई ऐसी भूमि नहीं जो हमें भरपेट खिला सके। एयरपोर्ट विस्तार के भीतर खड़ी दुकानों में बाहरी राज्यों से आई दूध की थैलियां, आटे और चावल की बोरियां और तेल की बोतलें बताती हैं कि अब एक दिन बाहरी राज्यों से आपूर्ति न हो तो सारे चूल्हे ठंडे हो जाएंगे। इतना ही नहीं, एयरपोर्ट विस्तार के क्षेत्र में सरकारी व अन्य रोजगार का विश्लेषण करें ताकि मालूम हो कि अब हल की जोत कितनी बची है। बेशक कांगड़ा एयरपोर्ट पुनर्वास के मानक एक नया अध्याय जोडऩा चाहते हैं। पुनर्वास की बेहतर तस्वीर के तहत काम के बदले काम, व्यापार के बदले व्यापार और आवास के बदले आवास मिलना चाहिए, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि सामाजिक सौदेबाजी में विकास का अर्थ गुम हो जाए। बेशक कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार की रूपरेखा में आ रहे व्यापारिक संस्थानों को भविष्य की चिंता है, लेकिन इन कस्बों में सडक़ों को निगल चुके वाहनों या बाजारों तक बिछ गए दुकान के सामान ने कौनसा सदाचार पैदा किया है। बहरहाल जन सुनवाई के शोर में विकास मुजरिम है, सरहद के हिसाब से हर पैमाइश दुश्मन है। विकास दुश्मन है, अगर इसकी जरूरत हमारे आंगन की मिट्टी से मुलाकात करे। विकास दुश्मन है, अगर इसकी बात जंगलात महकमे से करें। बावजूद इसके सुक्खू सरकार ने कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार के मायनों में पुनर्वास की सारी खिड़कियां खोली हैं। बेहतर यह होगा कि कांगड़ा एयरपोर्ट पुनर्वास को कांगड़ा पर्यटन राजधानी के अंतर्गत जगह, जिरह और धंधा दिया जाए। एयरपोर्ट के चारों ओर अगर कोरिडोर बनाकर व्यापार संवर्धन की अधोसंरचना पैदा की जाए, तो कहीं ट्रांसपोर्ट नगर, कहीं पर्यटन गांव, कहीं फर्नीचर बाजार, तो कहीं भविष्य की मार्किट बसाई जा सकती है।

> हिमाचल सिर्फ गुजारे लायक तर्क और मंच के लायक घोषणाएं चुन सकता है। विकास की अपेक्षा में समाज यूं तो राजनीति की चटनी पीस-पीस कर हर बार सत्ता के आशियाने और विपक्ष के खजाने बदल देता है, लेकिन हर सरकार की लागत बढ़ाकर समाज के भीतर सिर्फ फायदे चुनने की तासीर ही पैदा हो रही है। इसी के साथ सामाजिक मंशा में एक स्वघोषित और सियासत से पोषित अतिक्रमण भी है। ऐसा कोई गांव नहीं जहां की सार्वजनिक जमीन पर डाका न पड़ा हो। ऐसा कोई शहर नहीं जहां की संपत्तियों पर कब्जाधारी न हों। जो समाज कूहलें, खड्डें व नाले चुरा सकता हो, उससे सार्वजनिक विकास की उम्मीद करना भी हराम है। ऐसा तब भी हुआ था जब धूमल सरकार ने एविएशन से जुड़ा एसईजेड ऊना में विकसित करके एक बड़े हवाई अड्डे की परिकल्पना की थी। यह इसलिए क्योंकि वहां की सार्वजनिक जमीनों पर अतिक्रमणकारी पनप चुके थे। कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तार के भीतर कितनी सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण, कितनी कूहलों और रास्तों की बर्बादी और कितनी लैंड सीलिंग एक्ट से मिली जमीन बिकी है।

### सूचकांक रिपोर्ट 2023 के तहत भी भारत 6 पायदान की छलांग के साथ 139 देशों की सूची में 38वें स्थान पर पहुंच गया

## लॉजिस्टिक लागत घटने का परिदृश्य

डा. जयंतीलाल भंडारी

> भारत में वर्ष 2024 में विनिर्माण, कारोबार, निर्यात और रोजगार के मौके बढ़ाने में घटती हुई लॉजिस्टिक लागत की अहम भूमिका होगी। हाल ही में उद्योग व आंतरिक व्यापार संवद्र्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने 'भारत में लॉजिस्टिक्स लागत : आकलन और दीर्घावधि फ्रेमवर्क' रिपोर्ट 2023 को जारी करते हुए कहा कि वित वर्ष 2021-22 में भारत की लॉजिस्टिक्स लागत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 7.8 से 8.9 प्रतिशत के बीच रही है।

**इन** दिनों राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत में लॉजिस्टिक लागत घटने से संबंधित जो अध्ययन रिपोर्टें प्रकाशित हो रही हैं, उनके आधार पर भारत में वर्ष 2024 में विनिर्माण, कारोबार, निर्यात और रोजगार के मौके बढ़ाने में घटती हुई लॉजिस्टिक लागत की अहम भूमिका होगी। हाल ही में उद्योग व आंतरिक व्यापार संवद्र्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने 'भारत में लॉजिस्टिक्स लागत : आकलन और दीर्घावधि फ्रेमवर्क' रिपोर्ट 2023 को जारी करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 में भारत की लॉजिस्टिक्स लागत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 7.8 से 8.9 प्रतिशत के बीच रही है। इस लॉजिस्टिक लागत में यातायात लागत, वेयर हाउसिंग और भंडारण लागत, सहायक सहायता सेवाओं की लागत, पैकेजिंग की लागत, बीमा लागत और अन्य संचालन लागतें शामिल की गई हैं। नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकानॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) द्वारा विश्व बैंक के निर्धारित मापदंडों पर तैयार की गई इस रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में जमीनी स्तर पर बुनियादी ढांचे, डिजिटलीकरण, अंतरराष्ट्रीय शिपमेंट तथा यातायात के साधनों में बड़े निवेश और आधुनिकीकरण जैसे अहम कारणों से लॉजिस्टिक लागत में बड़ी कमी आई है। उल्लेखनीय है कि विश्व बैंक के लॉजिस्टिक प्रदर्शन सूचकांक रिपोर्ट 2023 के तहत भी भारत 6 पायदान की छलांग के साथ 139 देशों की सूची में 38वें स्थान पर पहुंच गया है। भारत 2018 में इस सूचकांक में 44वें तथा 2014 में 54वें स्थान पर था। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में जिस रणनीतिक रूप से पीएम गति शक्ति योजना 2021 और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति (एनएलपी) 2022 का कार्यान्वयन शुरू किया गया है, उससे भारत में लॉजिस्टिक लागत में कमी का परिदृश्य लगातार उभरकर दिखाई देने लगा है।

ज्ञातव्य है कि सामान्यतः वस्तु के उत्पादन में कच्चे माल की लागत पहले क्रम पर और मजदूरी की लागत दूसरे क्रम पर होती है। फिर लॉजिस्टिक लागत का क्रम आता है। उत्पादों एवं वस्तुओं को उत्पादित स्थान से गंतव्य स्थान तक पहुंचाने तक लगने वाले परिवहन, भंडारण व अन्य खर्च को लॉजिस्टिक खर्च कहा जाता है। जहां डीपीआईआईटी के द्वारा हाल ही में प्रस्तुत रिपोर्ट में लॉजिस्टिक लागत नौ फीसदी से भी कम रहने की बात कही गई है, वहीं लॉजिस्टिक से जुड़े कई संगठनों की अध्ययन रिपोर्टों में भारत में लॉजिस्टिक की लागत जीडीपी के 10 फीसदी से अधिक होने के




अनुमान भी प्रस्तुत किए जा रहे हैं। वस्तुतः कोई एक वर्ष पहले 17 सितंबर 2022 को लांच हुई राष्ट्रीय लॉजिस्टिक पॉलिसी का लक्ष्य पांच साल में देश में लॉजिस्टिक लागत को घटाकर 8 फीसदी करना है। साथ ही इसका लक्ष्य 2030 तक कम लॉजिस्टिक खर्च वाले दुनिया के टॉप 25 देशों की सूची में देश को भी कम लॉजिस्टिक लागत वाले देश के रूप में स्थान दिला पाना भी है। इसका लक्ष्य माल परिवहन की लागत घटाकर सभी प्रकार के उद्योग-कारोबार को बढ़ावा देना और वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाना भी है। चूंकि वर्तमान में लॉजिस्टिक्स का ज्यादातर काम सडक़ों के जरिए होता है, अतएव अब इस नीति के तहत रेल ट्रांसपोर्ट के साथ-साथ शिपिंग और एयर ट्रांसपोर्ट पर जोर दिया जा रहा है। लगभग 50 प्रतिशत कार्गो को रेलवे के जरिए भेजे जाने का लक्ष्य आगे बढ़ाया जा रहा है और सडक़ों पर ट्रैफिक को कम किया जा रहा है। देश में बुनियादी ढांचे का तेजी से निर्माण होने लगा है। साथ ही लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में ड्रोन का भी इस्तेमाल शुरू हुआ है। निःसंदेह नई लॉजिस्टिक नीति और करीब 100 लाख करोड़ रुपए की महत्त्वाकांक्षी पीएम गतिशक्ति योजना एक सिक्के के दो पहलू की तरह ही हैं।

गति शक्ति योजना का मुख्य लक्ष्य देश में एकीकृत रूप से बुनियादी ढांचे का विकास करना है। वस्तुतः देश में सडक़, रेल, जलमार्ग आदि के इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े 16 मंत्रालयों और विभागों के बीच पीएम गतिशक्ति योजना के तहत सहकार व समन्वय बनाने का काम तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। गतिशक्ति योजना के तहत पिछले दो वर्षों में विभिन्न विभागों की अवसंरचना विकास से जुड़ी गतिविधियों को एक केंद्रीकृत डिजिटल पोर्टल के तहत लाए जाने का काम हुआ है। साथ ही अब रेलवे, सडक़, बंदरगाह, जलमार्ग, हवाई अड्डे, सार्वजनिक परिवहन और लॉजिस्टिक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के रूप में चिन्हित किए गए सात इंजनों के तहत भारतमाला (राजमार्ग), सागरमाला (तटीय नौवहन), उड़ान (वायु सेवाओं), भारत नेट (दूरसंचार सेवाओं), रेलवे विस्तार और अंतर्देशीय जलमार्ग विस्तार जैसी महत्त्वपूर्ण योजनाओं को समन्वित रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। वस्तुतः इस समय केंद्र सरकार सडक़ और रेल मार्ग, दोनों में सुधार पर ध्यान दे रही है। देश के प्रमुख शहरों और औद्योगिक एवं कारोबारी केंद्रों के बीच की दूरी कम करने के लिए एक तरफ डेडिकेटेड फ्रेट कोरिडोर के जरिए रेल मार्ग से माल ढुलाई को तेज करने की कवायद कर रही है, दूसरी तरफ देश के लगभग हर हिस्से में ग्रीनफील्ड हाईवे प्रोजेक्ट चल रहे हैं। इसके साथ ही राजमार्गों पर आधारित इंडस्ट्रियल कोरिडोर भी बनाए जा रहे हैं। यह बात भी उभरकर दिखाई दे रही है कि देश में बुनियादी ढांचे के तहत सडक़ों, रेलवे, बिजली और हवाई अड्डों के अलावा बंदरगाह से संबंधित सडक़ और रेल कनेक्टिविटी में भी निजी निवेश का प्रवाह अहम भूमिका निभा रहा है। यात्रा के आधार पर भारत का लगभग 90 फीसदी से अधिक विदेश व्यापार समुद्री मार्ग से होता है। देश में नवीनतम बंदरगाह नीति के तहत बंदरगाह 'लैंडलॉर्ड मॉडल' की शुरुआत के साथ सरकार के स्वामित्व वाले प्रमुख बंदरगाह की परिचालन जिम्मेदारियां निजी क्षेत्र को सौंपने की रणनीति के कारण बंदरगाह विकास और संचालन में घरेलू और विदेशी निजी क्षेत्र की भागीदारी तेजी से बढ़ी है।

ऐसे में दुनिया भर में शिपिंग और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में भारतीय बंदरगाहों की सराहना हो रही है और कहा जा रहा है कि भारत विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के बीच जहाजों पर से माल उतारने और लादने की बेहतर नीति का प्रदर्शन कर रहा है। इससे कई निर्यात आधारित उद्योगों की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ रही है। हम उम्मीद करें कि केंद्रीय उद्योग व आंतरिक व्यापार संवद्र्धन विभाग के द्वारा वर्ष 2021-22 में देश में लॉजिस्टिक लागत जीडीपी के 7.8 से 8.9 फीसदी रहने और अन्य कई अध्ययनों में इसे 10 फीसदी के आसपास रहने की रिपोर्टों के परिवेश में अब देश में राष्ट्रीय लॉजिस्टिक नीति तथा पीएम गतिशक्ति योजना के और तेजी से कारगर क्रियान्वयन से आगामी नए वर्ष 2024 में भारत में लॉजिस्टिक लागत में और कमी आएगी। ऐसे में भारत की वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा क्षमता बढ़ेगी।

दृष्टि कोण

## लोकसभा चुनावों के लिए दलों की तैयारियां

**अयोध्या** में भव्य राम मंदिर में 22 जनवरी 2024 को श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा ने पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी के लिए एक ऐसे संदेश का काम किया है, जिससे लोगों का पार्टी के प्रति और उनके वादों के प्रति विश्वास और बढ़ गया है। देश में 18वीं लोकसभा के लिए चुनावों की घोषणा शीघ्र ही हो सकती है। भारतीय जनता पार्टी चुनाव के लिए तैयार है, ऐसा लग रहा है। पार्टी का नया नारा है 'अबकी बार 400 पार, तीसरी बार मोदी सरकार'। यह नारा अपने आप में पार्टी की जनता के बीच मजबूत स्थिति को बयां करता है। 22 जनवरी को भगवान श्री राम के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा या उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का दौरा शुरू कर दिया है, लेकिन इससे पूर्व, देश के गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा राज्यों का दौरा शुरू कर चुके हैं। अयोध्या नगरी की पूरी काया पलट हो गई है। भव्य एयरपोर्ट, रेलवे जंक्शन और सडक़ों को नया जीवन प्रदान किया गया है। भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव में किए हुए वादों को निभाने का पूरा प्रयास किया है। श्री राम मंदिर का मुद्दा सबसे प्रमुख था, जो करोड़ों भारतीयों की धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ है। भारतीय जनता पार्टी या नेशनल डेमोक्रेटिक अलायन्स को इसका चुनाव में भरपूर लाभ मिल सकता है। उधर कांग्रेस पार्टी और देश के दूसरे राजनीतिक दलों का गठबंधन, जिसे इंडि अलायन्स का नाम दिया गया है, अभी तक आपसी मतभेदों को सुलझाने में लगा है। ममता बनर्जी और नीतीश कुमार बहुत सी बातों को लेकर अंदर ही अंदर क्षुब्ध हैं। जैसे-जैसे चुनावों की घोषणा का समय नजदीक आएगा, इनमें कलह और बढ़ती जाएगी। 2023 में पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को अभूतपूर्व विजय मिली जिससे पार्टी का उत्साह और भी बढ़ गया है। उधर दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी को राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अपनी सरकारें खोनी पड़ी। मध्यप्रदेश में कांग्रेस पार्टी को सत्ता वापस मिलने की पूरी उम्मीद थी, लेकिन जनता ने उन्हें सीधे-सीधे अस्वीकार कर दिया। इन विधानसभा चुनावों के नतीजों से यह स्पष्ट हो गया कि मतदाता भारतीय जनता पार्टी से पूरी तरह खुश हैं। वर्ष 2024 भारत के लिए निर्णायक वर्ष है, क्योंकि इस वर्ष 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव होंगे। इन चुनावों की घोषणा कभी भी हो सकती है। इसी तरह अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए भी चुनाव इसी साल होने हैं। 2014 से केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की अभूतपूर्व विजय इस बात का सबूत है कि लोग केंद्र में एक सुदृढ़ सरकार को लेकर एकमत हैं। भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में की गई घोषणाओं और वादों को निभाया है। चाहे वह महंगाई और बेरोजगारी को लेकर इतनी आक्रामक नहीं रही, लेकिन राम मंदिर का वादा उन्होंने निभा दिया, धारा 370 को हटाना, देश में आंतरिक सुरक्षा के नए मापदंड कायम करना और संसार में भारत देश का नाम इज्जत से लिया जाने लगा है। उसका सारा श्रेय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। 18वीं लोकसभा के लिए 543 सीटों के लिए चुनाव होंगे। आंध्र प्रदेश में 42, मध्यप्रदेश में 29, बिहार में 40, महाराष्ट्र में 48, पश्चिम बंगाल में 42, कर्नाटक में 28, उत्तर प्रदेश में 80 और राजस्थान में 25, केरल में 20 और गुजरात में 26 सीटें हैं जो बहुत निर्णायक हैं। बाकी के राज्यों में सीटों का अनुपात कम है। बहुत सालों से यह देखा गया है कि जो पार्टी उत्तर प्रदेश में चुनाव जीत लेती है, केंद्र में उसकी सरकार बनती है। यह कई बार साबित भी हो चुका है। नेशनल डेमोक्रेटिक अलायन्स को इन राज्यों में अपनी बढ़त हासिल करनी होगी। इसलिए यह नारा कि अबकी बार 400 पार, तीसरी बार मोदी सरकार, दिया गया है। उधर इंडि अलायन्स की यह कोशिश रहेगी कि मोदी सरकार की हैट्रिक न बनने दी जाए। इसी बात को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश और बिहार में बड़ी संख्या में अपने उमीदवार चुनाव में उतारेगी ताकि भारतीय जनता पार्टी के आंकड़ों को बिगाड़ा जा सके। पश्चिम बंगाल में 42 सीटों पर मुकाबला होना है। भारतीय जनता पार्टी और तृणमूल कांग्रेस की सीधी टक्कर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और देश के गृह मंत्री अमित शाह ने ग्रास रूट स्तर पर पिछले कई सालों से कार्य शुरू किया था और उसे अब भी उतनी ही गंभीरता से किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान जैसे राज्यों में, जिन्हें हिंदी बेल्ट या काऊ बेल्ट भी कहा जाता है, भारतीय जनता पार्टी को श्री राम मंदिर निर्माण जनता को समर्पित करने का पूरा लाभ मिलेगा। श्री राम हिंदुओं की आस्था का विषय हैं। उधर हिमाचल में विधिवत चुनाव की घोषणा से पहले ही तैयारियां शुरू हो गयी हैं। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा, जो राज्यसभा के सदस्य भी हैं और उनका राज्यसभा का कार्यकाल भी खत्म होने को है, चाहें तो लोकसभा का चुनाव मंडी संसदीय क्षेत्र से लड़ सकते हैं, क्योंकि मंडी सीट अभी कांग्रेस के पास है। यहां पर एक मजबूत नेता चाहिए जो भारी बहुमतों से यह सीट जीत सके। कांग्रेस का भी पूरा प्रयास रहेगा इस सीट को जीतने का। दक्षिण भारत में चुनाव के अलग परिणाम हो सकते हैं इस बार। तेलंगाना में भले ही कांग्रेस पार्टी की सरकार बन गई हो, लेकिन भारतीय जनता पार्टी को बढ़त हासिल हो सकती है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा पटेल नगर स्थित अनमोल बचपन प्ले स्कूल एवं एसएससी के द्वारा राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें नन्हे मुन्ने सितारों के द्वारा भाग लिया गया और आकर्षक पेंटिंग बनाई गई इस मौके पर अनमोल बचपन प्ले स्कूल की शिक्षिका नमिता मिश्रा जय श्री गोस्वामी मानसी कुमारी सुशीला एंथोनी को निधि सिंह के द्वारा फूल और टॉफी देकर सम्मानित किया गया। महिला दिवस के अवसर पर संस्था की शिक्षिका नमिता मिश्रा ने कहा कि हम सभी महिलाओं को अपने हक और अधिकार के लिए बेहतर समाज के निर्माण के लिए कदम से कदम बढ़ाकर सहयोग करने की आवश्यकता है। दूसरी शिक्षिका मानसि कुमारी ने कहा



कि हम सभी महिलाओं को मर्यादा में रहकर देश हित में कार्य करने की आवश्यकता है जिससे हमारा देश का नाम रोशन हो तीसरी शिक्षिका उर्मिला कुमारी ने कहा कि महिलाओं को पुरुषों की तरह हर क्षेत्र में खेलकूद पढ़ाई एवं रोजगार में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। जय श्री गोस्वामी ने कहा कि अपने परिवार एवं समाज के प्रति सकारात्मक सोच के साथ अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए संस्था के निदेशक कुमार सिंह ने कहा कि नारी शक्ति ही वो शक्ति है जो अपने साहस परिश्रम और दूरदर्शिता से असंभव को संभव कर दिखाती है यदि महिलाओं के सशक्तिकरण का नाम किया जाता है 13 फरवरी प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है इसके साथ-साथ भारत कोकिला क्रांतिकारी और महान कवित्री की जयंती मनाई जाती है सरोजिनी नायडू भारत के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी और कवित्री है उन्हें भारत कोकिला यानी नाइटेंगल ऑफ़ इंडिया भी कहा जाता है इतना ही नहीं हुआ आजाद भारत के पहले महिला राज्यपाल भी रही है ब्रिटिश सरकार के खिलाफ देश को आजादी दिलाने के लिए हुए स्वतंत्रता आंदोलन में उनके भूमिका महत्वपूर्ण है वह हर महिला के लिए प्रेरणा स्रोत है राष्ट्रीय महिला दिवस सरोजिनी नायडू को समर्पित है सरोजिनी नायडू का जन्म 13 फरवरी 1879 को हुआ था। जब देश को 1947 में आजादी मिली तो उत्तर प्रदेश के राज्यपाल बनने का गौरव एक महिला को प्राप्त हुआ। वह महिला सरोजिनी नायडू से बाद में 2014 से सरोजिनी नायडू की जयंती को राष्ट्रीय महिला दिवस के तौर पर बनाने की शुरुआत की गई। इस मौके पर प्रेरणादायक महिलाओं की भूमिका को दर्शाया। इसमें मुख्य रूप से सरोजिनी नायडू लता मंगेशकर पीटी उषा वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भारत के पहले महिला राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल भारत के पहले महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भारत के प्रथम महिला मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी भारत की प्रथम महिला लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार प्रथम महिला स्नातक कदंबिनी गांगुली चंद्रमुखी बसु प्रथम महिला भारतीय आरक्षित सेवा आईपीएस किरण बेदी विश्व निशानेबाजी प्रतियोगिता विजेता तेजस्विनी सावंत भारतीय वायुसेना में प्रथम महिला पायलट हरिता कौर देओल प्रथम महिला अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला प्रथम महिला नौसेना पायलट शिवांगी सिंह महिला राष्ट्रीय आयोग की पहली महिला अध्यक्ष जयंती पटनायक एवं अनेक सफल महिलाएं प्रेरणा स्रोत है राष्ट्रीय महिला

## सुरेंद्र 10 वर्षों से बना रहे मां शारदे की प्रतिमा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** अरगड्डा बैगामोड़ व बिरसा चौक के समीप मां सरस्वती की प्रतिमा लेने के लिए सोमवार अपराह्न के बाद विद्यार्थियों, क्लब के युवाओं, शिक्षकों की खासा भीड़ लगी रही। मौसम खराब रहने के बावजूद विद्या की देवी के प्रतिमाओं को लोगों ने अपने सुविधा अनुसार लेने के बाद गंतव्य के लिए गए। यहां मूर्तिकार सुरेंद्र कुमार तूरी, निवासी कारुखाप बीते 10 वर्षों से अरगड्डा मोड़ पर मां शारदे की प्रतिमाएं बनाने का कार्य करते आए हैं। उन्होंने बताया कि मूर्ति बनाने का कार्य में 15 सालों से करता आ रहा हूं, इसी से आर्थिक आमदनी होती है और परिवार चलता है। इस बार मां शारदे की प्रतिमा में सहयोगी



कंजगी गांव के संजीत बेदिया, सदानंद बेदिया मेरा साथ दे रहे हैं। अबकी बार हजार रुपए से चार हजार के लगभग में प्रतिमाएं भक्तों को उपलब्ध हो रही हैं। सबसे बड़ी प्रतिमा बाल मंडली क्लब फुटबॉल मैदान, दूसरे स्थान पर हेसला की हैं। इधर मां शारदे के उत्सव को लेकर क्षेत्र के सरकारी, गैर सरकारी, विद्यालयों, चौक चौराहो में क्लब युवाओं के द्वारा विद्या की देवी का पूजन पाठन हर्षोल्लास के साथ मनाने की तैयारी की जा रही हैं। पूजन स्थलों को विद्युत रंग-बिरंगे झालरों से सजाया संवारा गया हैं। आधुनिक तरीके से सज्जा की भी तैयारी की जा रही हैं। पूरा क्षेत्र मां की भक्ति में डुबकी लगाने के लिए तैयार हैं। बुधवार को मां शारदे की प्रतिमा मुख का पट खोलना के बाद भक्तजन मां हंस वाहिनी की पूजा कर सुख शांति समृद्धि विद्या आदि का आशीर्वाद मांगेंगे। माता के जयकारों से पूजन क्षेत्र भक्तिमय बन उठेगा।

## लोकल सेल चालू करने को लेकर प्रबंधन से सेल कमिटी की हुई वार्ता

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी परियोजना के पोटंगा वर्कशॉप कार्यालय में मंगलवार को रोड सेल कमिटी के अध्यक्ष राजू यादव, महादेव बेसरा एवं उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार, एरिया सेल आफिसर आजाद कुमार, प्रोजेक्ट सेल आफिसर प्रदिप गुप्ता के बीच



रोड सेल चालू करने को लेकर वार्ता किया गया। रोड सेल कमिटी के अध्यक्ष राजू यादव ने कहा कि जल्द से जल्द सेल को चालू किया जाए। वहीं इस क्षेत्र में विस्थापित व ग्रामीणो का एक मात्र रोजगार रोड सेल है। प्रबंधन एवं सेल कमिटी के वार्ता के बाद प्रबंधन ने कहा कि सारी समस्याओ को दुर कर लिया गया है एक सप्ताह के अन्दर ही रोड सेल चालू कर दिया जाएगा। वहीं इस मौके पर डॉ जीआर भगत, सुमित सरकार, विश्वनाथ मांझी,विशाल सोरेन, सुखदेव सोरेन, बाल्मिकी यादव, सतीश कुमार,राधेश्याम आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।


## भारी बारिश के कारण सड़के रही सुनसान

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** काले बादलों के अहले सुबह से मंगलवार को बरसने के बाद कोयलांचल अरगड्डा-सिरका, जीएम ऑफिस गांव टोंगी,चपरी, कंजगी,बुमरी, चुंबा,हेसला, मनुवा, फुलसराय, कउवाबेड़ा, तेलियाटांड़ का जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। ठिठुरन में काफी बढ़ोतरी रही। मुख्य सड़क जीएम ऑफिस बाजार के समीप पेड़ गिरने से अरगड्डा-नईसराय मुख्य मार्ग पर अवरोध पैदा हुआ, ग्रामीणों द्वारा पेड़ काटकर हटाने का प्रयास हुआ। इधर अरगड्डा- सिरका सड़क के ऊपर गढ्ढो में पानी, कीचड़ भरा दृश्य दिखा। सड़के सुनसान देखी गई। बैगामोड़ अरगड्डा सरस्वती मूर्ति निर्माण स्थल पर तिरपाल लगाकर बारिश से निपटने का प्रयास किया गया। जबकि चुम्बा लुकैया चौक के गलियों में जल जमाव के कारण लोगों को चलने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस प्रकार के नजारे पूरे क्षेत्र में देखे गए। समाचार लिखे जाने तक जान- माल की क्षति का अनुमान नहीं लगाया जा सका हैं। मौसम को देखते हुए घरों से लोग केवल जरूरी कार्य के लिए ही निकले। इधर सरस्वती पूजा की तैयारी में विद्यार्थियों, युवाओं को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। कई जगहों के पंडाल बारिश के कारण तेजी से नहीं बन पा रहे थे। मौसम के मिजाज को लेकर लोगो में चिंता बनी हुई थी। हालांकि दोपहर बार बारिस थोड़ा ठहरा हुआ था, लेकिन आसमान में काले बादलो के बवंडर मंडरा रहे थे।



## सीसीएल सीएचपी सिरका बैरियर टूटकर गिरा, लापरवाह बना प्रबंधन

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल कोलियरी सिरका चेकपोस्ट का मंगलवार को बैरियर टूटकर बेसुध पड़ा हुआ दिखाई पड़ा। स्थानीय प्रबंधन के द्वारा इसे ठीक करने की तैयारी भी नहीं की जा रही थी। वहीं इस संबंध में सुरक्षा सिरका विभाग ने बताया कि सुबह मंगलवार को करीब 9ः45 बजे बैरियर स्वतः टूटकर गिर पड़ा। जिसके पाईप लोहे को साइड में रखा गया हैं। वहीं सूत्रों की माने तो बैरियर का लोहा पाईप ट्रक के धक्के से टूटा हैं। जो जांच का विषय हैं। हालांकि 13 फरवरी को लोकल सेल सिरका का कोयला उठाव डीओ समाप्त हो गया हैं। जिसके कारण कोयला लोडिंग के लिए गाड़ियां नहीं आई थी। इससे प्रबंधन ने राहत की सांस जरूर ली हैं। लेकिन बैरियर के टूट जाने से सीएचपी सिरका बैरियर के टूट जाने से कोयला क्षेत्र डीपो पॉइंट बिल्कुल असुरक्षित हो गया हैं। बैरियर के टूटने से सुरक्षा कर्मियों की सतर्कता भी बढ़ानी होगी। लेकिन सूत्रों की माने तो मौसम खराब होने के बाद कई जवान ड्यूटी पर नहीं पहुंच पाए थे, जिसके कारण कोलयरी के सुरक्षा प्वाइंटों पर ओहापोह की स्थिति व्याप्त थी।



# भाजपा ने जिला मुख्यालय में लोकसभा चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी रणनीति और अभियान का आगाज कर दिया है। चतरा लोकसभा के प्रभारी सह राज्यसभा सदस्य और भाजपा के वरिष्ठ नेता आदित्य साहू ने जिला मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में बैठक की। इस मौके पर इस मौके पर चतरा के सांसद सुनील कुमार सिंह, सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, पांकी के विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान जयप्रकाश सिंह भोक्ता सहित चतरा संसदीय क्षेत्र के पांचों विधानसभा के कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके पर जिला मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में संगठनात्मक बैठक का आयोजन भी किया गया बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर जिला स्तरीय कार्यकर्ताओं को जीत का गुरु मंत्र दिया गया। इस मौके पर चतरा लोकसभा प्रभारी आदित्य साहू ने कहा कि पार्टी का संगठन के दृष्टिकोण से बूथ स्तर तक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं और आम लोगों को पार्टी के विचारों के बारे में जानकारी दी जा रही है। जबकि चतरा के सांसद सुनील कुमार सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर चतरा संसदीय क्षेत्र के सभी पांचों विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के द्वारा संगठन को मजबूत किया गया है। जबकि सिमरिया के विधायक और भाजपा के एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास ने कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र में पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकताओं ने अपने संगठन को गावों तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर देश वासियों को भरोसा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी की हर रणनीति से गांव के कार्यकर्ताओं तक रूबरू कराया जाएगा ताकि चतरा लोकसभा में भारी मतों से भाजपा के प्रत्याशी जीत हासिल कर सकेंगे। सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने बताया कि सिमरिया विधान सभा क्षेत्र में सभी गांव तक सड़कों का निर्माण किया गया है जबकि पूरे क्षेत्र में गांव-गांव तक बिजली की सुविधा पहुंचाई गई है और साथ ही साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के तहत प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत घर में अनाज, उज्जवला योजना के तहत रसोई गैस, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सभी को आवास उपलब्ध कराया गया है। इसके अलावा सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में कई बड़े एवं सभी छोटे पुलों का भी निर्माण किया जा किया गया है ताकि गांव में विकास की किरण अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। कार्यक्रम में कार्यक्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता,सांसद प्रतिनिधि राकेश झा,शिव बालक सिंहसहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए।

# जेएसएलपीएस कमी ने किया विदाई समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत छः घरवा में जेएसएलपीएस के द्वारा संचालित सीएलएफ ऑफिस में विदाई समारोह का आयोजन मंगलवार को किया गया। जहां जेएसएलपीएस के गिद्धौर कल्टर कर्मी सामुदायिक समन्वयक दिलीप कुमार को गिफ्ट गुलदस्ता देकर कल्टर की अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष के साथ सलगा कटघरा महिला आजीविका ग्राम संगठन के द्वारा सम्मानित कर विदाई किया गया। जहां दर्जनों समूह से जुड़े महिलाएं उपस्थित थी दिलीप कुमार का कार्यकाल गिद्धौर क्लस्टर में लगभग 5 साल का रहा। जहां बेहतरीन तरीके से कार्य किया। उसके बाद इनका तबादला परतापुर के लिए हो गया है। उपस्थित महिलाओं ने इनकी कार्य की बहुत प्रशंसा की साथ ही साथ विदाई किया। मौके पर उपस्थित आईपीआरपी सुनीता देवी एलएचसीआरपी सुमन वर्मा अध्यक्ष शीला कुमारी सचिव संगीता देवी कोषाध्यक्ष गुड़िया देवी बैंक सखी सरोज देवी निर्मला देवी अकाउंटेंट शीला देवी सलगा गांव से अध्यक्ष तुना देवी प्रतिमा देवी नीतू देवी नीलम देवी रजन्ती देवी एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

# चिंतक नेता बैद्यनाथ के दादी का हुआ निधन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड पंचायत मुख्यालय के पाण्डेयटोला निवासी समाजिक चिंतक नेता बैद्यनाथ दांगी की दादी कपिया देवी की सोमवार रात्रि निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार मंगलवार को किया गया। अंतिम शवयात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। कपिया देवी 90 वर्ष की थी। अंतिम शव यात्रा में जेएमएम पार्टी के सिमरीया विधानसभा प्रभारी मनोज चंद्रा शामिल हुए। अंतिम शव यात्रा में सामाजिक चिंतक बैधनाथ दांगी सहित अन्य ने कंधे दिए। जहां स्थानीय समसान धोबिनियां घाट में अंतिम संस्कार किया गया। मौके पर यदुनन्दन पांडेय, बिनोद ठाकुर, कांशी महतो सहित अन्य शामिल थे।

## अचानक वज्रपात से एक गाय और एक बैल की मौत

# भुक्तभोगी ने अंचल कार्यालय से मुआवजे की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड क्षेत्र के इचाक पंचायत के नावाटांड़ गांव निवासी बिनोद प्रसाद का एक गाय और एक बैल की मौत अचानक बज्रपात होने से हो गयी है। भुक्त भोगी बिनोद प्रसाद ने बताया कि मैं दोनों मवेशियों को चारा खिलाने के लिए खेत में बांधा था। इसी बीच आज सुबह से मानसून की खराबी और बूंदाबांदी पानी के कारण अचानक बज्रपात हो गयी। जिससे दोनों मवेशियों की मौके पर हीं मौत हो गई है। मामले को लेकर भुक्त भोगी ने आपदा राहत के तहत अंचलाधिकारी सिमरिया को लिखित आवेदन देकर बज्रपात में हुए दो मवेशियों की मौत का मुआवजा दिलाने की मांग किया है। जबकि इसकी सत्यापन इचाक मुखिया कविता देवी ने की है।

# छोटू सिंह भोगता पर लगाया गया आरोप भुक्त भोगी महिला ने ली वापस

## आवेशित होकर छोटू सिंह भोगता पर आरोपियों से रुपये लेने का थाना में दी थी आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के जांगी पंचायत के जरही गांव में एक महिला के साथ दो लोगों ने दुष्कर्म किया था। जिसे लेकर पीड़िता ने सिमरिया थाना में लिखित आवेदन देकर सिमरिया थाना से न्याय की गुहार लगाई थी। वहीं समाजिक बैठक के लिए और आरोपियों से रुपये लेने को लेकर भोगता समाज के प्रखण्ड अध्यक्ष छोटू सिंह भोगता पर थाना को लिखित आरोप लगा कर कार्रवाई की मांग की थी। पुनःमामले को लेकर भोक्तभोगी 28 वर्षीय महिला ने आरक्षी अधीक्षक चतरा, एसडीपीओ सिमरिया और थाना प्रभारी सिमरिया को एक लिखित आवेदन देकर कही है कि छोटू सिंह भोगता पर मैं रुपये का जो आरोप लगाई थी वह गलत लगाई हूँ। मैं लिखित रूप से कहना चाहती हूँ कि मेरे द्वारा लगाया गया आरोप गलत है। मैं समाजिक मतभेद के कारण छोटू सिंह भोगता पर रुपये लेने का आरोप लगाई थी। मैं इस मामले में मदद के लिए बोली थी किन्तु मुझे मदद नहीं कि जा रही थी जिसे लेकर मैं आक्रोशित होकर यह आरोप छोटू सिंह पर लगाई थी। आगे लिखित आवेदन में कही है की इस मामले में छोटू सिंह पर कोई किसी तरह का कानूनी कार्रवाई पुलिस द्वारा नहीं किया जाय। मैं किसी के बहकावे में ना आकर स्वेक्षा पूर्वक आवेदन देकर इस मामले में छोटू सिंह भोगता द्वारा रुपये लेने की बात को निर्दोष बताते हुए खंडन करती हूँ। आगे सभी पदाधिकारियों से आग्रह की है कि इस मामले में इन पर कानूनी कार्रवाई नहीं करते हुए तंग तबाह नहीं किया जाय।

# वेल्डिंग दुकान से लाखों की हुई चोरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत गांगपुर के गड़ौती फुटबॉल मैदान समीप वेल्डिंग दुकान से अज्ञात चोरों ने लाखों की समान चोरी कर चोर फरार हो गया।चोरी की घटना सोमवार की देर रात की है। वेल्डिंग दुकान गांगपुर गांव निवासी मो.रफीक का पुत्र मो.महफूज आलम की है। जिसे ले भुक्तभोगी ने थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध आवेदन दे प्राथमिकी दर्ज करने की गुहार लगाई है। आवेदन में कहा गया है कि मंगलवार की दोपहर दुकान पर पहुंचे। तो दुकान से कई समान गायब है।

# मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत बारियातु पंचायत भवन समीप सोमवार शाम सड़क दुर्घटना में चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। समाजसेवी पवन विश्वकर्मा के तत्प्रता से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर लाया गया। जहां बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया गया। घायलों में बारियातु गांव निवासी राहुल भुइंयां पिता सुनील भुइंयां कामदेव भुइंया पिता जगदीश भुइयां कन्हया भुइयां पिता मांनकी भुइंया का शामिल है। बताया गया कि सिमरतरी गांव से शराब के नशे में तीनों एक ही बाइक से अपना घर जा रहा था। और रामोतार की भतीजी शिव चर्चा कर वापस घर जा रही थी। अचानक हाइवा के चकमे से अनियंत्रित हो बाइक दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गया। बाइक की चपेट में आने से रामोतार की भतीजी घायल हो गयी। कामदेव का स्थिति गम्भीर बताया जा रहा है। बेहतरीन इलाज के लिए एंबुलेंस के माध्यम से तीनों को सदर अस्पताल हजारीबाग भेजा गया।

# प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता में उषा देवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** संसाधन केंद्र लातेहार के तत्वाधान में प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय हुंडरू की रसोइया उषा देवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एवम उत्क्रमित उच्च विद्यालय पोचरा की रसोइया सुनीता देवी व कलावती देवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राजश्री पूरी ने प्रशस्ति पत्र देकर इन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर लेखपाल गजेंद्र राम अली अख्तर पवन कुमार यादव सुरेंद्र कुमार प्रभावती देवी विनोद कुमार प्रमोद कुमार यादव शंभु राम प्रकाश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक हीरा प्रसाद यादव सहायक शिक्षक से संजीव कुमार चंद्र प्रमोद कुमार पांडे ने हर्ष व्यक्त किया।

# लातेहार में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश प्रभारी का किया भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर 14 फरवरी को पलामू प्रमंडल में प्रवेश करेगें। भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर व पूर्व मंत्री सुबोध कांत सहाय समेत अन्य कांग्रेस नेता पलामू जा रहे थे। इसी क्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर यादव के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने स्थानीय परिसदन में प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी का स्वागत किया।मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, प्रदेश कांग्रेस महासचिव दीपू सिन्हा पलामू लोकसभा प्रभारी भीम कुमार, प्रदेश प्रतिनिधि पंकज तिवारी, युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष अफताब आलम, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, लातेहार युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित यादव, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष सुरेंद्र उरांव, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, युवा कांग्रेस लातेहार विधानसभा अध्यक्ष टिंकु बाबू, मो साजिद असगर अली, गंगेश्वर उरांव, मो वाजिद अंसारी, मो अख्तर, लुलु दुबे, मनोज पासवान व रविन्द्र कुमार सिंह समेत कई कांग्रेसी मौजूद थे।

# सरस्वती पूजा आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में हर गली हर मोहल्ले में मां सरस्वती का पूजा पंडाल बनाने में छात्र छात्राएं जुटे हुए हैं। बसंत पंचमी 14 फरवरी को है। इस दिन ही मां सरस्वती की विशेष पूजा- अर्चना की जाएगी। यह दिन विद्यार्थी और कला, साहित्य, संगीत आदि क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए बेहद खास है।पंडित दिलीप शुक्ला ने बताया कि इस दिन पीले रंग का भी विशेष महत्व बताया गया है। बसंत पंचमी का दिन विद्या आरंभ या किसी भी शुभ कार्य के लिए बेहद उत्तम माना जाता है। इस दिन बहुत ही शुभ योग बन रहे हैं।उन्होंने बताया कि ऋषिकेश पंचांग के अनुसार वसंत पंचमी 13 फरवरी की शाम 7.48 बजे से शुरू हो जाएगी। इस पंचमी तिथि का समापन 14 फरवरी की शाम 5.40 बजे होगा। उदयातिथि के चलते पंचमी का त्योहार 14 फरवरी को मनाया जाएगा। सुबह 7.06 बजे से दोपहर 12.34 बजे तक और दोपहर 1.10 बजे से शाम 5.40 बजे तक मां सरस्वती की पूजा की जा सकेगी। पूजा के लिए चार शुभ योग है। इनमें शुभ योग, शश योग, लक्ष्मी नारायण योग और रवि योग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ये चार योग बहुत ही शुभ और फलदायी योग होते हैं।

# अचानक सहायक अध्यापक अयोध्या प्रसाद का हुआ निधन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, गुरगू (तरवाडीह) के सहायक अध्यापक अयोध्या प्रसाद का निधन सोमवार की शाम हो गया। दिवगंत अयोध्या प्रसाद शहर के संत जेवियर एकेडमी स्कूल में बने मैट्रिक व इंटर की परीक्षा केंद्र में प्रतिनियुक्त थे। परीक्षा समाप्त होने के बाद वे अपने घर जा रहे थे। इस दौरान उन्हें बैचेनी महसूस हुई।घर जा कर चाय पिया तो उनकी बेचैनी और बढ़ गयी। तत्काल उन्हें एक कार से सदर अस्पताल ले जाया जाने लगा रास्ते में ही शहर के थाना चौक के पास उन्होंने दम तोड़ दिया। मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया।सहायक अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष अतुल कुमार व महासचिव अनूप कुमार ने बताया कि बीते दस दिनों में लातेहार में तीन सहायक अध्यापकों का निधन हो चुका है। 31 जनवरी को अमरनाथ लाल, चेताग, बालूमाथ, 10 फरवरी को दयालाल भगत, मंदरचुरिया और 12 फरवरी को अयोध्या प्रसाद, गुरगु लातेहार का निधन हो गया है। राज्य सरकार की उदासीनता, वादा खिलाफी और समय पर मानदेय नहीं मिलने के कारण सहायक अध्यापक अवसाद ग्रसित हो चुके हैं। दिवगंत हुए सहायक अध्यापकों की मदद के लिए सरकार के पास न तो कोई योजना है और ना ही प्रावधान 20 वर्षो से अधिक समय से कार्य कर रहे पारा शिक्षक टेट आकलन विभागीय परीक्षा भी पास कर चुके है।सरकार के हर कार्य जैसे चुनाव, जनगणना व परीक्षा ड्यूटी आदि को करते आ रहे है।

# आंगनबाड़ी केंद्र जबरा के सेविका के चयन हेतु 16 को होगी आमसभा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के साल्वे पंचायत अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र जबरा के सेविका, सहायिका का चयन आम सभा के माध्यम से दिनांक 16.02.2024 दिन शुक्रवार को ग्यारह बजे होना तय किया गया है। इस संबंध मे बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बालुमाथ कार्यालय के पत्रांक 43 दिनांक 02.02.24 में प्रसंग पत्रांक 1564 दिनांक 06.08.2021(निदेशक समाज कल्याण, रांची) के निर्देश के आलोक मे परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों मे आंगनबाड़ी सेविका /सहायिका रिक्त पदों को भरने हेतु कार्यालय के पत्रांक 703 दिनांक 21.12.2023 के द्वारा प्रथम चरण मे कुल सात पदो की चयन तिथि आमसभा सहित सलंग्न कर विभाग को भेजी गई थी।

# मौसम का बदला मिजाज, लातेहार में हुई जमकर बारिश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में मंगलवार की सुबह झमाझम बारिश हुई। जिसके वजह से पूरे जिले में मौसम का मिजाज बदल गया। लातेहार जिला मुख्यालय के अलावे अन्य प्रखंडों में सुबह में जमकर बारिश हुई। मौसम विभाग रांची के अनुसार राज्य में 13 फरवरी और 15 फरवरी तक बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम में बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के कारण देखा जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार बारिश की स्थिति 15 फरवरी तक रहने के आसार हैं। साथ ही 16 फरवरी से मौसम साफ होने की अनुमान जताया गया है। बारिश से जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त हैं लोग जब सुबह शोकर उठे तो उनके स्वागत इन्द्रदेव ने बारिश कर की। सुबह नौ बजे तक पूरा आसमान में घने बादल छाए रहे जिसकी वजह से विजिबिलिटी ना के बराबर थी। सुबह में झमाझम बारिश की वजह से लोगों की दैनिक कार्य करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। दोपहर बाद बारिश रूकी। तापमान में होगी गिरावट लातेहार जिले के कई हिस्सों में मंगलवार कि सुबह हुई झमाझम बारिश की वजह से एक बार फिर ठंड़ बढ़ेगी और तापमान में दो से तीन डिग्री गिरावट दर्ज की जा सकती है।

# फॉरेस्ट व ओबी के पत्थर से कराया जा रहा है गाडवाल निर्माण, सीसीएल, वन व खनन विभाग मौन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी में लगभग 80 लाख की लागत से बनने वाले 500 मीटर लंबा गढ़वाल निर्माण में खुलेआम फॉरेस्ट व ओबी द्वारा निकाले गए पत्थर से निर्माण कराया जा रहा है। और विभाग को चूना लगाया जा रहा है। चमातू ग्राम के दाडीदोहर में सीसीएल मद से बनाए जा रहे गढ़वाल निर्माण में वन विभाग से लाये अवैध पत्थर से बनाया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह पत्थर खिरकीया टोंगरी, फुलबसिया एवं अमरवाड़ीह जंगल से अवैध रूप से तोड़कर ट्रैक्टर के माध्यम से सुबह के वक्त गढ़वाल निर्माण स्थल पर गिराया जाता है। ज्ञात हो कि गढ़वाल निर्माण का जिम्मा जेबियन टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली द्वारा निर्माण कराया जा रहा है। प्रावधान के मुताबिक गढ़वाल निर्माण में लगने वाले पत्थर को लीज माइंस से पत्थर लाकर निर्माण कराना है। लेकिन कंपनी द्वारा सीसीएल की मिलीभगत से वन विभाग एवं ओबी द्वारा निकाले गए घटिया क्वालिटी का मुर्दा पत्थर का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिससे गढ़वाल निर्माण की गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ हो रहा है। वही वन विभाग की जमीन से अवैध पत्थर लाने से जंगल व पहाड़ के अस्तित्व भी खतरे में पड़ता दिखाई पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गाडवाल निर्माण में अभी भी जाँच किया जाय तो गढवाल में लगे सारे पत्थर वन विभाग का निकलेगा। लेकिन आज तक ना तो वन विभाग इस पर कार्रवाई की है ना ही खनन विभाग ।इधर कंपनी के अवैध पत्थर लगाने से सरकार को लाखों रुपए राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस संबंध में मगध संघमित्रा के जीएम निपेन्द्र नाथ ने कहा कि इस बिषय में सिविल इंजीनियर से बात कर लीजिए और अगर गलत तरीके से बनाया जा रहा होगा तो जाँच कर कार्यवाही की जाएगी। वही सिविल इंजीनियर सुनील मनोहर भास्कर ने कहा कि पत्थर कही से भी लाए मेटेरियल की जिम्मेदारी कॉन्टैक्टर की होती है लेकिन फाइनल बिल के समय वैसे पदार्थ की बिल जमा करना पड़ता है जिस पर रॉयल्टी लगता हो। वही इस संबंध में बालूमाथ वन क्षेत्र पदाधिकारी नंद कुमार महतो से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि अगर ऐसा मामला है तो जांच कर दोसी संवेदक पर कार्यवाही की जाएगी

# कृषि व ओटोमोबाईल में प्रशिक्षित 116 विद्यार्थियों को दिया गया प्रमाण पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर मे विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सतेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता मे मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित कर ,कृषि व ओटो मोबाइल की प्रशिक्षण प्राप्त किये हुए 116 छात्र छात्राओं के बीच प्रशस्ती प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ सेवानिवृत्त शिक्षक जानकी नंदन राणा,अशोक कुमार मिश्रा, अध्यक्ष सत्येन्द्र प्रसाद, विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्रवण कुमार मिश्रा, उमेश सिंह, रुपेश कुमार ने संयुक्त रूप से सरस्वती मां के चित्र के समिप दीप प्रज्ज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर दिया गया। इसके पश्चात कृषि विज्ञान ऑटोमोबाई (ऑनजोब ट्रैनिंग) के तहत प्रशिक्षण प्राप्त किये 116 छात्र छात्राओं के बीच प्रमाणपत्र का वितरण किया गया। जानकारी देते हुए प्रधानध्यापक मिश्रा के बताया कि मेरे विद्यालय से बालूमाथ के मनतशा मोटर कार्यालय व चतरा के कृषि विज्ञान केंद्र मे 16 दिसम्बर से? 25 दिसम्बर तक आयोजित कृषि व औटोमोबाईल की प्रशिक्षण मे? शामिल हुए थे और लगन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया है जिसे विद्यालय परिसर में कार्यक्रम कर प्रशिक्षण प्राप्त किये सभी छात्र छात्राओं को प्रमाणपत्र दिया गया। वहीं सेवानिवृत्त शिक्षक जानकीनन्दन राणा ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण से छात्र छात्राएं स्व रोजगार कर आत्म निर्भर बन सकते है।। वहीं अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रशिक्षण कभी व्यर्थ नही जाता है। युवा कभी अपना रोजगार कर अपने व अपने परिवार का भरन पोषण कर सकते हैं। वहीं विद्यालय अध्यक्ष सत्येन्द्र ने छात्र छात्राओं को बताया कि जिस व्यक्ति के पास हांथ हुनर होता है उसका परिवार कभी भुखा नही रही रहता। जिसके हाथ में हुनर होता है वह कम पैसे में स्वयं का रोजगार कर आत्म निर्भर बन सकता है। इस लिए आप सभी सभी अभ्यास निरंतर करते रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को हुनरमंद बनने का आह्वान किया।

## संक्षिप्त खबरें

### मौसम ने बदला मिजाज अचानक हुआ वर्षा, सरस्वती पूजा आज

**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के झरपो भराजो खैरा डूमर धर्मपुर टाटीझरिया बेड़म डहरभंगा आठों पंचायत के विभिन्न गांवों में अचानक मौसम परिवर्तन होकर वर्षा होने से ठंड बढ़ गई है । ठंड के कारण चौक चौराहे में सनाटा पसरा देखा गया लोग ठंड से अपने घरों में ही अलाव जलाकर दुबके रहे । हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी माघ महीने के शुक्ल पक्ष बसंत पंचमी तिथि 14 फरवरी बुधवार को वेद जननी विद्या दायनी माता सरस्वती की पूजा धूम धाम से मनाने को लेकर स्कूल कॉलेज पूजा पंडालों में बहुत ही सुंदर आकर्षक मन मोहक ढंग से लोग तैयार करने में जुटे थे। माता सरस्वती की प्रतिमा पूजा को लेकर पूजा स्थलों तक ले जानें के लिए श्रद्धालुओ ने क्षेत्र के मूर्तिकारों के पास श्रद्धा युक्त होकर पैदल , साइकिल, मोटर साइकिल,चार पहिया से सरस्वती माता की जय, विद्या दयानी की जय। जय घोष करते हुए ले जाते देखे गए। वही सरकार के निर्देशानुसार 16 फरवरी 2024 से लगने वाला आचार संहिता लोकसभा चुनाव को लेकर सांसद प्रत्यासी उम्मीदवार चयन को लेकर भी चर्चा करते देखे गए।

### दारू पंचायत भवन में दिव्यांगजनों के लिए सामाजिक सुरक्षा शिविर का आयोजन

**दारू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंचायत भवन में साइटसेवर्स इंडिया एवम जेएसएलपीएस के संयुक्त तत्वधान में सामाजिक सुरक्षा सुविधा शिविर का आयोजन किया गया । शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ लेने तथा उन तक पहुंच सुनिश्चित करना था। पंचायत के तहत विभिन्न गांवों के कुल 47 दिव्यांगजनों ने शिविर में भाग लिया एवम इसका लाभ उठाया , शिविर की अध्यक्षता करते हुए पंचायत के मुखिया सुनील कुमार ने कार्यकर्म की शुरुआत की एवम दिव्यांगजनों को संबोधित करते हुए कहा की सरकार का लाभ पाने लिए आगे आने की जरूरत है पर जरूरत पड़े तो हम दिव्यांगजनों के घर भी जायेंगे इसके आलावा उन्होंने कहा कि पंचायत के हरेक योजनाओं में दिव्यांगजनों को उनके आवश्यकता अनुसार लाभ देंगे एवम हर संभव मदद करने के लिए आगे रहेंगे साथ ही साथ उन्हे आगे आकर अपनी अधिकार के बारे में जाने इसकी सलाह दी, साइटसेवर्स से दीपक कुमार शर्मा ने दिव्यांगजनों के अधिकार के साथ साथ सरकार के द्वार चलाए जा रहे योजनाओं पर चर्चा करते हुए उन्हें आगे आकर लाभ लेने हेतु जागरूक किए साथ ही साथ DID कार्ड,आउषमान कार्ड,राशन कार्ड,रेलवे प्रमाण पत्र,मनरेगा कार्ड,E sharam कार्ड,पीएम आवास, PMJJY, PMSBY योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी इसके अलावा साइसेवर्स के हेमनारायण जी ने दिव्यांगजनों को समूह से जुड़कर आगे बढ़ने की सलाह दी एवम समूह संगठन से जुड़े रहे इस विषय पर जोर दिया साथ ही साथ दिव्यांगजनों को रोजगार संबंधी जानकारी देते हुए कहा की सरकार का लाभ लेने के लिए आप जागरूक हो और संबंधित कार्यलय तक जरूर पहुंचे ,रोजगार एवम आजीविका से जुड़े मुद्दों तथा स्किल ट्रेनिंग, वोकेशनल ट्रेनिंग को लेकर दिव्यांगजन आगे बढ़ सकते हैं इसके लिए उन्हें प्रेरित किए ,शिविर में प्रज्ञा केंद्र से online होने वाले सभी तरह के कागजात, फार्म एवम विधिक सेवा केंद्र के बारे में जानकारी दिया गया साथ ही साथ दिव्यांगजनों को पंचायत स्तर पर चल रहे योजनाओं में सहभागिता बनाए एवम अपना अधिकार समझे इसकी बात कही और विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई शिविर को सफल बनाने में जलपा की ललिता देवी, भारती देवी,मधु देवी,अरुण कुमार,सहित पंचायत के प्रतिनिधिगण तथा संबंधित पंचायत के सक्रिय दिव्यांगजनों का भरपूर सहयोग रहा ।

### पानी मुहैया कराने के नाम पर ठिकेदार कर्मियों द्वारा करवाया जा रहा फर्जी एग्रीमेंट

**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के झरपो पंचायत के झरपो गांव शांति मार्ग स्थित राजगढ़ भुइंया टोला में अवैध और फर्जी तरीके से झारखंड सरकार तथा पेयजल स्वक्षता प्रमंडल हजारीबाग के नाम पर पी.एच.डी. विभाग के ठिकेदार कर्मियों द्वारा बोरिंग सहित 5 शाल बाद लाखों की लोहे की रॉड सामग्री का झांसा देकर एग्रीमेंट करवाने का मामला प्रकाश में आया है। झरपो निवासी रामलखन पांडेय ने हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय ,पेय जल एवम स्वक्षता प्रमंडल हजारीबाग पुलिस अधीक्षक हजारीबाग से लिखित आवेदन देकर अपने निजी जमीन में पानी टंकी नही लगवाने की आग्रह किया। उन्होंने दिए गए आवेदन में कहा की मैं एक गरीब परिवार से हूं। मात्र खाता संख्या 276 के प्लॉट संख्या 683 में मात्र 22 डिसमिल जमीन है मैं विभाग सहित झारखंड सरकार को भूमिदान नही दे सकता हूं और हमारे तीन पुत्र है हमने जमीन का बटवारा अपने बेटो के बीच नही किया हूं। हमसे बिना पूछ ताछ किए हमारे बिना अनुमति लिए गैर मौजूदगी में हर घर नल जल योजना के कार्य पीएचडी विभाग के ठिकेदार कर्मियों द्वारा हमारे बेटे से बहला फुसलाकर की बोरिंग और 5 शाल बाद सोलरपलेट सहित 5 शाल बाद लाखों की संपत्ति सदैव के लिए पैतृक सम्पत्ति हों जाने की झांसा देकर फर्जी एग्रीमेंट करवा गया। हमारे घर से लगभग 5 से 7 फिट की दूरी पर 11हजार की तार भी गुजरी है उसी प्लॉट में हमारा घर है और दरवाजे पर ही पानी टंकी लगाने के गड्ढा कर फाउंडेशन तैयार किया गया है। जिससे कभी भी आस पास के घरों या राहगीरों को इसके कारण भीषण जानलेवा दुर्घटना हो सकती है। इस जमीन पर पानी टंकी नही लगाने की गुहार भूक्त भोगी ने लगाया है।जबकि रैय्यत मैं स्वयं जीवित हूं आखिर ठिकेदार कर्मियों ने मुझसे वार्तालाप कर सहमति क्यों नहीं लिया । कोई भी योजना या कार्य सरकार की होती है तो उसमे जमीन रैय्यत के नाम से ही मान्य होता है । यदि रैय्यत जीवित हो

## एनटीपीसी के द्वारा प्रखंड के 157 आंगनबाड़ी केंदो को दिया गया बर्तन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशन में एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर बड़कागांव प्रखंड के 157 आंगनबाड़ी केंदों में खाना बनाने का बर्तन वितरण किया गया। वितरण समारोह ढेंगा पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना कॉलोनी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित की गई थी। जहां मुख्य अतिथि एलए/ आरएनआर विभाग के महाप्रबंधक पंकज ध्यानी के हाथों आंगनवाड़ी विभाग के पर्यवेक्षिका अनुराधा पासवान, पूजा राय, रुखसाना परवीन को सुपुर्द किया गया। मौके पर महाप्रबंधक श्री ध्यानी ने कहा कि



हजारीबाग उपायुक्त के निर्देशन में बड़कागांव प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में खाना बनाने का बर्तन आपूर्ति की जा रही है ताकि केंद्र के बच्चों के लिए खाना बनाने में कोई परेशानी न हो।

## झारखंड सरकार पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष से पिछड़ा वर्ग से संबंधित विभिन्न क्षेत्रिय मुद्दे को लेकर मुलाकात की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** मंगलवार को झारखंड सरकार पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष योगेन्द्र प्रसाद एवं सचिव कृष्ण कुमार सिंह से ऑल इंडिया एससी एसटी बीसी एम्पलाइज कोऑर्डिनेशन काउंसिल के महासचिव नीरज बेसरा, हजारीबाग क्षेत्रीय अध्यक्ष दिनेश्वर महतो, कोल इंडिया पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष राजकुमार महतो, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष गुड्डू महतो एवं बिनोद कुमार ने पिछड़ा वर्ग से संबंधित विभिन्न क्षेत्रिय मुद्दे को लेकर मिले। जिसमें मुख्य रूप



से सीसीएल हजारीबाग क्षेत्र, कुजू क्षेत्र व टाटा टिस्को कंपनी वेस्ट बोकारो घाटो टांड़ से संबंधित मुद्दों को लेकर आवेदन देकर ध्यान आकृष्ट किया गया। जिसे अध्यक्ष ने गंभीरता पूर्वक सुना व त्वरित कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि अब राज्य आयोग बन जाने से झारखंड के पिछड़े वर्ग के लोगों को अपनी समस्याओं को लेकर यहां वहां भटकने की आवश्यकता नहीं है। अब सभी काम को ससमय पुरा कर लोगों के समस्याओं को दूर किया जाएगा।

## नए एसडीपीओ से मिले समाजसेवी सोनू इराकी सड़क जाम की समस्या पर किया चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** समाजसेवी सोनू इराकी ने एसडीपीओ कुलदीप कुमार से औपचारिक मुलाकात किया और बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान सोनू ने बड़कागांव मुख्य चौक में रोज-रोज लगने वाली सड़क जाम को लेकर विशेष तौर पर चर्चा किया लोगों को सड़क जाम से निजात दिलाने की अपील किया।मौके पर मुख्य रूप से समाज सेवी सोनू इराकी, प्रो. रामसेवक महतो, जानिसार आलम एवं मनीषा भारती उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर छात्रों ने महिलाओं व लड़कियों के उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और समाज को प्रेरित किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कॉलेज ऑफ़ डेंटल साइंसेज एंड होस्पिटल के बाल चिकित्सा और निवारक दंत चिकित्सा विभाग में विज्ञान में महिलाओं और लड़कियों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर छात्रों ने महिलाओं और लड़कियों के उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और समाज को प्रेरित किया। इस अवसर पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, स्किट प्रतियोगिता तथा भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया और इस वैश्विक मुद्दे पर अपना विचार व्यक्त किया। सभी प्रतियोगिता का निर्णय डॉ. निशाद, डॉ. जयेश एवं डॉ. शाज़िया महरीन ने सुझबुझ कर दिया। मौके पर सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि विज्ञान में लड़कियाँ और महिलाएँ का अंतर्राष्ट्रीय दिवस प्रति वर्ष मनाया जाता है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में लडकियों एवं महिलाओं की भागिदारी एवं समानता सुनिश्चित करनी चाहिए। जिससे विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में उनकी महत्वपूर्ण भुमिका हो। विजेता प्रतिभागियों को पुरूस्कार वितरण उप प्राचार्य सह ओरल पैथोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ. अंकुर भार्गव एवं ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. सौम्या वर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा प्राचार्य सह ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी विभाग के एच.ओ.डी डॉ. के. श्रीकृष्ण की देखरेख में बनाई गई थी। कार्यक्रम का आयोजन बाल चिकित्सा और निवारक दंत चिकित्सा विभाग की डॉ. स्वाति सिंह ने किया। डॉ. सौम्या साल्वी, डॉ. श्रेयशी सेठ, डॉ. अमित जबकि स्नातक छात्रों में डॉ. सिम्मी, डॉ. चारू और डॉ. .मनमीत ने बढ चढ कर हिस्सा लिया। बाल चिकित्सा और निवारक दंत चिकित्सा विभाग की वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. सीमा क़मर ने कार्यक्रम समन्वयक के रूप में अपना कर्तव्य पूरा किया।

## कलम के सिपाही विद्या की देवी मां शारदे के आराधना के लिए दिख रहें हैं व्याकुल, हजारीबाग प्रेस क्लब में हुई तैयारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बसंत पंचमी के अवसर पर माँ सरस्वती की आराधना को लेकर हजारीबाग प्रेस क्लब, हजारीबाग के पत्रकार समूह खासा उत्साहित हैं। हजारीबाग प्रेस क्लब के पदाधिकारी और सदस्य पखवाड़े से जिस सिद्दत के साथ सरस्वती पूजा की तैयारी में जुटे हैं वह पत्रकारों के सामूहिक एकता के साथ समाज में एकजुटता का सकारात्मक परिचायक है। हजारीबाग प्रेस क्लब के उदय के पश्चात् पहली बार हजारीबाग के पुराने समाहरणालय परिसर में एक जर्जर भवन के क्लब हेतु आवंटन के पश्चात बड़े तेजी से जीर्णोद्धार किया गया और कल तक वीरान पड़े भवन को हजारीबाग प्रेस क्लब के रूप में विकसित कर इसे चमन बना दिया गया । हजारीबाग प्रेस क्लब परिसर में सरस्वती पूजा की तैयारी अंतिम चरण पर है। बेहद ही आकर्षक ढंग से विद्युतीय साज- सज्जा और टेंट-पंडाल के साथ प्रकृति की मनोहारी खूबसूरती के बीच आकर्षक सेल्फी प्वाइंट लगाए गए हैं। कलम के सिपाही विद्या की देवी मां शारदे के आराधना के लिए व्याकुल दिख रहे हैं। क्लब के द्वारा जिले के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक, अधिवक्ता, व्यवसाई, समाजसेवी, पत्रकार सहित अन्य सभी वर्गों को पूजा में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित भी किया गया है। पूजा के दौरान वर्तमान वर्ष हजारीबाग में हजारीबाग प्रेस क्लब द्वारा आयोजित सरस्वती पूजा की अलौकिक छटा कुछ अलग और बेहतर होगी। हजारीबाग प्रेस क्लब के सदस्य इस उत्सव के साथ एक नई ऊर्जा से परिपूर्ण होकर भविष्य में बेहतर करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे ।

## माण्डू विधायक ने नागी में पीसीसी पथ का किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत माण्डू विधानसभा क्षेत्राधीन नागी में माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले)डीएमएफटी मद से नागी में पनदना टाँड़ से लेकर नागी पंचायत भवन तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।शिलान्यास कार्यक्रम के पश्चात माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने नागी से जुड़ी जनसमस्याओं पर ग्रामीणों से चर्चा करते हुए उस पर जल्द निदान की बात कही।



इस मौके पर बातचीत के दौरान माण्डू विधायक ने कहा कि माण्डू विधानसभा अंतर्गत सभी क्षेत्रों में विकास मेरी पहली प्राथमिकता है,और इस काम मे मैं लगा हुआ हूँ,और निरन्तर विकास के कार्य किये जा रहे है।इस मौके पर मुख्य रूप से कनीय अभियंता रुस्तम आजाद,संवेदक संजय यादव,भागीरथ महतो,जयनारायण महतो,टेको महतो,चेतलाल महतो,फूलचंद महतो,अनिल रॉय,जय कुमार महतो,सुनील सोरेन,सुनील महतो समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## छडवा डैम काली मंदिर में पांच दिवसीय वार्षिक महायज्ञ कलश यात्रा निकला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के छडवा डैम काली मंदिर कंचनपुर में श्री श्री 1008 श्री पांच दिवसीय वार्षिक महायज्ञ का अयोजन के साथ कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ काली मंदिर प्रांगण से छडवा डैम से पानी लेकर मंदिर प्रांगण पहुंचे। कलश यात्रा में शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा हुए शामिल। मंदिर समिति के द्वारा हर्ष अजमेरा का भव्य स्वागत किया। कलश यात्रा में काली मंदिर के आसपास के गांवों से लगभग दो हजार महिला भाग लिए और विधि-विधान से तरीके से पूजा अर्चना किया गया।श्री श्री 1008 श्री पंच दिवसीय वार्षिक महायज्ञ कलश यात्रा संध्या आरती, प्रसाद वितरण,13फरवरी को प्रचंड पूजन, ब्राह्मण वरण, मंडप प्रवेश, पाठ प्रारंभ, वेदी प्रतिष्ठा पूजन, संध्या आरती प्रसाद वितरण, 14 फरवरी को बेदी पूजन ,पाठ, महा आरती, प्रसाद वितरण ,15 फरवरी को वेदी पूजन, पाठ, महा आरती प्रसाद वितरण, 16 फरवरी को देवी का षोडशोपचार पूजन, वेदी पूजन पाठ विसर्जन सामूहिक हवन,यज्ञ विसर्जन, कन्या/ब्राह्मण पूजन, भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि मां काली का आशीर्वाद समस्त हजारीबागवासियों पर सदैव बनी रहे। साथ ही कहा की सफल आयोजन के लिए मंदिर समिति बधाई के पात्र है। अगले 4 दिनों तक लगातार मां काली की भव्य पूजा अर्चना के साथ प्रथम वार्षिक उत्सव मनाया जाएगा आप समस्त हजारीबागवासियों से अनुरोध है की मां काली के भव्य मंदिर परिसर अवश्य पहुंचे।

## प्रखंड स्तरीय पारिवारिक मिलन समारोह में बढ़ई समाज ने किया शिरकत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ के विश्वकर्मा समाज के द्वारा विश्वकर्मा प्रखंड स्तरीय पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन विष्णुगढ़ पंचायत भवन के सभागार में किया गया ?। विष्णुगढ़ विश्वकर्मा समाज के द्वारा आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता मुकेश विश्वकर्मा ने किया तथा संचालन दीपू अकेला के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रथम शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप जलाकर किया गया। विश्वकर्मा परिवार मिलन समारोह में आए हुए मुख्य अतिथियों ने अपने अपने विचारों को सबो के सामने रखा । वहीं आगामी 18 फरवरी ,2024 को रांची में स्थित मोरहाबादी मैदान में विश्वकर्मा समाज के द्वारा आयोजित विश्वकर्मा समाज के द्वारा आयोजित विश्वकर्मा रैली में शरीक होने की अपील की गई। विश्वकर्मा समाज के उत्थान हेतु सरकार से कुछ मांगे भी कि गयी हैं। जिसमें मुख्य रूप से 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा में सरकारी अवकाश की घोषणा कि जाए। झारखंड में आर्टिजन डेवलपमेंट बोर्ड का गठन किया जाए। झारखंड में पिछड़ी जाति की तरह जनसंख्या के आधार पर लाभ मिले। लोहार को अनुसूचित जनजाति की सुविधा बहाल हो। झारखंड में जातिय जनगणना पर विचार किया जाए?। इसके अलावे विश्वकर्मा समाज को आरा मिल के संचालन हेतु उन्हें रजिस्टर किया जाए तथा सस्ती दरों पर लकड़ी मुहैया कराई जाए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष यदु राणा ,एसेक्ट यूनिवर्सिटी के कुल सचिव मुनिश कोविंद , जिला सचेतक महावीर राणा, जिला महासचिव बृजलाल राणा, प्रखंड सचिव मनोज विश्वकर्मा , प्रखंड कोषाध्यक्ष अंगद विश्वकर्मा , सुखदेव मिस्त्री , प्रभु विश्वकर्मा , मुकेश विश्वकर्मा ,दीपू अकेला , सुनील विश्वकर्मा , किशोर राणा , प्रकाश राणा , एवं जानकी शर्मा समेत काफी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

## बड़कागांव थाना में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** सरस्वती पूजा को लेकर बड़कागांव थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी कुलदीप कुमार व संचालन थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने किया। बैठक में सभी लोगों ने सरस्वती पूजा शांति पूर्वक मनाने का निर्णय लिया। मौके पर एसडीपीओ कुलदीप कुमार ने लोगों से मैट्रिक-इंटर परीक्षा को देखते हुए सरस्वती पूजा, विसर्जन व सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रशासन को सहयोग करने की अपील की है।

वहीं पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार व थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कहा विसर्जन में बडी गाडियां पर पाबंदी रहेगी। सोशल मीडिया पर कोई भड़काऊ मैसेज नहीं डालें पुलिस प्रशासन तमाम व्हाट्सएप



ग्रुप सोशल मीडिया पर नजर बनाए हुए हैं जो भी गलत करते पकड़े जाएंगे उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने कहा कि सरस्वती पूजा मूर्ति विसर्जन 15 फरवरी को ही कर लें। क्योंकि 16 फरवरी को मैट्रिक तथा इंटर का परीक्षा है।

मौके पर मुख्य रूप से जिप सदस्य सुनीता देवी, उपप्रमुख वचनदेव कुमार, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, मुखिया मो.तकरीम उल्लह, मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार साव, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, कृष्णा सिंह,पंचम महतो सोनू इराकी, इंद्रभूषण, नरसिंह प्रसाद, शिवशंकर मेहता उर्फ़ शिबू, गुलाब राम इत्यादि दर्जनों लोग शामिल थें।

## ईमाम अहमद रजा कॉन्फ्रेंस व जश्ने दस्तार ए फ़ज़ीलत में हाफिज ए कुरान के सरों पर सजा दस्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत सिरमा पंचायत के ग्राम सिरमा में बारोज सोमवार को ईमाम अहमद रजा कॉन्फ्रेंस व जश्ने दसातर ए फ़ज़ीलत का आयोजन किया गया। जलसे की शुरुआत कुरान शरीफ की तिलावत से हुई। मुफ्ती जफर आलम कादरी के सरपरस्ती में जलसे का आयोजन किया गया। वहीं संचालन अब्दुल बासित कमर बाल्यावी ने किया। जलसे में तकरीबन 10 से 15 हजार पुरुष महिला व बच्चों ने शिरकत किया। रात भर लोग नातिया कलाम एवं तकरीर को सुने व व मुल्क की शांति एवं भाईचारगी के लिए दुआ किए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पीरे तरीकत शेर ए कालपी हुजूर गेयासे मिल्लत साहब कालपी शरीफ यूपी ,



खतीबे हिंदुस्तान हजरत मौलाना सय्यद कामरान हसीब साहब रजहत शरीफ बिहार, नाज़िम ए जलसा मौलाना कफील अंबर अशरफी साहब बिहार , शायर - हजरत गुलाम नूरे मोजस्सम कानपुर यूपी एंव शायर हजरत अख्तर काशिफ साहब गिरिडीह शामिल हुए। मुख्य वक्ता के तौर पर आए गेयासे मिल्लत साहब कालपी शरीफ यूपी ने अपने तकरीर में कहा कि मुल्क की आजादी में मदरसा ने अपनी बड़ी भूमिका निभाई है। देश की आजादी में सैकड़ों उलेमाओं ने अपनी जान गंवाई एवं मौजूदा दौर में देश की शिक्षा व्यवस्था में मदरसा का अहम रोल है। वही शायद नूरे मुजस्सम एवं अख्तर काशिफ ने अपने नातिया मुशायरा से रात भर लोगों को बांधे रखा।

**पांच बच्चों की हुई दस्तारबंदी :** वही कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुराने पाक मुकम्मल करने वाले सभी बच्चों को पगड़ी बांधकर वह फूल माला पहनाकर दस्तारबंदी की रसमें अदाएगी की गई। जिसमें मोहम्मद अरबाज अली ग्राम सिरमा, मोहम्मद हासिम रजा गिरिडीह, मोहम्मद हसन रजा , मोहम्मद फैज एंव मोहम्मद नसीम बोकारो निवासी सभी की दस्तार बंदी किया गया।

कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन होने से समाज में भाईचारा बढ़ता है और मजहब के प्रति हमारे बच्चें व आने वाली पीढ़ी जागरूक होते है। साथ ही अच्छी अच्छी बातों की जानकारी और तालीम मिलती है। इसलिए इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन हमेशा सिरमा ग्राम के साथ साथ समय-समय पर क्षेत्र के अन्य गांव में होते रहना चाहिए। वादा नहीं पक्का इरादा है हर संभव सहयोग करने का प्रयास करूंगा।

## भारत में प्रोटेक्शन का एक नया मानदंड पेश किया गया न्यू बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज प्रोटेक्शन



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने न्यू बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज प्रोटेक्शन पेश की है। यह कार आज से केवल पेट्रोल इंजन के साथ और एक कम्प्लीटली बिल्ट-अप यूनिट (सीबीयू) के रूप में मिलेगी। विक्रम पावाहए प्रेसिडेंटए बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा किए ÷45 वर्षों से अधिक समय से बीएमडब्ल्यू ने आर्मर्ड वाहनों की डिज़ाइन और निर्माण में एक मानदण्ड स्थापित किया है। न्यू बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज प्रोटेक्शन राइड के आराम और बड़ी जगह के असाधारण स्तर के साथ एक बेमिसाल सुरक्षा अवधारणा का मिश्रण करने में सफल है। इसमें विशिष्ट रूप से उन्नत उपकरण की विशेषताएँ और श्रेणी में सबसे अग्रणी डायनैमिक कुशलता का मिश्रण है जिसके लिए यह ब्रांड मशहूर रहा है। यह एक नई तरह का सुरक्षा वाहन है जो बैलिस्टिक सुरक्षा और व्यक्तिगत जरूरतों के उच्चतम मानदंडों पर खरा उतरता है। हालाँकि, यह एक सुरक्षा वाहन है, लेकिन इसके भीतर बैठते और इसकी असाधारण लग्जरी का अनुभव करते ही आप इस बात को तुरंत भूल जायेंगे। न्यू बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज प्रोटेक्शन जोखिम में फँसे व्यक्तियों के लिए आग्नेयास्त्रों या विस्फोटकों के हमलों से कस्टमाइज्ड सुरक्षा प्रदान करती है।

## राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय में जागरुकता अभियान डाबर च्यवनप्राश 'साइंस इन एक्शन की हुई शुरूआत



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की प्रमुख विज्ञान आधारित आयुर्वेद कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने उपभोक्ताओं को आयुर्वेद के फायदों और सेहतमंद जीवनशैली के बारे में जागरुक बनाने के लिए जागरुकता अभियान 'साइंस इन एक्शन की शुरूआत की है। यह कैंपेन आयुर्वेद के संबंध में वैज्ञानिक रूप से जांचे गए तथ्यों के बारे में बताएगा, ताकि परिवार सोच-समझ कर अपने रोज़मर्रा के विकल्पों को चुन सकें और स्वस्थ रह सकें। इस अभियान के तहत डाबर, जाने-माने आयुर्वेदिक चिकित्सकों के साथ 22 शहरों के स्कूलों में सेमिनार का आयोजन भी करेगा। ये सत्र बच्चों को बताएंगे कि किस तरह आयुर्वेद उनके समग्र स्वास्थ्य को सनिश्चित कर उज्जवल भविष्य का निर्माण करने में योगदान दे सकता है। इस अभियान के हिस्से के रूप में और भावी पीढ़ियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए, डाबर ने देश भर में बच्चों के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय में एक मेगा जागरूकता पहल भी शुरू की है। इस पहल के तहत, डाबर च्यवनप्राश प्रसिद्ध डॉक्टर के साथ मिलकर बच्चों को बदलते मौसम, सामान्य बैक्टीरिया और वायरस के कारण होने वाली बीमारियों से लड़ने के लिए एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली बनाने की आवश्यकता के बारे में शिक्षित करने के लिए प्रतिरक्षा जागरूकता सत्र आयोजित करेगा । इस इस अवसर पर दिनेश कुमार, मैनेजर कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन डाबर इंडिया लिमिटेड ने 250 से अधिक बच्चों के लिए आयोजित एक विशेष सत्र के साथ हरी झंडी दिखाई गई।

## माले ने किसान आंदोलन पर पुलिस दमन के खिलाफ राज्य व्यापी विरोध दिवस मनाने का आह्वान किया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपामाले झारखंड कमेटी ने भाजपा के डबल इंजन की सरकार के द्वारा किसानों द्वारा आहूत मंगलवार को दिल्ली मार्च में आ रहे किसानों पर लाठी और आंसू गैस द्वारा हमले की कड़ी निन्दा की है । देश के अन्नदाता किसान के साथ मोदी सरकार दुश्मन जैसा व्यवहार बंद करे। किसानों की ऐतिहासिक आंदोलन के कारण मोदी सरकार ने तीन कृषि कानूनों की वापसी, एमएसपी लागू करने और किसानों के ऋण माफी की घोषणा की थी मगर आज तक घोषणा पर अमल नहीं किया। मजबुरन किसानों ने आंदोलन का रास्ता अख्तियार किया है।भाकपा माले ने आज 14 फरवरी को शंभू बोर्डर पर किसानों पर पुलिस दमन के खिलाफ राज्य व्यापी विरोध दिवस मनाने और मोदी सरकार का पुतला करने की अपील की है।16 फरवरी को देशभर के किसान मजदूर एकजुट हो कर हड़ताल ,बंद आयोजित कर किसान मजदूर एकता की मिशाल पेश करेंगे।

## कटिया पशु चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत कटिया बस्ती के पंचायत सचिवालय में प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय पतरातू द्वारा विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जानवरों की बीमारी के लक्षण और उपचार आदि के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। इसके अलावा पंचायत में गाय,भैंस, बकरी तथा अन्य जानवर बीमार नहीं हो इसके लिये उपस्थित 48 किसानो के बीच 245 जानवरों को दवाई दिया गया। शिविर में पंचायत मुखिया, भ्रमणशील चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभिनव कुमार,मनोज पंडित, रामलखन रजक,बीरबल यादव, ओमकार सिंह,गोपाल महतो, नंदकिशोर महतो,रविंद्र कुमार, रामटहल महतो और युगेश्वर महतो इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## झारखंड मैथिली मंच की बैठक में लाइब्रेरी को समृद्ध करने पर हुई चर्चा



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मैथिली मंच के कार्यालय परिसर में स्व. शारदा नन्द झा की स्मृति में स्थापित लाइब्रेरी को समृद्ध करने के निमित्त एक बैठक संग साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन हुआ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गोसाउनिक गीत और बाबा विद्यापति की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित के साथ की गई। बैठक में मैथिली एवं हिन्दी की प्रख्यात साहित्यकार स्व. डा. उषा किरण खान के आकस्मिक निधन पर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई।बैठक में लाइब्रेरी को मैथिली पुस्तकों से समृद्ध करने हेतु विस्तृत चर्चा भी की गई। इसी क्रम में साहित्यकार सुरेंद्र नाथ मिश्र लिखित दो मैथिली पुस्तक का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम में अमरनाथ झा, बैद्यनाथ झा (महासचिव), डा.नरेन्द्र झा, प्रमोद कुमार झा, सुरेंद्र नाथ मिश्र, जयंत कुमार झा, ब्रज कुमार झा, कृष्ण कुमार झा (कोषाध्यक्ष), अभय कुमार झा, सुकुमार नाथ झा, डा.आकांक्षा चौधरी आदि ने अपने बहुमूल्य विचार व्यक्त किए।

## स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत किया गया विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 30 जनवरी 2024 से 13 फरवरी 2024 तक चलने वाले स्पर्श कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम के तहत मंगलवार को हाई स्कूल, सोसोकला में जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ तूलिका रानी की अध्यक्षता में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों के बीच कुष्ठ रोग से संबंधित विभिन्न प्रकार के क्विज प्रतियोगिता कराई गई एवं प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। साथ ही रास्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों एवं शिक्षक को मानसिक रोग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी के द्वारा दिया गया। मौके पर काय चिकित्सक सावन कुमार ठाकुर, जिला कार्यक्रम सहायक आमोद कुमार, पीएमडब्लू-एनएलईपी मनीषा पहान, सीएचओ श्वेता लकड़ा सहित उपस्थित थे।

# पतरातू में तीन अपराधी हथियारों के साथ गिरफ्तार





प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** अपराध करने की योजना बना रहे तीन अपराधीयों को हथियार के साथ पतरातु पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मंगलवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वीरेन्द्र कुमार राम ने प्रेस-कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए कहा कि सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर बासल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुरकट्टी डैम के किनारे सात-आठ अपराधी किसी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से अवैध हथियार के साथ जमा हुए है। जिसकी सूचना मिलते ही वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार एक छापामारी दल का गठन किया गया।छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल से तीन अपराधयों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। अपराधियों से पूछताछ के क्रम में एक अपराधी द्वारा 6/8/2023 को बासल थाना अंतर्गत होटल व्यवसाई रोशन साव की हत्या में अपनी संलिप्ता की बात को स्वीकार किया गया। गिरफ्तार युवकों में रियांश सिंह उर्फ स्वतंत्र उर्फ आरडीएक्स पिता मनोज सिंह धुर्वा जिला रांची,शिवम राज पिता रंजीत कुमार धुर्वा जिला रांची और अनिकेत कुमार उर्फ मोनू पिता धर्मदेव साव साकीन जगन्नाथपुर थाना धुर्वा जिला रांची हैं। गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो देसी कट्टा, एक पिस्तौल तथा 8 एमएम का एक जिंदा गोली बरामद किया गया। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वीरेन्द्र कुमार राम पतरातु,पुलिस निरीक्षक योगेंद्र सिंह पतरातू,राजदीप कुमार थाना प्रभारी पतरातू,बासल थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह कुंतीय,मयंक प्रसाद ओपी प्रभारी भुरकुंडा,सोनू कुमार भुरकुंडा ओपी, मंटू चौधरी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण का आयोजन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा काली मंदिर के प्रांगण में एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन फिता काटकर किया गया। भुरकुंडा थाना के छोटा बाबू प्रदीप दुबे मौके पर कराटे कोच कंचन दास के देखरेख में आस्था सिंह को टाफी तथा मुस्कान कुमारी आध्या कुशवाहा को सम्मानित किया गया । मौके पर भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान बच्चों को सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य का कामना किया ।

## शांतिधारा फाउंडेशन द्वारा प्रकाशित सप्तर्षि का हुआ लोकार्पण

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शांतिधारा फ़ाउन्डेशन द्वारा प्रकाशित पुस्तिका सप्तर्षि का लोकार्पण समारोह रामगढ़ जिमखाना कलब परिसर में आयोजित किया गया । इस पुस्तिका के लेखक शांतिधारा फ़ाउन्डेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष सुरेश पी अग्रवाल हैं। पुस्तिका का विमोचन सुरेश पी अग्रवाल,कार्यकारी अध्यक्ष गोविंद लाल अग्रवाल,वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा के चन्द्रा उपाध्यक्ष,डा राजीव कुमार,गुप्ता श्याम सुंदर परसरामपुरिया रमन मेहरा, सचिव प्रभात कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रवि कुमार चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से किया गयाइ्इस अवसर पर गोविंद लाल अग्रवाल ने कहा कि देश के महान ज्ञानी विद्वान आचार्यो एवं संतों की जीवनियों को संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत करने की पहल बहुत ही सराहनीय कार्य है। डा के चन्द्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि संत महात्मा अपनी अमृत वाणी और कर्मों से समाज को सही दिशा देने में और इशवरोनमुख होने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इस पुस्तिका के माध्यम से कुछ संतों के जीवन अमृत से अवगत कराने के लिए सुरेश पी अग्रवाल बधाई के पात्र हैं। इस पुस्तिका में स्वामी विवेकानंद भक्ति वेदांत स्वामी प्रभुपाद स्वामी रामसुख दास पंडित राम शर्मा आचार्य जैन आचार्य महाप्रज्ञ मोरारी बापू तथा जैन मुनि प्रमाण सागर जी की जीवनी सम्मिलित है। इस अवसर पर जीवनमल जैन,रतन कुमार जैन, पदमचन्द जैन, मनजीत साहनी,अशोक जैन,आनन्द चौधरी, भूपत वडेरा, प्रकाश पटवारी, सुरेश चौधरी, सुनील पोदार,मनोज अग्रवाल, अजय अग्रवाल उपस्थित थे।

## सरस्वती पूजा के मद्देनजर गोला में शांति समिति की हुई बैठक



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को गोला थाना परिसर में सरस्वती पूजा के मद्देनजर शांति समिति की बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार शांडिल्य ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि सरस्वती पूजा को आपसी भाईचारगी के साथ मनायें तथा त्योहारों के संबंध में प्रशासन द्वारा पूर्व में दिए गए दिशानिर्देशों का भलिभाँति पालन किया जाय। मौके पर इंस्पेक्टर पंकज कुमार ने कहा कि विधि व्यवस्था बनाने में सवों को प्रशासन का समुचित सहयोग करना चाहिए। थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने कहा कि किसी भी पंडाल में चाहे किसी भी भाषा की अश्लीलता भरी गानों को नहीं बजाया जाय। उन्होंने कहा कि सरस्वती पूजा का आयोजन करनेवाले सभी पंडालों को नियमानुसार थाने में आवेदन देकर तथा अपने वोलेंटियर को निबंधित करा लेनी चाहिए ताकि प्रशासन को ऐतिहातन विधि व्यवस्था बनाने में सुविधा होगी तथा ध्वनि विस्तारक एक्ट के तहत डीजे नहीं बजाना है तथा रात 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्र को नहीं बजाना है। हालाँकि मौसम खराब रहने के कारण शांति समिति की बैठक में उपस्थिति पूर्व की अपेक्षा कम रही। मौके पर कमाल शहजादा, गोविंद मुंडा, सुनील कुशवाहा, रामप्रसाद करमाली, शिव कुमार, मो. इम्तियाज, गौरव कुमार सोनी, युसूफ अंसारी, अमरजीत कुमार, शशि कुमार, अशोक कुमार महतो मौजूद थे।

# सरस्वती पूजा को लेकर रजरप्पा थाना में शांति समिति की हुई बैठक

### आसामाजिक गतिविधियों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** सरस्वती पूजा को लेकर रजरप्पा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता पद स्थापित थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय ने किया और संचालन समाजसेवी चंद्रशेखर पटवा ने किया। बैठक में बैठक में मुख्य रूप से चितरपुर अंचल अधिकारी दीपक मिंज, 20 सूत्री अध्यक्ष जकाउल्लाह सहित चितरपुर और दुलमी प्रखंड के कई गणमान्य मौजूद थे। बैठक के दौरान अंचल अधिकारी दीपक मिंज ने कहा कि यह पर्व विद्या की देवी, विद्यादायिनी मां सरस्वती का पर्व है इसलिए इसे बड़े ही अनुशासित और शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। वहीं थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने कहा की बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ सभी लोग मां शारदे की पूजा अर्चना करें और उनसे आशीर्वाद प्राप्त करें आगे उन्होंने कहा की पूजा को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सजग है विद्यालय की पूजा शांति और सौहार्द के साथ मने उन्होंने कहा कि डीजे की फुहड़ता,कानफाड़ू आवाज और सामाजिक गतिविधियों पर पुलिस की पहनी नजर बनी रहेगी अगर कोई भी व्यक्ति किसी तरह की अशांति फैलाने की कोशिश करता है तो उसे कानून अपने बकसेगा नही। एएसआइ मनोहर प्रजापति, शेरबहादुर शाह, तारा प्रसाद, सुमित पटवा, ठाकुरदास महतो सहित कई मौजूद थे।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

पत्रांकः– दिनांक–

अल्पकालीन ई–निविदा संख्याः–20/2023-24/RWD /EE/RANCHI

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेषन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/RANCHI/ 34/ 2023-24 | पंचायत कमड़े ग्राम दीपनगर में पी0डब्लू0डी0 रोड एन0एच0–75 से दीपनगर के विभिन्न गलियों का पथ निर्माण कार्य। (ल0–1.735 कि0मी0) | 1,41,74,900.00 | एक करोड़ एकतालीस लाख चौहत्तर हजार नौ सौ रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/RANCHI/ 35/ 2023-24 | पंचायत सुण्डील ग्राम धनई सोसो में आर0ई0ओ0 पथ बाजार टाँड़ से महावीर नगर के विभिन्न गलियों का पथ निर्माण कार्य। (ल0–1.235 कि0मी0) | 1,10,41,100.00 | एक करोड़ दस लाख एकतालीस हजार एक सौ रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/RANCHI/ 36/ 2023-24 | पंचायत चिपरा ग्राम तुषमू कृष्णा महतो के घर से पंचडीहा कोयल नदी के पुल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। (ल0–1.000 कि0मी0) | 1,36,19,100.00 | एक करोड़ छत्तीस लाख उन्नीस हजार एक सौ रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 4 | RWD/RANCHI/ 37/ 2023-24 | पंचायत तिगरा ग्राम टिकराटोली में आर0ई0ओ0 रोड किनु मुण्डा के घर होते हुए विभिन्न गलियों का पथ निर्माण कार्य। (ल0–1.435 कि0मी0) | 1,32,10,400.00 | एक करोड़ बत्तीस लाख दस हजार चार सौ रूपये मात्र। | 12 माह | प्रथम |
| 5 | RWD/RANCHI/ 38/ 2023-24 | पंचायत रातू उतरी ग्राम झाखराटांड़ में बिरसा मुण्डा चौक से टोंगरी होते हुए बिनोद साहू के घर तक पथ एवं नाली निर्माण कार्य।(ल0–1.200 कि0मी0) | 99,83,100.00 | निन्यानबे लाख तिरासी हजार एक सौ रूपये मात्र। | 09 माह | प्रथम |
| 6 | RWD/RANCHI/ 39/ 2023-24 | पंचायत सिमलिया ग्राम सिमलिया नवाटोली आर0ई0ओ0 रोड मिक्चर फैक्ट्री के पीछे कॉलोनी के विभिन्न गलियों का पथ निर्माण कार्य। (ल0–1.150 कि0मी0) | 99,97,700.00 | निन्यानबे लाख सन्तानबे हजार सात सौ रूपये मात्र। | 09 माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–15.02.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–26.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–28.02.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2360137

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, रॉंची

PR 318905 (REO)23-24*D



# जिला पशुपालन कार्यालय, राँची।

राँची जिलान्तर्गत दिनांक – 19.02.2024 से आयोजित होने वाली दो दिवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर की सूची :–

| क्र०सं० | प्रखण्ड | प्रखण्ड/पंचायत का नाम | ग्राम | शिविर आयोजन की तिथि | प्रभारी पशु चिकित्सक का नाम/पदनाम/मोबाईल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बेड़ो | करकरी | करकरी | 19.02.2024 एवं 20.02.2024 | डॉ० राकेश रंजन प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी,बेड़ो, 8789230345 |
| 2 | | खुखरा | चनकोपी | 21.02.2024 एवं 22.02.2024 | |
| 3 | | हरिपुरजामटाली | जमनी | 19.02.2024 एवं 20.02.2024 | डॉ० नवीन कुमार आर्या भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी बेड़ो 7903436283 |
| 4 | | जरिया | मुड़ामू | 21.02.2024 एवं 22.02.2024 | |
| 5 | | ईटा | लमकाना | 26.02.2024 एवं 27.02.2024 | |
| 6 | चान्हो | तरंगा | हर्रा | 19.02.2024 एवं 20.02.2024 | डॉ० चुमनू तिर्की प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, चान्हो, 7541931058 |
| 7 | | चोरेया | मधुकम | 21.02.2024 एवं 22.02.2024 | |
| 8 | | टांगर | बेजांग | 19.02.2024 एवं 20.02.2024 | डॉ0 विश्व रंजन भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चान्हो 9431902309 |
| 9 | | करकट | दमदमा | 21.02.2024 एवं 22.02.2024 | |
| 10 | | रोल | माथाटोली | 26.02.2024 एवं 27.02.2024 | |
| 11 | काँके | डुमरदगा | डुमरदगा | 19.02.2024 एवं 20.02.2024 | डॉ० शषिभूषण प्रसाद सिन्हा भ्र०प०चि०पदा० विकास 9955094431 |
| 12 | | खटंगा | पेरतोल | 21.02.2024 एवं 22.02.2024 | |
| 13 | | चन्दवे | बनटोली | 19.02.2024 एवं 20.02.2024 | डॉ० सुदीप्ता बरियार प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, काँके, 9430348184 |
| 14 | माण्डर | नगड़ा | गोरे | 19.02.2024 एवं 20.02.2024 | डॉ० बुद्धदेव नाग भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, बेरवारी 89697255048 |
| 15 | | झिंझरी | झिंझरी | 21.02.2024 एवं 22.02.2024 | |
| 16 | | मुड़मा | मुड़मा | 26.02.2024 एवं 27.02.2024 | |
| 17 | | माण्डर | कठचांचो | 19.02.2024 एवं 20.02.2024 | डॉ० तनवीर अख्तर भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, उरूगुटू |
| 18 | | सरवा | झिंकपुर | 21.02.2024 एवं 22.02.2024 | |
| 19 | | मन्दरो | कुरकुरा | 26.02.2024 एवं 27.02.2024 | |
| 20 | | कैम्बो | कैम्बो | 19.02.2024 एवं 20.02.2024 | डॉ० एन्थोनी कोनगाड़ी भ्रमणशील पषुचिकित्सा पदाधिकारी, सुकुरहुटु 9955581823 |
| 21 | | बंझिला | बंझिला | 21.02.2024 एवं 22.02.2024 | |
| 22 | | लोयो | सकरा | 26.02.2024 एवं 27.02.2024 | |
| 23 | | बिसाहा खटंगा | मुरकुनी | 19.02.2024 एवं 20.02.2024 | डॉ० महेन्द्र राम प्रभारी भ्रमणषील पषुचिकित्सा पदाधिकारी, माण्डर 8789254750 |
| 24 | | कंजिया | पुनगी | 21.02.2024 एवं 22.02.2024 | |
| 25 | | तिगोई अम्बाटोली | हेसमी | 26.02.2024 एवं 27.02.2024 | |
| 26 | | महुआजाड़ी | दर्जीजाड़ी | 28.02.2024 एवं 29.02.2024 | |
| 27 | | करगे | करगे | 01.03.2024 एवं 02.03.2024 | |
| 28 | तमाड़ | सारजमडीह | आमटांड़ | 16.02.2024 एवं 17.02.2024 | भ्रमणषील पषुचिकित्सा पदाधिकारी, बरियातु |
| 29 | | जानुमपीढ़ी | खेदुवाडीह | 16.02.2024 एवं 17.02.2024 | भ्रमणषील पषुचिकित्सा पदाधिकारी, धुर्वा |
| 30 | | पेड़ायडीह | मुरपा | 16.02.2024 एवं 17.02.2024 | भ्रमणषील पषुचिकित्सा पदाधिकारी, पिस्कामोड़ |
| 31 | | वीरगाँव | ईचाडीह | 16.02.2024 एवं 17.02.2024 | प्रखण्ड पषुपालन पदाधिकारी, बुण्डू |
| 32 | | उलीलोहार | जामडीह | 19.02.2024 एवं 20.02.2024 | डॉ० राम प्रवेष राम भ्रमणषील पषुचिकित्सा पदाधिकारी, तमाड़ 9661618880 |
| 33 | | डिम्बुजर्दा | हाराडीह | 21.02.2024 एवं 22.02.2024 | |
| 34 | | कुरकुट्टा | तिलाईपीड़ी | 26.02.2024 एवं 27.02.2024 | |
| 35 | | रगड़ाबड़ांग | चालाडीह | 28.02.2024 एवं 29.02.2024 | |
| 36 | | हरामलोहर | बुड़गादीरी | 01.03.2024 एवं 02.03.2024 | |
| 37 | | मलहान भुईयाडीह | हुरूनडीह | 04.03.2024 एवं 05.03.2024 | |
| 38 | | रडगाँव | बागालडीह | 06.03.2024 एवं 07.03.2024 | |
| 39 | | आराहांगा | माकरामडीह | 09.03.2024 एवं 11.03.2024 | |
| 40 | | जारगो | गांगो | 12.03.2024 एवं 13.03.2024 | |
| 41 | अनगड़ा | नोवागड़ | बरवाटोली | 19.02.2024 एवं 20.02.2024 | डॉ० सेवा पालित प्रखण्ड पषुपालन पदाधिकारी, अनगड़ा 9472729822 |
| 42 | | चिलदाग | चिलदाग | 21.02.2024 एवं 22.02.2024 | |
| 43 | | हेसल | जमवारी | 26.02.2024 एवं 27.02.2024 | |
| 44 | | राजाडेरा | रूपरू | 19.02.2024 एवं 20.02.2024 | डॉ० विनोद कुमार भ्र० प०चि०पदा० अनगड़ा 9572857515 |
| 45 | सिल्ली | पिस्का | पिस्का | 19.02.2024 एवं 20.02.2024 | डॉ० संजय कुमार भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, सिल्ली 9955966781 |
| 46 | | कोचो | कोचो | 21.02.2024 एवं 22.02.2024 | |
| 47 | | सिल्ली | सिल्ली | 26.02.2024 एवं 27.02.2024 | |
| 48 | | टुटकी | टुटकी | 28.02.2024 एवं 29.02.2024 | |
| 49 | | हलमाद | जुमला | 01.03.2024 एवं 02.03.2024 | |
| 50 | ओरमांझी | कुटे | लोखा | 19.02.2024 एवं 20.02.2024 | डॉ० कमलेष कुमार भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, ओरमाँझी 9431357493 |
| 51 | | चाडू | सांडी | 21.02.2024 एवं 22.02.2024 | |
| 52 | | हेन्देबिली | मन्दरो | 26.02.2024 एवं 27.02.2024 | |
| 53 | | बारीडीह | आनन्दी | 19.02.2024 एवं 20.02.2024 | डॉ० विश्वनाथ टोप्पो प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, ओरमाँझी 9835132409 |
| 54 | | ओरमाँझी | उकरीद | 21.02.2024 एवं 22.02.2024 | |
| 55 | | तुन्डाहुली | पिपराबन्डा | 26.02.2024 एवं 27.02.2024 | |
| 56 | खेलारी | मायापुर | चिनाटाँड़ | 19.02.2024 एवं 20.02.2024 | डॉ० मनोज राम प्रभारी भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, मैकलुस्कीगंज 9430159769 |
| 57 | | हुटाप | मचुवाटाँड़ | 21.02.2024 एवं 22.02.2024 | |
| 58 | | विश्रामपुर | करकट्टा बस्ती | 26.02.2024 एवं 27.02.2024 | |
| 59 | | तुमांग | धमधमिया | 28.02.2024 एवं 29.02.2024 | |
| 60 | | चुरी उत्तरी | सुभा"ा नगर | 19.02.2024 एवं 20.02.2024 | डॉ० प्रतिमा कुमारी भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, खेलारी 9431563821 |
| 61 | | बुकवुका | महावीर नगर | 21.02.2024 एवं 22.02.2024 | |
| 62 | | खेलारी | खेलारी | 26.02.2024 एवं 27.02.2024 | |
| 63 | लापुंग | महुगांव | जमाकेल | 19.02.2024 एवं 20.02.2024 | डा० ज्ञानचन्द्र कुमार आर्य भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, लापुंग 7033782248 |
| 64 | | हुलसू | गोपालपुर | 21.02.2024 एवं 22.02.2024 | |
| 65 | | दानिकेरा | सेरगलोया | 26.02.2024 एवं 27.02.2024 | |
| 66 | | बोकरन्दा | बराईडीह | 28.02.2024 एवं 29.02.2024 | |
| 67 | | मालगो | मालगो | 01.03.2024 एवं 02.03.2024 | |
| 68 | रातु | फुटकलटोली | झिरी | 19.02.2024 एवं 20.02.2024 | डॉ० विजय कुमार प्रखण्ड पषुपालन पदाधिकारी, रातु 7004102740 |
| 69 | | सुण्डील | नवा सोसो | 21.02.2024 एवं 22.02.2024 | |
| 70 | | हुरहुरी | चिलदाग | 26.02.2024 एवं 27.02.2024 | |
| 71 | | बिजुलिया | बिजुलिया | 28.02.2024 एवं 29.02.2024 | |
| 72 | | बाजपुर | बाजपुर | 19.02.2024 एवं 20.02.2024 | डॉ० अजय कुमार गुप्ता भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, रातु 8789387957 |
| 73 | | चटकपुर | पथरागोदा | 21.02.2024 एवं 22.02.2024 | |
| 74 | | कमड़े | बनहोरा | 26.02.2024 एवं 27.02.2024 | |
| 75 | | पंडरा | पंडरा | 28.02.2024 एवं 29.02.2024 | |
| 76 | बुण्डू | चुरगी | लोवाहातु | 19.02.2024 एवं 20.02.2024 | डॉ0 सजल कुमार भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, बुण्डू 9431751860 |
| 77 | सोनाहातु | हारिण | बारेडीह | 19.02.2024 एवं 20.02.2024 | डॉ० धनंजय प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सोनाहातु |
| 78 | | जामुदाग | जोहरडीह | 21.02.2024 एवं 22.02.2024 | |
| 79 | | तेतला | सालसुद | 26.02.2024 एवं 27.02.2024 | |
| 80 | | गलाउ | गलाउ | 28.02.2024 एवं 29.02.2024 | |
| 81 | | पाण्डाडीह | माहिल | 01.03.2024 एवं 02.03.2024 | |
| 82 | | जिलिंगसेरेंग | जिलिंगसेरेंग | 04.03.2024 एवं 05.03.2024 | |
| 83 | | दुलमी | माहुलडीह | 06.03.2024 एवं 07.03.2024 | |
| 84 | | बारेंदा | चरकूडीह | 11.03.2024 एवं 12.03.2024 | |
| 85 | ईटकी | कुल्ली | कुल्ली कुंबाटोली | 19.02.2024 एवं 20.02.2024 | डॉ० शिवानन्द कांषी भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, ईटकी 7779885555 |
| 86 | | कुर्गी | पलमा | 21.02.2024 एवं 22.02.2024 | |
| 87 | | चिनारो पूरियो | लुपुंगा | 26.02.2024 एवं 27.02.2024 | |
| 88 | नगड़ी | चिपरा | बोबरो | 19.02.2024 एवं 20.02.2024 | डॉ० अभिमन्यु प्रसाद भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, नगड़ी 7903676114 |
| 89 | | लालगुटवा | पुंदाग | 21.02.2024 एवं 22.02.2024 | |
| 90 | | उत्तर टुण्डुल | कुटे | 26.02.2024 एवं 27.02.2024 | |
| 91 | | दक्षिणी टुण्डुल | मठटोली | 28.02.2024 एवं 29.02.2024 | |
| 92 | | चेटे | केनके | 01.03.2024 एवं 02.03.2024 | |
| 93 | | बालालौंग | सेम्बो | 04.03.2024 एवं 05.03.2024 | |
| 94 | | कुदलौंग | कुदलौंग | 06.03.2024 एवं 07.03.2024 | |
| 95 | राहे | डोकाद | बेला | 19.02.2024 एवं 20.02.2024 | डॉ० प्रफुल कुमार सिंह भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, राहे 9471369754 |
| 96 | | राहे | माँझीडीह | 21.02.2024 एवं 22.02.2024 | |
| 97 | | लोवाहातु | चितरूडीह | 26.02.2024 एवं 27.02.2024 | |

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी राँची

PR 318847 Animal Husbandry(23-24)D

# कस्तूरबा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## राजकीकृत प्राथमिक विद्यालय कुटमु को मिला प्रथम पुरस्कार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** निदेशक, झारखण्ड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण, रांची के निदेशानुसार प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कुकिंग कॉम्पिटिशन 2024 का आयोजन आज दिनाँक 13.02.2024 को जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा के नेतृत्व में कस्तूरबा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बालिका, लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ शम्भू नाथ चौधरी, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, लोहरदगा, अभिषेक झा, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी लोहरदगा, अम्बुज्य कुमार पांडेय, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, लोहरदगा जयनाथ महतो, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, भंडरा, जयमंगल लोहार, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, कुडू उपस्थित हुए। प्रतियोगिता में जिले के सभी सात प्रखंडों के रसोइया सह सहायिकाओं द्वारा अपनी पाक कला का प्रदर्शन सीमित संसाधनों से किया गया। उक्त कॉम्पिटिशन का मुख्य उद्देश्य रसोईया सह सहायिकाओं में गुणवत्तापूर्ण भोजन तैयार करने, मोटा अनाज जैसे मिलेट, रागी, मडुवा, कोदो, गोंदली आदि का व्यापक उपयोग, सीमित साधनों में बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने, भोजन बनाने की प्रक्रिया को आनंददायी बनाने, मध्याह्न भोजन के प्रति रसोईया सहायिकाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने, समुदाय की सहभागिता को प्रोत्साहित करना तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य सामग्री के उपयोग हेतु कार्रवाई आदि सुनिश्चित करना है। प्रतियोगिता में प्रखण्ड स्तर पर विजेता (प्रथम) और उपविजेता (द्वितीय) प्रतिभागियों सहित कुल 13 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सभी रसोइयों ने सभी आवश्यक सामग्रियों के साथ उक्त कॉम्पिटिशन में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित किया। निर्णायक मंडल में मुख्य असैनिक एवं शल्य चिकित्सा पदाधिकारी (सिविल सर्जन), लोहरदगा, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पदाधिकारी, लोहरदगा, विद्यालय से एक बाल संसद के प्रधानमंत्री,एक स्वच्छता मंत्री और एक पोषण मंत्री थे। जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार है। प्रथम-राजकीकृत प्राथमिक विद्यालय, कुटमु, लोहरदगा-सुमन उराँव और टीम को मिला।

# सरस्वती पूजा आज, बच्चों में उत्साह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सरस्वती पूजा को लेकर प्रखण्ड क्षेत्र केछात्र छात्रओं और बच्चे बच्चियों में उत्साह व उमंग दिख रही है। बेमौसम बारिस के बावजूद लोग उत्साहित नजर आ रहे हैं। ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती पूजा को लेकर पूरे प्रखंड क्षेत्र के लोगों मे उत्साह देखने को मिल रहा है। मंगलवार से ही छात्र छात्राएँ व बच्चे लोग सरस्वती की प्रतिमा खरीद कर ले जाते देखे गए। प्रखण्ड क्षेत्र में लगभग 150 विद्यालयों तथा 100 अन्य जगहों पर पूजा की जा रही है। इस वर्ष पूजा के अवसर पर प्रशासन द्वारा विशेष निर्देश दिये गए हैं। डीजे में अश्लील गाना बजाने आदि पर पूर्ण पाबंदी लगाई गयी है। प्रतिमा विसर्जन या जुलूस में पूरी सावधानी बरतने तथा संयम और शांति बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। वही इस बार 14 फरवरी को बसंत पंचमी का त्यौहार है जिसे की सभी सरकारी विद्यालय महाविद्यालयों के अलावे निजी शैक्षणिक संस्थानों चौक चौराहों और घरों में भी विद्या की देवी माता सरस्वती का पूजा अर्चना की तैयारी जोर शोर से की जा रही है। बसंत पंचमी के अवसर पर मनाये जाने वाले इस पर्व को लेकर लोगों में खासकर छात्र छात्राओं और युवक युवतियों में काफी उत्साह व उमंग है। पिछले कई दिनों से पूजा पंडाल को सजाया जा रहा है साथ ही कई जगहों पर भंडारा एवं भव्य पूजा आयोजन करने को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। वही मूर्तिकार बिनोद प्रजापति द्वारा बताया गया की महंगाई के कारण एक मूर्ति 800 से 1500 रुपैया में बिक रहा है। साथ ही कहा कि मांग के अनुसार हो मूर्ति बनाया गया है। जिसे मूर्तियों की बिक्री को लेकर मूर्तिकार बिनोद प्रजापति भी काफी खुश हैं।



# गन्ने की खेत में आग लगने से किसानों को करीब 8 से 10 लाख का हुआ नुकसान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु पंचायत अन्तर्गत बरही ग्राम में शरारती तत्वों द्वारा गन्ने की खेत मे आग लगा दिया गया। जिसे खेत में आग लगने के कारण राजू महतो, सद्दीक अंसारी, प्रदीप महतो, रिझु महतो, रेयासत अंसारी का लगभग 6 एकड़ खेत मे लगे गन्ना का फसल जल कर नष्ट हो गया। गन्ना जलने से सभी किसानों को करीब 8 से 10 लाख का नुकसान होना बताया जा रहा है। वही इस संदर्भ में किसानों द्वारा कहीं आवेदन अभी तक नही दिया गया है। वही इस संदर्भ में प्रदीप महतो और रेयासत अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गन्ने की खेत मे आग कैसे लगा किसने लगाया इसकी पूरी जानकारी नही है परन्तु यह काम किसी शरारती तत्वों का है। जब खेत से आग की लपटें उठने लगा और धुंआ दिखाई दिया तब पता चला कि हम लोगों का खेत में आग लग गया है। जिसे खेत पँहुच कर आनन फानन में आग को बुझाया गया। साथ ही कहा कि समय से पँहुच कर आग पर काबू नही पाने से अगल बगल में लगे अन्य और किसानों का खेत मे लगा हुआ गन्ना जल कर नष्ट हो गया है। जिसे किसानों का काफी नुकसान हुआ। पिछले वर्ष भी राही ग्राम में अन्य किसानों का गन्ने की खेत मे आग लग गया था जिसे किसानों को काफी नुकसान हुआ था। साथ ही किसानों का कहना है की खेत मे लगा गन्ना का फसल जलने से नष्ट हो जाता है। परन्तु धान या गेंहू जैसा गन्ने का बीमा नही होने के कारण काफी नुकसान होता है। सरकार की ओर से गन्ना का फसल बीमा होने से कुछ सरकारी लाभ मिलने पर सहयोग होता और नुकसान की भरपाई होने पर किसानों को राहत मिलता।

# भंडरा प्रखंड प्रमुख बरिया देवी के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव हुआ पारित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** लोहरदगा जिले के भंडरा प्रखंड प्रमुख बरिया देवी के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमें एसडीओ सह पीठासीन पदाधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में मार्गदर्शिका के अनुरुप अविश्वास प्रस्ताव पारित किया गया। सर्वप्रथम एसडीओ सह पीठासीन पदाधिकारी अमित कुमार द्वारा प्रमुख बरिया देवी के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव को लेकर सभी पंचायत समिति सदस्यों से मंत्रणा की गई। इसके पश्चात वोटिंग प्रक्रिया के तहत भंडरा प्रखंड के 11 पंचायत समिति सदस्य में से 9 पंसस का मत अविश्वास प्रस्ताव पर रहा। जबकि प्रखंड प्रमुख बरिया देवी व मसमानो पंचायत के पंसस बिपता उरांव अविश्वास प्रस्ताव प्रक्रिया से दूर रहे। मौके पर एसडीओ सह पीठासीन पदाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि पूर्व में भंडरा प्रखंड के 9 पंचायत समिति सदस्यों द्वारा प्रखंड प्रमुख बरिया देवी के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव कोलेकर आवेदन दिया गया था। इसके बाद निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वोटिंग प्रक्रिया के तहत अविश्वास प्रस्ताव पारित किया गया है। जल्द ही निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार भंडरा प्रखंड प्रमुख पद के चुनाव को लेकर तिथि निर्धारित किया जाएगा। मौके पर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि बिट्ठु उरांव व भंडरा प्रखंड के नौ पंचायत समिति सदस्य मौजुफ थे।

# 12 वर्षीय किशोर की विद्युत करंट की चपेट में आने से हुआ घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 13 फरवरी मंगलवार को कैरो निवासी कमरुद्दीन अंसारी का नाती 12 वर्षीय अनस अंसारी पिता मरहुम को विद्युत करंट की चपेट मे आने से जख्मी होकर घायल हो गया। अनस अंसारी मंगलवार लगभग 12 बजे अपने घर के बकरी के बकरी के लिये पेंड़ की डाली से पत्ते तोड़ने गया था, इसी बीच डाली 11000 विद्युत करंट की तार मे सट गया जिससे अनस को करंट लग गई और अनस गिर गया, इसी मे अनस को पेट एवं पैर मे चोट लगने के कारण जख्मी होकर घायल हो गया। अनस का प्राथमिक उपचार कैरो उतका स्थित सीबीएन हास्पीटल मे कीया गया। तत्पश्चात अनस के मामा रोजामत अंसारी ने अनस के बेहतर ईलाज के लिये एम्बुलेन्स बुलवाकर कुडु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गया, जहाँ स्थिति बिगड़ता देख उसके परिजनो ने अच्छे स्वास्थय सुधार के लिये राँची ले गये हैं।

# सरस्वती पूजा मनाने को लेकर शांति समिति बैठक का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में सरस्वती पूजा मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुआ। जिसमें बैठक में आए हुए शांति समिति के सदस्यों के द्वारा अपने अपने क्षेत्र में सरस्वती पूजा मनाने के बारे में जानकारी दी गई। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने सभी से अपील करते हुए कहा कि शांति व सौहार्द के साथ सरस्वती पूजा मनाने का प्रयास करेंगे और बाजा का आवाज को धीमी रखने का कोसीस करेंगे जिसे किसी को आपत्ति न हो साथ ही कहा की सरस्वती पूजा विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं का पर्व है। जिसे सभी लोग बच्चे बच्चियों के प्रति ध्यान देने की आवश्यकता है। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि पूजा के उपरान्त विसर्जन के समय भड़काऊ और अश्लील गाना का प्रयोग नही करेंगे या किसी भी माध्यम से आपत्तिजनक पोस्ट नही करेंगे अगर ऐसा करते हुए पकड़े जाने पर कोई भी व्यक्ति हो किसी भी जाति समुदाय का हो उसे नियम संगत कानूनी करवाई किया जायेगा। मौके पर अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी, एस आई गणेश कुमार यादव, शशिकांत कुमार के अलावे अरु मुखिया राजश्री उराँव, नंदकिशोर शुक्ला, इतलन्ति भगत, मुनेश्वर साहु, आदित्य साहु, नौमी मिंज, आदर्श साहु, सुनील मेहता, धर्मवीर उराँव, ओमप्रकाश यादव, राजेश उराँव, मुकेश उराँव सहित शांति समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# लाभुकों के बीच बत्तख चुजा का वितरण किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** कल्याण विभाग के द्वारा लाभुकों के बीच बतख चूजा का वितरण किया गया। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत व पशुपालन पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार सिंह की मौजूदगी में प्रखंड मुख्यालय स्थित पशुपालन अस्पताल के समीप चंचला कुमारी, मंगलू उराँव, कृष्णा उराँव,नेहा कुमारी, सुखु भगत, संजीव भगत, नितेश उराँव, सुनैना देवी, जितेंद्र उराँव, सहदेव उराँव, सुमन कुमारी, अंजू उराँव, धरमु उराँव सहित 37 लाभुकों के बीच बतख चूजा का वितरण किया गया। वही लाभुकों को बताते हुए प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने कहा सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीण उठायें और आत्मनिर्भर बने साथ ही कहा कि सरकार ग्रामीणों का उत्थान करने के उद्देश्य से जनता को आत्मनिर्भर बनाने के लिये विभिन तरह की जन कल्याणकारी योजनाएँ चला रही है। जिसके तहत गाय, बकरी, मुर्गी, बतख, सुकर पालन कर जीविकोपार्जन कर आत्मनिर्भर हो सकते हैं। वही प्रयेक लाभुकों के बीच 15-15 बतख चूजा का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार सिंह के अलावे जगमनी उराँव, विकास उराँव, सोनामती उराँव, कलावती उराँव, गौरी देवी, संतोषी कुमारी, सुमन्ती देवी सहित अन्य सभी लाभुक उपस्थित थे।

# प्रखंड प्रमुख ने नल जल योजना के कार्यों का किया निरीक्षण, अनियमित देख लगाई फटकार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के कुडू प्रखंड के ककरगढ़ पंचायत मे नल जल योजना भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ते दिखाई दे रहा है जिसमें नल जल योजना में कार्य किये जा रहे है। संवेदक के द्वारा खुलेआम धांधली और मनमानी किया जा रहा है। बताया जाता है इसकी सूचना ग्रामीणों ने प्रखंड प्रमुख मुन्नी देवी को दिया था। इसी को लेकर सोमवार 12 फरवरी को प्रखंड प्रमुख मुन्नी देवी ने ककरगढ़ पंचायत में नल जल योजना का औचक निरीक्षण किया तथा स्थानीय लोगो से जांच किया जिसमें पाया कि इन योजनाओं में खुलेआम मनमानी और धांधली किया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रमुख को बताया कि नल जल योजना में जो बोरिंग किया गया है। वो टैक्टर से कराया गया है। और लगभग महज 130 फीट खुदाई करके पूर्ति करने का कार्य संवेदक द्वारा किया गया है। वहीं जो पाइप लाइन ज़मीन में बिछाया गया ह।उसमें भी केवल खानापूर्ति ही नजर आ रहा है। लगभग 1 फीट गढ्ढा करके पाइप को बिछा दिया गया है। जिससे कि पाइप की क्षतिग्रस्त होने की संभावनाएं बनी हुई है।वहीं योजना में हो रही अनियमितता को देख कर कुडू प्रखंड प्रमुख मुन्नी देवी बौखला गई। मौके पर से ही दूरभाष के माध्यम से कार्य करा रहे संवेदक को फटकार लगाई और कार्यों को सही तरीके से करने की बात कही साथ ही पेयजल विभाग के एस्क्यूटिव,ओर पेयजल विभाग के जेई से जानकारी देते हुए दोषी संवेदक पर करवाई करने की बात कही। मामले पर पेयजल स्क्यूटिव ने उचित करवाई तथा कार्यों में सुधार करने की आश्वाशन दिए। वहीं इस मामले पर कुडू प्रमुख मुन्नी देवी ने कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना पर लीपा पोती बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा सरकार का लक्ष्य है नल जल योजना के माध्यम से हर घर तक पानी पहुंचे जिससे लोगो का पानी का समस्या खत्म हो। वही कुडू प्रमुख मुन्नी देवी ने कहा की नल जल योजना में निरीक्षण के दौरान योजना में भारी अनियमितता बरते जाने का मामला सामने आया है जो कतई बर्दास्त करने योग्य नहीं नल जल योजना में खुलेआम धांधली व भ्रष्टाचार देखा जा रहा है । नल जल योजना में कार्य कर रहे संवेदक खुलेआम धांधली और भ्रष्टाचार करने का काम कर रहा है। अगर समय रहते इस कार्य में सुधार नहीं हुआ तो इसकी उच्च स्तरीय जांच कराया जायेगा।

# कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे विधायक कोलेबिरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत जलडेगा प्रखण्ड के कुटुंगिया पंचायत के डोंगापानी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी उपस्थित हुए। वहां दो पंचायत कुटुंगिया,ओड़गा, के बूथ लेवल एवं दोनों पंचायत के सभी कार्यकर्ता समर्थक उपस्थित थे। विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी एवं जिला पदाधिकारियों को नाच गान फूल माला देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता सुनील सुरीन ने किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि आप सभी पार्टी के रीढ़ है,अब समय आ गया है कि पार्टी के नीति सिद्धांत और आदरणीय श्री राहुल गांधी जी विचार,सोच को हर घर तक पहुंचाते हुए पार्टी को मजबूती प्रदान करना।अभी चुनाव आ रहा है, इस समय हमारे समर्थकों को भाजपा और उसके एजेंट लोगों को दिग्भ्रमित करेंगे। इससे उन्हें अवगत कराते हुए वैसे दलालों से बचने और बचाने का।आज क्षेत्र में वैसे भाजपा का एजेंट घूम घूम कर लोगों को बरगलाने का कार्य कर रहे हैं। साथियों आपको बताना चाहुंगा कि आज झारखण्ड पार्टी के लोग क्षेत्र में भ्रम फैलाने का कार्य शुरू कर दिए हैं। कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के जनता इस झारखण्ड पार्टी के वर्तमान में अगुआ को 2005से लेकर 2018तक के कार्यकाल को देखा है, किस प्रकार से यहां के आदिवासी क्रिस्तान को अपने शासनकाल में प्रताड़ित करने वाला कानून लागू करवाया। क्रूसकाट, चर्च आदि धंसाने का कानून इनके शासन काल में लागू किया गया था। सभी अल्पसंख्यक विद्यालयों में शिक्षक नियुक्ति पर रोक इनके जमाने में, किसानों के जीवकोपार्जन का साधन खेती,जिसे किसान अपने हल बैल के माध्यम से जोत कोड़ कर किसानी कार्य करते हैं, उसमें गो हत्या निषेध कानून लागू करवा कर,क्रिस्तानों को प्रताड़ित करने के उद्देश्य से धर्मातरण कानून लागू करवाने का श्रेय भी इन्हीं महोदय को जाता है। मैं बताना चाहूंगा अघोषित डीलिस्टिंग भी इनके जमाने में आ चूका था किन्तु लोग समझ नहीं पाए थे।वो ऐसे कि जाति प्रमाण पत्र में धर्म का कॉलम जोड़ा गया था वो इसलिए कि जैसे ही ईसाई कॉलम में आएगा वैसे ही उक्त व्यक्ति को नौकरी से छांटते हुए सरकारी सुविधा से बंचित कर दिया जाए। ऐसे अघोषित डीलिस्टिंग लाया गया इनके शासन काल में। साथियो एक बात कहना चाहूंगा कि झारखण्ड पार्टी के अगुआ एनोस एक्का आप लोगों के बीच मेरे विरोध में भ्रम फैला रहे हैं कि वर्तमान कांग्रेस के विधायक भाजपा से बिक गए थे। जबकि ये उनका आरोप निराधार और बेबुनियाद है। चूंकि मुझे झूठा केस में फंसाने का कार्य किया गया,जिसे सम्मानित हाई कोर्ट ने सिरे से खारिज कर दिया , यहां तक कि एफ आई आर को भी गलत करार दिया। किन्तु जो एनोस एक्का मुझ पर ऊंगली उठाने का कार्य कर रहे हैं वो स्वयं भाजपा से मिलकर 2005 में सरकार बनाने का कार्य किया। जबकि कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के जनता ने सेक्युलर पार्टी समझकर वोट दिया उसी कोलेबिरा विधानसभा के जनता को भाजपा के हाथों बेचने का काम किया। जैसे ही एनोस एक्का के जीत का घोसना हुआ ये व्यक्ति सिमडेगा में कार्यकर्ताओं को छोड़कर कोलेबिरा पहुंच जाता है और भाजपा द्वारा भेजे गए हेलीकॉप्टर से रांची प्रस्थान कर जाते हैं और भाजपा का सरकार बनाने में सहयोग कर स्वयं पांच पांच विभाग का मंत्री बन जाते हैं। इनके शासन काल में कोलेबिरा ही नहीं वरन् सम्पूर्ण जिला भय में रहकर जीवन व्यतीत करते हैं।साथ ही साथ कोलेबिरा के एक पारा शिक्षक की हत्या हो जाती है,जिसका श्रेय इनको जाता है,जैसा कि कोर्ट द्वारा जाहिर किया गया और उक्त केश में सजा भी मिली जिसमें आज भी सजा काट रहे हैं,उसी समय में गलत ढंग से अकूत संपत्ति भी अर्जित किए। जिसके लिए भी सजा सुनाई गई।

## ध्यान दिया जाय तो एजुकेशन हब बन सकता है सिमडेगा : शिल्पी नेहा तिर्की

# संत जेवियर कॉलेज में पिछले तीन दिनों से चल रहे कॉलेज उत्सव का हुआ समापन, मांडर विधायक की रही विशेष उपस्थिति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** संत जेवियर कॉलेज में पिछले तीन दिनों से चल रहे कॉलेज उत्सव मुदित का हुआ समापन। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मांदर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रधान महालेखाकार बेंजामिन लकड़ा उपस्थित थे। उन्होंने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। वहीं विभिन्न प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि एक ही स्थान पर एक के बाद एक स्कूल कॉलेजों का होना इस का संकेत है कि अगर ध्यान दिया जाय तो सिमडेगा जिला एजुकेशन हब के रूप में उभर सकता है। उन्होंने कहा कि सौ वर्षो की गुलामी के बाद जब देश आजाद हुआ तब देश का टूटा फूटा बिखरा हुआ था। ऐसी स्थिति में देश को संभालना काफी चुनौती था। तब हमारे प्रधानमंत्री नेहरू जी ने उस चुनौती को स्वीकारा और दस साल तक प्रधानमंत्री के रूप में शासन करते हुए देश को विकास के पथ पर आगे ले जाने का काम किया। विधायक ने कहा कि आज देश मे सबसे अधिक जनसंख्या युवाओं का है। पर आज युवाओं की बढ़ती आबादी के अनुरूप रोजगार देने के लिए कोई तैयारी नहीं है। न हम तैयार हुए हैं न ही सरकार ही तैयारी कर पाई। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी सीमित है और उसी में सब अपना हिस्सा चाहते हैं। अब युवाओं को निजी क्षेत्र में नौकरी लगाने के लिए दौड़ लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जीवन मे कुछ नया कीजिये। आपको अलग दिशाएं लेने की जरूरत है। आना वाला समय डिजिटल और टेक्नोलॉजी का है। बदलते दौर में टेक्नोलॉजी और डिजिटल अहम भूमिका निभा रही है। आज डिजिटल, टेक्नोलॉजी का बहुत बड़ा मार्केट है। विधायक ने कहा कि समय बहुत है सोंचने की भूल न करें। समय बहुत कम है। आपका 15 साल चुटकियों में गुजर चुका है। इसलिए आने वाला समय का सही उपयोग करें। समय को अपने कंट्रोले में रखें। 24 घंटे को कैसे खर्च करना आपको निर्णय लेना है। सोशल मीडिया से दूरी बनाएं। मौके पर रेक्टर फा पीयूष खलखो, सन्नी लकड़ा, प्राचार्य फा एफरेम बा, फा राजेश सांडिल, फा एमानुएल बरला, फा ब्रूनो टोप्पो सहित सभी शिक्षक और भारी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

# डीएवी स्कूल में स्वामी दयानंद सरस्वती जी के जयंती पर विशेष कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय,लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती के अवसर पर धर्म शिक्षक जे मेहेर,सीसीए प्रभारी शिक्षक शितेश कुमार पाठक व आरती कुमारी के द्वारा विद्यालय परिसर में हवन के साथ-साथ विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक महान योगी, मुनि, महर्षि, क्रान्तिकारी, समाज सुधारक, दार्शनिक और राष्ट्रवादी जन नेता स्वामी दयानंद सरस्वती जी से समस्त भारतवर्ष परिचित है। महर्षि दयानंद सरस्वती ने समाज को एक नई दिशा,विचार तथा वैदिक ज्ञान के महत्व को समझाया। इन्होंने कर्म और कर्मों के फल को ही जीवन का मूल सिद्धांत बताया। इन्होंने भारतवासियों को स्वराज्य का संदेश दिया। विद्यार्थियों को महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती के परम पुनीत, आदर्शवादी व सार्थक जीवन से परिचित करवाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि जी की तस्वीर पर माननीय प्राचार्य महोदय द्वारा माल्यार्पण व पुष्पार्जन कर किया गया। शिक्षिका ज्योति पांडे द्वारा मंच संचालन किया गया। संगीत शिक्षक श्रवण कुमार पाठक व छात्राओं ने मनोरम भजन प्रस्तुत किया। कक्षा सातवीं की छात्रा रानी साहू व शिक्षक जे मेहेर के द्वारा महर्षि जी के जीवन पर आधारित प्रभावी भाषण प्रस्तुत किया गया। आरती कुमारी वह शितेश कुमार पाठक के द्वारा महर्षि जी के वैचारिक भाव व जीवनचरित जिसमें उनके जन्म से लेकर मृत्यु तक की जीवन यात्रा को नाटक रूप में दिखाया गया। नाटक में सिद्धार्थ, वैभव, गौरव, शैली, दक्ष, सत्यम, आदित्य, अदिती केसरी, अदिती चंद्रा, अनुपम, उत्कर्ष, अर्श, प्रिंस व सौरव ने अभिनय किया। सोनम कुमारी ने मनोरम नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर माननीय प्राचार्य महोदय ने कार्यक्रम में भागीदारी करने वाले सभी विद्यार्थियों के अभिनय,नृत्य व गीत की प्रशंसा करते हुए सभी विद्यार्थियों को महर्षि स्वामी दयानंद जी के जीवन आदर्शो को प्रकाश पुंज मानकर उस पर चलने हेतु प्रेरित किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में कैलाश प्रसाद, परमित कुमार,रुचिर मृगेंद्र,पूनम सिंह व सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का सहयोग रहा। इसके अतिरिक्त विद्यालय परिसर में भारतीय रेलवे मंत्रालय द्वारा विद्यालय स्तर पर विकसित भारत, विकसित रेलवे शीर्षक पर आधारित चित्रांकन व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी शिक्षक शितेश कुमार पाठक द्वारा करवाया गया। जिसमें लगभग 35 से 40 बच्चों ने भाग लिया।

## चलते चलते एक नजर

### लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार व झारखंड की पुलिस करेगी सीमा की नाकेबंदी

**नवादा :** आने वाले लोकसभा चुनाव को शांति पूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह एक्टिव मोड में आ गई है। मंगलवार को कौआकोल प्रखण्ड कार्यालय भवन के बीडीओ कक्ष में लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार व झारखंड के सामान्य एवं पुलिस पदाधिकारियों की बैठक की गई। बैठक में चुनाव को शांतिपूर्ण व सुचारु तरीके से आयोजित करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। सदर एसडीओ अखिलेश कुमार एवं पकरीबरावां के एसडीपीओ महेश चौधरी की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बिहार के नवादा जिला के कौआकोल थाना,सीमावर्ती जमुई जिला के खैरा प्रखण्ड एवं गरही थाना एवं झारखंड के तीसरी ब्लॉक के बीडीओ एवं पुलिस अधिकारी शामिल हुए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर सीमावर्ती इलाकों में चौकसी बढ़ाई जाएगी एवं सीमा पर कई चोक पोस्ट भी बनाए जाएंगे, जिसके लिए महत्वपूर्ण जगहों का चयन किया जाएगा। हथियार व शराब की तस्करी पर रोक लगाने के लिए खुफिया जानकारी भी आपस में साझा करने की बात कही गई। अधिकारियों ने कहा कि अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए वांछित अपराधियों व वारंटियों के खिलाफ बिहार व झारखंड की पुलिस संयुक्त रूप से अभियान चलाएगी।

### किसानों की आवाज दबा रही है सरकार : अखिलेश यादव



**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने किसानों के आन्दोलन करने को सही ठहराते हुए केन्द्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए एक सवाल के जवाब में कहा कि दिल्ली सरकार किसानों की आवाज दबा रही है। दिल्ली सरकार ने किसानों की मांग नहीं मान रही है। अखिलेश ने केन्द्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि बड़े लोगों से दिल्ली की सरकार मिली हुई है। सरकार किसानों को एमएसपी देना नहीं चाहती है। जबकि सरकार उनकी आय दुगुनी करने की बात कहती है। किसानों के आंदोलन को खत्म करने के लिए कीलों से लेकर न जाने कितनी दीवारें खड़ी की गई। दिल्ली की सरकार जानबूझकर किसानों की आवाज दबाना चाहती है। एक सवाल का जवाब देते हुए सपा अध्यक्ष ने कहा कि भारत में हर जगह भगवान के मंदिर हैं। यूरोप, अमेरिका चले जाएं भगवान कृष्ण के न जाने कितने मंदिर आपको मिलेंगे। भारत धर्मो का देश है, लेकिन विवेकानंद जी ने कहा कि हमारे देश में धर्म की कमी नहीं है लेकिन रोटी और रोजगार कब मिलेगी। सपा अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश की सरकार पर भर्ती के सवाल पर तंज कसते हुए कहा कि यूपी में बार-बार पेपर लीक हो रहे हैं। पेपर लीक होने के बाद भी जांच नहीं हो रही है। हर बार पेपर लीक होने पर एक ही संस्था से पेपर कराना और एक संस्था से जांच कराया जाना। आखिर जांच में क्या कार्रवाई हो रही है, यह सवाल खड़े करती है।

# प्रधानमंत्री मोदी 20 फरवरी को चिनाब पर सबसे ऊंचे रेलवे पुल का करेंगे उद्घाटन

एजेंसी

**जम्मू :** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 फरवरी को जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में एक रैली को संबोधित करेंगे। उनके कार्यक्रम को अंतिम रूप दे दिया गया है। प्रधानमंत्री इस दौरान विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ भी करेंगे। वह पेरिस के एफिल टॉवर से भी 35 मीटर ऊंचे चिनाब नदी पर बने रेलवे पुल का भी उद्घाटन करेंगे। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र उधमपुर में शहीद कैप्टन तुषार महाजन रेलवे स्टेशन पर कटरा-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव देखने के लिए आये थे। क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए उधमपुर और कठुआ रेलवे स्टेशनों पर मध्यम दूरी की सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन का संक्षिप्त ठहराव शुरू किया गया है। उन्होंने उधमपुर में संवाददाताओं से कहा कि अपनी यात्रा के दौरान प्रधान मंत्री सांबा के विजयपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), रियासी जिले में चिनाब नदी पर सबसे ऊंचे रेलवे पुल, उधमपुर में देविका परियोजना, आईआईएम जम्मू और शाहपुर-कांडी बांध परियोजना का उद्घाटन करेंगे। नदी तल से 359 मीटर ऊपर स्थित 1.3 किमी लंबा चिनाब रेल पुल कटरा से बनिहाल तक 111 किमी. की दूरी में एक महत्वपूर्ण लिंक



बनाता है। यह उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक परियोजना का हिस्सा है। यह पुल पेरिस के एफिल टॉवर से भी 35 मीटर ऊंचा है।उन्होंने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री 33 किलोमीटर से अधिक लंबे बनिहाल-सांबर खंड का भी उद्घाटन कर सकते हैं, जो ट्रेन संचालन के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि ट्रेन के माध्यम से कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने के ड्रीम प्रोजेक्ट को लंबित कार्यों को पूरा करने के लिए मई में पुनर्निर्धारित किया गया है।मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि उधमपुर हमेशा प्रधान मंत्री की प्राथमिकता सूची में रहा है, क्योंकि उन्होंने माता वैष्णो देवी मंदिर में दर्शन के बाद अपना 2014 का चुनाव अभियान शुरू किया था।उन्होंने उधमपुर और कठुआ में वंदे भारत ट्रेन के ठहराव की लोगों की मांग स्वीकार करने के लिए रेल मंत्री को धन्यवाद भी दिया। मंत्री ने कहा कि रेलवे स्टेशन के विकास के लिए इसे अमृत रेल स्टेशन की श्रेणी में शामिल किया गया है। इसी तरह कठुआ जिला हिमाचल प्रदेश और पंजाब की सीमा पर है और नई पहल से युवाओं, विशेषकर छात्रों को सुविधा मिलने के अलावा उद्योग और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

### धर्म के रास्ते में न आए सरकार: शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती

**हुगली :** काशी सुमेरु पीठ जगत गुरु शंकराचार्य अनंत श्री विभूषित श्री स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज ने मंगलवार को कहा कि कुंभ स्नान के लिए किसी अनुमति की आवश्यकता नहीं होती है। प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह बजट बनाकर मेले में आने वाले लोगों के लिए व्यवस्था करे। बिना नाम लिए शंकराचार्य ने राज्य सरकार को संदेश दिया कि उसे धर्म के रास्ते में नहीं आना चाहिए। वे धार्मिक कार्य में सबका सहयोग करे। संवाददाताओं ने जब काशी शंकराचार्य से पूछा कि वे लोकसभा चुनाव के लिए किसे आशीर्वाद देंगे, तब उन्होंने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार अच्छा काम कर रही है। केंद्र सरकार गरीबों के साथ है। लोगों के पास विवेक और विचार होना चाहिए, इस सरकार को जनता के हित के लिए लोग दोबारा चुनें।

## कलाकारों को कार्यशाला में झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट की दी जानकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य के 14 लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष कराने के लिए झारखंड वोटर अवेयरनेस कांटेस्ट के तहत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय सभागार में विभिन्न कोटि के कलाकारों के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य रांची के विभिन्न कोटि के कलाकारों जैसे चित्रकार, संगीतकार, गीतकार, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर, फिल्म निर्देशक, अभिनेता-अभिनेत्री आदि को झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट के बारे में विस्तृत जानकारी देना तथा प्रतियोगिता के नियमों से उनको अवगत कराना। कार्यशाला में पहुंचे कलाकारों को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने उनसे कहा कि यह एक अच्छा मौका है जब वे लोकतंत्र के महापर्व के प्रचार-प्रसार में भागीदार बनकर न केवल अपनी कला का सर्वश्रेष्ठ उपयोग कर सकते हैं, बल्कि उनके सामने पुरस्कार जीतने का भी अवसर है। बताया गया कि नेशनल वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट की तर्ज पर झारखंड में भी यह वोटर अवेयरनेस कॉन्टैक्ट आयोजित किया जा रहा है, जिसकी प्रविष्टियां भेजने के लिए झारखंड के सभी आयु वर्ग के लोगों से अपील की जा रही है। बताया गया कि शॉर्ट फिल्म्स, म्यूजिक वीडियो, रील मेकिंग तथा पोस्टर मेकिंग जैसी चार कोटि की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए विस्तृत जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट से भी प्राप्त की जा सकती है। इस प्रतियोगिता के लिए 10 लाख रुपये तक के अंतर्गत कुल राशि के पुरस्कारों का भी प्रावधान रखा गया है। इस प्रतियोगिता की आखिरी तिथि 31 मार्च रखी गई है। सभी कोटियों में प्रविष्टियां प्राप्त होने के उपरांत मुख्यालय स्तर पर गठित निर्णायक मंडली द्वारा उनमें से बेहतर रचनाओं को चयनित किया करते हुए पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कारों का निर्णय करते समय संबंधित प्रतिभागी के सोशल मीडिया इंगेजमेंट को भी आधार बनाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न कलाकारों के अलावा अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, अवर सचिव देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार, विशाल कुमार, विवेक कुमार, सौरभ झा आदि मौजूद थे।

### चैनपुर में खुला संत मरियम किड्स स्कूल

## बच्चों की सुविधा के मद्देनज़र खोला गया संत मरियम किड्स स्कूल : अविनाश देव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** प्रारंभिक जांच परीक्षा में बच्चों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए संत मरियम विद्यालय प्रबंधन ने निर्णय लिया कि शहर में ट्रैफिक असुविधा व जाम से निजात बच्चों के दूरी से उत्पन्न थकान व सुरक्षा की सुविधा को देखते हुए बहुतायत संख्या के रास्ते चैनपुर में संत मरियम किड्स स्कूल के शाखा दिया गया है।



यह शाखा के जवाबदेही प्रबंध निदेशक के रूप में आनंद कुमार को दी गई। जो संत मरियम विद्यालय के प्रधान कार्यालय मेदिनीनगर के नियम शर्तो को पूर्णतः अनुपालन करते हुए विद्यालय को संचालित रखेंगे। संत मरियम विद्यालय के शाखा चैनपुर में हो जाने से इस प्रखंड के सुदूर ग्रामीण इलाके से आने वाले बच्चों को हर तरह से सुविधा मिलेगी। तमाम बुद्धिजीवी,किसान मजदूर दुकानदार भाइयों को सादर सूचित करते अपार खुशी हो रही है की नर्सरी से पांचवें वर्ग तक के बच्चों के नामांकन के लिए बसंत पंचमी के शुभ अवसर सरस्वती पूजा के दिन से नामांकन फार्म उपलब्ध है। आएं और अपने बच्चों को नामांकन के लिए फॉर्म खरीदें। विशेष जानकारी कार्यालय से प्राप्त करें।सीमित सीट को ध्यान में रखते हुए यथाशीघ्र अपने बच्चों को नामांकन कराएं।

# झूठ की बुनियाद लंबी नहीं होती, जल्द होगा साजिश का पर्दाफाश : मिथिलेश ठाकुर

*** 200 करोड़ की लागत से बनेगी गढ़वा की तीन महत्वपूर्ण सड़कें, राज्य कैबिनेट ने दी स्वीकृति**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा जिले की तीन अति महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण किया जाएगा। राज्य कैबिनेट ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इन तीनों सड़कों के निर्माण पर क़रीब 200 करोड़ रुपए की लागत आयेगी। पथ निर्माण विभाग झारखंड (पीडब्लूडी) द्वारा इनका निर्माण किया जाएगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि पथ प्रमंडल गढ़वा अन्तर्गत डेंटल मोड़ एनएच 75 से हूर चारमुहान होते हुए नावादोहरी एनएच 343 तक 15 किमी सड़क का निर्माण किया जाएगा। करीब 98 करोड़ की लागत से बनने वाली इस सड़क निर्माण में भूमि अधिग्रहण भी शामिल है। इसके निर्माण से फरठिया, महुपी, मधेया, हूर, नावादोहरी आदि गांव सीधे पीडब्ल्यूडी सड़क से दोनों एनएच से जुड़ जायेंगे। यह सड़क सात मीटर चौड़ी अर्थात् डबल लेन की होगी। इस पथ के निर्माण होने से एक अतिरिक्त बाईपास की सुविधा भी मिल सकेगी। इससे जुड़े गावों का सामाजिक-आर्थिक विकास भी हो सकेगा। दूसरी सड़क भी अति महत्वपूर्ण है। यह एक ओर एनएच 75 तो दूसरी ओर राज्य राजपथ को जोड़ती है। यह सड़क एनएच 75 से बिकताम, दलेली होते हुए मंझिआव पीडब्ल्यूडी पथ को जोड़ेगी। लगभग नौ किमी की इस सड़क के निर्माण पर भूमि अधिग्रहण सहित क़रीब 40 करोड़ की लागत आएगी। यह सड़क भी डबल लेन सात मीटर की होगी तथा एक बाईपास का कार्य भी करेगी। तीसरी सड़क की मांग भी कई



वर्षो से नगर उंटारी एवं गरबांध की जनता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जाता रहा है। यह सड़क नगर उंटारी एनएच 75 से ग़रबांध होते हुए रोहिनिया पीडब्ल्यूडी तक जाएगी। 15.7 किमी लंबी इस सड़क के निर्माण पर लगभग 62 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह पथ झारखंड एवं यूपी को जोड़ने वाली एक लिंक का कार्य करेगी। आदिवासी एवं नक्सल प्रभावित इस क्षेत्र के लिए यह सड़क एक बड़ा सामाजिक और आर्थिक बदलाव लाएगी।

विधायक श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा जिले में पिछले चार वर्षों में जो अभूतपूर्व विकास हुआ तथा अगले वर्षों में विकास के विजन के साथ जो ब्लू प्रिंट तैयार हुआ है वह पूर्णरूप से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच और गढ़वा के प्रति उनके असीम स्नेह का ही परिणाम है। गढ़वा की समस्याओं, यहां के लोगों की तकलीफ़ों को उन्होंने न सिर्फ़ देखा था बल्कि महसूस किया था। आज एक साजिश के तहत उन्हें पदच्युत किया गया है, पर जल्द ही सच सामने आएगा और वे पुनः हमारे बीच होंगे। झूठ, फ़रेब की बुनियाद लंबी नहीं होती। उन्होंने कहा कि इस सरकार को अपने कार्यकाल पूरा करने में अभी लगभग दस महीने बाक़ी हैं। आगे भी गढ़वा की विकास गाथा की नई कहानियां लिखी जाएगी। गढ़वा की जनता का प्यार, स्नेह और आशीर्वाद इसी तरह मिलता रहा तो आने वाले समय में गढ़वा को सबसे विकसित एवं बेहतर जिला बनने से कोई नहीं रोक सकता है।

# युवाओं ने रक्तदान कर पुलवामा शहीदों को दी श्रद्धांजली

एजेंसी

**फतेहाबाद :** पुलवामा के वीर शहीदों की याद में भारत की जनवादी नौजवान सभा द्वारा मॉडल टाऊन स्थित चिल्ड्रन पार्क में तीसरे रक्तदान शिविर का आयोजन कर शहीदों को श्रद्धांजली दी गई। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर पहुंचे वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. विरेन्द्र सिवाच ने रक्तदान कर रहे युवाओं को प्रोत्साहित किया। जिला प्रधान संदीप जांगड़ा की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में रक्तदान को लेकर युवाओं में काफी उत्साह नजर आया।नौजवान सभा के जिला सचिव शाहनवाज एडवोकेट ने बताया कि जिला रैडक्रास सोसायटी के सहयोग से आयोजित इस शिविर में 31 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया, हालांकि काफी युवाओं ने रक्तदान को लेकर रजिस्ट्रेशन करवाया था। इस अवसर पर नगरपार्षद मोहन लाल नारंग, समाजसेवी विनोद कक्कड़, राजीव




सेतिया, दुष्यंत शर्मा, रवि बाना डायरेक्टर इंग्लिश टोन ओवरसीज सैंटर, चन्द्रभान वधवा, संजीव गेरा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। शिविर में रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए डॉ. विरेन्द्र सिवाच ने कहा कि रक्तदान से बड़ा दुनिया में कोई दान नहीं है। इसके माध्यम से कई जिंदगी बचाई जा सकती हैं। लोगों को 3 महीने में एक बार रक्तदान जरूर करना चाहिए। साथ ही अपने दोस्तों, संबंधियों को भी रक्तदान के लिए जागरूक करना चाहिए, जिससे किसी जरूरतमंद को समय पर रक्त मिल सके। डॉ. सिवाच ने पुलवामा शहीदों को याद करते हुए कहा कि हमें शहीदों को कभी भूलना नहीं चाहिए। इन वीर शहीदों के बलिदान की बदौलत ही आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलवामा में शहीद हुए वीर जवानों के सर्वोच्च बलिदान को देश हमेशा याद रखेगा। उन्होंने युवाओं से शहीदों के जीवन से प्रेरणा देकर देश के विकास में अपना योगदान देने का आह्वान किया। अंत में अतिथियों द्वारा रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया गया।

## 15 फरवरी को सभी उपायुक्तों के माध्यम से राज्यपाल को स्मार-पत्र सौंपेगा आजसू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच समेत अन्य मांगों को लेकर अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का चरणबद्ध आंदोलन जारी है। आजसू ने मंगलवार को राज्य के लाखों छात्रों के हित एवं अधिकार से जुड़ी मांगों को लेकर प्रदेश भर में मशाल जुलूस निकाला। इस मशाल जुलूस में प्रदेश के हजारों युवाओं ने हिस्सा लेकर सरकार की युवाओं के प्रति असंवेदनशीलता के विरोध में अपनी आवाज को बुलंद किया। रांची जिले में जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से शहीद चौक होते अल्बर्ट एक्का चौक तक मशाल जुलूस निकला। जुलूस में आजसू के सदस्यों के साथ भारी संख्या में छात्र-छात्राएं और अभ्यर्थी शामिल हुए। मशाल जुलूस को लेकर आजसू के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि जेएसएससी पेपर लीक मामला राज्य के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। यह मशाल जुलूस सीजीएल परीक्षा की जांच सीबीआई से कराने, इस परीक्षा में हुए धांधली को लेकर विरोध कर रहे निर्दोष छात्रों पर हुए प्राथमिकी को अविलंब वापस लेने, झारखंड चयन आयोग के अध्यक्ष सहित सभी अधिकारियों को बर्खास्त करने और गलत तरीके से चयनित परीक्षा एजेंसी को काली सूची में डालने एवं झारखंड नकल कानून के तहत कानूनी कार्रवाई करने की मांग को लेकर रांची समेत पूरे राज्य में निकला गया है। राज्यस्तरीय मशाल जुलूस की धनबाद जिले में अगुवाई आजसू के प्रदेश महासचिव विशाल महतो ने की। मौके पर उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देशानुसार छात्र हित में आजसू पेपर लीक मामले को लेकर आंदोलनरत है। कल हुए हस्ताक्षर अभियान के बाद आज मशाल जुलूस का आयोजन किया गया है। इसके बाद 15 फरवरी को पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर सभी जिले के उपायुक्तों के माध्यम से राज्यपाल को स्मार-पत्र सौंपेगा। सरकार की गलत नीतियों से तंग आ चुके युवाओं के साथ 17 फरवरी को आजसू राजभवन के समक्ष प्रदर्शन करेगी। राज्यस्तरीय मशाल जुलूस में रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला, नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक राज, कुंदन चंद्रवंशी समेत कई लोग शामिल हुए।

# केंद्रीय परिवहन मंत्री गडकरी ने उत्तराखंड के कुमाऊं को दी 2200 करोड़ की सौगात

एजेंसी

**टनकपुर :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राज्यमार्ग मंत्री नितिन गडकरी मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड के चंपावत जिले के सीमांत क्षेत्र टनकपुर नगर पहुंचे। उन्होंने गांधी मैदान में आयोजित जनसभा में सीमांत क्षेत्र के लिए कई करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं सांसद अजय भट्ट एवं अजय टम्टा भी उपस्थित रहे। स्थानीय जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का स्वागत किया।इस दौरान मुख्यमंत्री धामी और स्थानीय सांसदों ने नितिन गडकरी को उत्तराखंड की संस्कृति से जुड़े प्रतीक चिन्ह भेंट स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान केंद्रीय परिवहन मंत्री गडकरी ने डिजिटल माध्यम से कुमाऊं मंडल में 2200 करोड़ से अधिक की लागत की सात योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उन्होंने जन समूह से देवभूमि उत्तराखंड में मार्गो के विकास हेतु निकट भविष्य में 2 लाख करोड़ से ज्यादा की योजनाओं के विकास के बारे में विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने उत्तराखंड सरकार की भारतमाला सांखला योजना मानसखंड मंदिर परियोजना एवं चार धाम को लेकर तैयार की जा रही भविष्य की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ऐसी ही परियोजनाओं के फलस्वरूप ही उत्तराखंड वासी जल्द ही 2 घंटे में देहरादून से दिल्ली का सफर पूरा कर सकेंगे। सीमांत क्षेत्र में किए जाने वाले सामरिक एवं अति आवश्यक मार्गो के चौड़ीकरण एवं विस्तार के लिए किया जा रहे कार्य के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने के बाद से देवभूमि उत्तराखंड में अब तक कुल 3608 किलोमीटर नए मार्गो का निर्माण किया



जा चुका है। चंपावत के सीमांत टनकपुर क्षेत्र से नेपाल के कंचनपुर तक कुल 314 करोड़ की लागत से 4 किलोमीटर के फोरलेन हाइवे का निर्माण सितंबर 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके उपरांत ड्राई पोर्ट का निर्माण होने से नेपाल के साथ होने वाले व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, जिसके कारण स्थानीय जनता को भी रोजगार प्राप्त होगा। यही हमारा मुख्य उद्देश्य भी है। इस मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, क्षेत्रीय सांसद अजय टम्टा और अजय भट्ट ने उत्तराखंड के विकास के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के अतुलनीय सहयोग को उनका आभार प्रकट किया।

**गडकरी ने सड़क निर्माण के लिए 1742.11 करोड़ रुपये की मंजूरी दी: नई दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मिजोरम के आइजोल और कोलासिब जिलों में सिलचर-वालरेंगटे-सैरांग रोड के किनारे स्थित एनएच-6 पर 4-लेन एन कावनपुई (एन.मुआल्वम)-सैरांग खंड के निर्माण के लिए 1742.11 करोड़ रुपये मंजूर किए। गडकरी ने मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि 24.41 किलोमीटर की इस परियोजना को राष्ट्रीय राजमार्ग (मूल) - उत्तर पूर्व (एनएच (ओ) - एनई) के हिस्से के रूप में इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) मोड के तहत क्रियान्वित किया जाएगा। गडकरी ने कहा कि परिकल्पित सड़क बुनियादी ढांचे का उद्देश्य विकसित क्षेत्रों में स्थानीय यातायात के हस्तक्षेप को दरकिनार करते हुए निर्बाध यातायात प्रवाह की सुविधा प्रदान करना है। इस पहल का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में भीड़भाड़ को कम करना है, जिससे इन निर्मित क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा में वृद्धि होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रणनीतिक परियोजना आइजोल शहर के भीतर भारी आबादी वाले क्षेत्रों को किनारे करने, भीड़भाड़ कम करने और सड़क सुरक्षा बढ़ाने का भी प्रयास करती है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य वैरेंगटे से सैरांग तक मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्ग की लंबाई को 25 किलोमीटर तक कम करना है।